

" दो चीजों को कभी व्यर्थ नहीं जाने देना, अन्न के कण और आनन्द के क्षण "

दैनिक **अर्थ प्रकाश**
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी

टेंशन, डिप्रेशन व बेचैनी इंसान को तभी होती है जब वो खुद के लिए कम और दूसरों के लिए सोचता है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 15 जून, 2025 | अषाढ़ कृष्ण पक्षः चतुर्थी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 164 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### इजराइली हमले में अब तक 138 ईरानियों की गई जान

**तेहरान/तेल अवीव (अप्रस)।** ईरान ने शुक्रवार देर रात इजराइल की राजधानी तेल अवीव में मिलिट्री हेडक्वार्टर को निशाना बनाया। इजराइल और ईरान के बीच टकराव दूसरे दिन भी जारी है। पिछले दो दिनों में ईरान में 138 लोग मारे गए हैं। इजराइल ने शुक्रवार रात 10.30 बजे दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए। इससे पहले ईरान में शुक्रवार सुबह 5.30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल थे।




# अहमदाबाद विमान हादसे की होगी उच्च स्तरीय जांच, एअर इंडिया पीड़ितों को देगा 25-25 लाख की तत्काल मदद

जांच समीति तीन महीने में देगी हादसे की रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान की गुरुवार को हुई दुर्घटना की समग्रता से जांच के लिए केन्द्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जो इस दुर्घटना को लेकर हर तरह के सवाल का जवाब तलाशेगी और तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडु ने शनिवार को यहां उड़ान भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। नायडु ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह यात्रियों के परिजनों के दर्द को समझते हैं क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने पिता को एक दुर्घटना में खोया है।

वहीं अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एअर इंडिया ने बड़ा एलान करते हुए कहा है कि वो इस घटना में शामिल हताहतों को तत्काल 25 लाख रुपये की मदद देगा। ये मदद एक करोड़ के मुआवजे राशि से अलग होगी।


उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडु।



### 270 शव बरामद

गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुये भीषण विमान हादसे में दुर्घटनास्थल से अब तक 270 शव बरामद किये गये हैं और उनकी शिनाख्त की जा रही है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि एक शव के डीएनए परीक्षण में पहचान पुष्ट होने के बाद सिविल अस्पताल प्रशासन ने उसे परिजनों को सौंप दिया है। अहमदाबाद पुलिस के एक अधिकारी ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि दुर्घटना स्थल पर खोजबीन में अब तक 270 शव मिले हैं और उनकी पहचान की प्रक्रिया जारी है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिंटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा कि अब तक 248 शवों के डीएनए सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 11 का डीएन मैच हुआ है। पटेल ने कहा कि आज एक महिला का शव उनके परिवार को सौंपा गया। शुक्रवार का 8 शव उनके परिजनों को हैंडओवर किया गया था। कुल 9 शव सौंपे जा चुके हैं। 8 घायलों का इलाज चल रहा है, एक की हालत गंभीर है।

हरियाणा सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने गोरखपुर स्थित हरियाणा अणु विद्युत परियोजना का किया दौरा

# परमाणु ऊर्जा वातावरण के लिहाज से बेहतर ऊर्जाः सैनी

यह परियोजना न केवल हरियाणा बल्कि उत्तर भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को करेगी पूराः मनोहर लाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहाबाद 14 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय ऊर्जा और आवासन व शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने शनिवार को फतेहाबाद के गोरखपुर स्थित हरियाणा अणु विद्युत परियोजना का संयुक्त रूप से दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यहां जारी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को तय मानक अनुसार जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा वातावरण के लिहाज से बेहतर ऊर्जा उत्पादन का माध्यम है। समीक्षा बैठक में एनपीसीआईएल के परियोजना निदेशक श्री जिवेंद्र कुमार जैन ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से परमाणु ऊर्जा विभाग और एनपीसीआईएल के कार्यों की जानकारी के अलावा परमाणु ऊर्जा उत्पादन की बढ़ोतरी, गोरखपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण कार्यों, सीएसआर और जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में बताया।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल हरियाणा बल्कि उत्तर भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी। साथ ही स्वच्छ और सतत ऊर्जा समाधान की प्रतिबद्धता को और सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं देश को साल 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में यह परियोजना दूरदर्शी कदम है।


गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना का दौरा करते सीएम नायब सिंह सैनी व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल। फोटो- अजय गौतम

# साउथ अफ्रीका पहली बार बना वर्ल्ड चैंपियन

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**लंदन।** साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया। साउथ अफ्रीका क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बना है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाए, जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नॉटआउट रहे। ऐडन मार्करम प्लेयर ऑफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया था। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाए। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी।

# नीट यूजी 2025 का परिणाम घोषित, 12.36 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी हुए उत्तीर्ण

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को अंडरग्रेजुएट मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया, जिसमें 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस साल राजस्थान के महेश कुमार ने 99.99 परसेंटाइल हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान मिला है। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।

एनटीए ने नीट-यूजी 2025 के लिए ने सभी श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर भी जारी किया है। इस वर्ष सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ स्कोर 686 से 144 के बीच निर्धारित किया गया है। वहीं, सामान्य/आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग, दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफ स्कोर 143 से 127 के बीच है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित है।

गौरतलब है कि नीट-यूजी 2025 की परीक्षा चार मई को आयोजित की गई थी। परीक्षाएं देश के 552 शहरों के 5468 केंद्रों पर 13 भाषाओं में आयोजित हुई थी। देश के बाहर यह परीक्षा 14 शहरों में आयोजित की गयी जिसमें आबू धाबी, दुबई, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, कुवैत सिटी, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह और सिंगापुर शामिल हैं।

इस वर्ष 22 लाख 76 हजार 069 अभ्यर्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था जबकि कुल 22 लाख नौ हजार 318 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 12 लाख 36 हजार 531 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए।

शेष पेज-2




# लुधियाना पश्चिम उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी हुई और मजबूत

लुधियाना के प्रसिद्ध उद्योगपति और एमएसएमई इंडस्ट्रीज के प्रधान बदीश जिंदल अपने साथियों के साथ 'आप' में शामिल

आप पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने उनका पार्टी में किया स्वागत



अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**लुधियाना, 14 जून।** लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) लगातार मजबूत होती जा रही है। शनिवार को लुधियाना के प्रसिद्ध उद्योगपति और एमएसएमई इंडस्ट्रीज के प्रधान बदीश जिंदल अपने कई साथियों के साथ आप में शामिल हो गए।

आप पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सौंध की मौजूदगी में बदीश जिंदल और उनके साथियों को औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कराया और उनका 'आप' परिवार में स्वागत किया।

पार्टी में शामिल होने के बाद जिंदल ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के विपरीत आप सरकार सिर्फ वादे नहीं करती बल्कि लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। फास्ट ट्रैक पंजाब पोर्टल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

जिंदल ने उद्योग जगत की कई दशकों पुरानी मांगों को पूरा करने के लिए आप नेतृत्व और सरकार का धन्यवाद किया एवं लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा को जिताने के लिए समर्थन का वादा किया।

इस अवसर पर अमन अरोड़ा ने कहा कि जिंदल और उनके साथियों के शामिल होने से पार्टी को लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में और मजबूती मिलेगी एवं औद्योगिक जगत में आम आदमी पार्टी की विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हम पंजाब के औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में आप सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम कर रही है।

## लुधियाना के पुराने कांग्रेसी नेता बलजिंदर बंटी 'आप' में शामिल, शैरी कलसी व संजीव अरोड़ा ने किया स्वागत



**लुधियाना।** लुधियाना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है। पुराने कांग्रेसी नेता बलजिंदर सिंह बंटी शनिवार को कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। बिट्टू के पार्टी में शामिल होने आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा को 19 जून को होने वाले उपचुनाव में निश्चित तौर पर फायदा मिलेगा। बलजिंदर सिंह बंटी कांग्रेस पार्टी की तरफ से लुधियाना नगर के निगम वार्ड नंबर- 72 काउंसलर रहे हैं। वह पेशे से इंजीनियर हैं और युवा कांग्रेस समेत पार्टी के कई पदों पर रहे हैं। आप पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी, पार्टी के लुधियाना पश्चिम से उम्मीदवार संजीव अरोड़ा, आप पंजाब के महासचिव हरचंद सिंह बरसट, कैबिनेट मोहिंदर भगत और सांसद राजकुमार चब्बेवाल ने बलजिंदर बिट्टू का आप परिवार में स्वागत किया और उन्हें और तौर पर पार्टी में शामिल कराया। इस मौके पर संजीव अरोड़ा ने बिट्टू की तारीफ की और कहा कि हम साथ मिलकर पूरे लुधियाना शहर को इतना स्वच्छ और विकसित शहर बनाएंगे कि लुधियाना के लोगों को अपने शहर पर मान महसूस होगा। शैरी कलसी ने कहा कि कांग्रेस में बहुत ज्यादा अंतर्कलह और गुटबाजी है जिसके कारण उसके नेता लगातार पार्टी छोड़ रहे हैं। उन्होंने बलजिंदर बिट्टू को पार्टी में उचित मान-सम्मान का भरोसा दिया और उनसे संजीव अरोड़ा को जिताने के लिए मेहनत और समर्पण से काम करने का आग्रह किया। पार्टी में शामिल होने के बाद बलजिंदर बिट्टू ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी की नीतियों और आप सरकार द्वारा पंजाब में पिछले तीन सालों के दौरान किए गए कार्यों से प्रभावित होकर आप में शामिल होने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि वह लुधियाना में पार्टी को मजबूत करने के लिए समर्पण भाव के साथ काम करेंगे।

## लुधियाना वेस्ट में कांग्रेस को बड़ा झटका, दर्जनों नेता और कारोबारी 'आप' में शामिल



**लुधियाना।** लुधियाना वेस्ट उपचुनाव से पहले कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। वार्ड नंबर 65 के सैकड़ों कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इसके साथ ही शहर के कई बड़े कारोबारियों ने भी 'आप' का दामन थामा। आप पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष शैरी कलसी ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर आप नेताओं के साथ दिल्ली की पूर्व मंत्री राखी बिड़ला भी मौजूद रहीं। शैरी कलसी ने कहा कि यह सिर्फ संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि 'आप' की ईमानदारी और विकास मॉडल पर जनता के भरोसे का प्रतीक है। उन्होंने दावा किया कि लुधियाना वेस्ट में संजीव अरोड़ा की जीत तय है।

## नायब सैनी को लुधियाना में दिखाए गए काले झंडे, पंजाब का पानी छीनने के मुद्दे पर जनता ने घेरा



**लुधियाना।** 19 जून को होने वाले लुधियाना पश्चिम उपचुनाव से पहले भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार करने आए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को जनता के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। हरियाणा द्वारा पंजाब के जल संसाधनों के दोहन से निराश लोगों ने मुख्यमंत्री के काफिले का विरोध किया, काले झंडे लहराए और 'पंजाब दे पानी चोर मुर्दाबाद' के नारे लगाए। सैकड़ों लोगों ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और पंजाबियों के बीच दशकों से चले आ रहे जल बंटवारे के मुद्दे पर बढ़ते गुस्से को दर्शाया।
प्रदर्शनकारियों ने हरियाणा और भाजपा नेताओं पर पंजाब के पानी को लूटने की कोशिश करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार पंजाब के हिस्से के पानी का गलत इस्तेमाल कर रही है, जिससे पंजाब का कृषि क्षेत्र संघर्ष कर रहा है। यह असंतोष हरियाणा द्वारा भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से पंजाब के हक के पानी के आवंटन के दुरुपयोग से उपजा है। पंजाब की पिछली सरकारें इस मुद्दे पर चुप रहीं, लेकिन मान सरकार ने इस मुद्दे पर दृढ़ता से अपना पक्ष रखा और सुनिश्चित किया कि पंजाब के हक का हिस्सा छीना न जाए। पंजाब में सिंचाई के लिए नहर के पानी की पहुंच बढ़ाने और जल प्रबंधन में सुधार के लिए मान सरकार के निर्णायक कदमों ने पंजाब के लिए बीबीएमबी से पानी का पूरा कोटा हासिल करने की आवश्यकता को मजबूती से पेश किया।

## भाजपा नेताओं को किसानों पर बोलने का हक़ नहीं, मोदी सरकार के कृषि कानूनों ने 750 किसानों की जान ली: सोंध

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जून।** भाजपा नेताओं द्वारा लुधियाना में अर्बन इस्टेट बनाने के लिए आप सरकार की लैंड पूलिंग योजना पर भाजपा नेताओं के बयानों पर आम आदमी पार्टी ने तीखा पलटवार किया और पंजाब भाजपा के नेताओं पर भू-माफिया के साथ मिले होने का आरोप लगाया।

इस मुद्दे पर आप पंजाब के महासचिव हरचंद सिंह बरसट और पार्टी प्रवक्ता नील गर्ग के साथ लुधियाना में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आप सरकार के मंत्री तरुण प्रीत सिंह सोंध ने कहा कि भाजपा नेताओं को किसानों पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बचा है। उन्होंने किसानों का नाम लेने से पहले शर्म आनी चाहिए कि मोदी सरकार के काले कृषि कानूनों ने पंजाब और अन्य राज्यों के करीब 750 किसानों की जान ली, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से उन मौतों पर सहानुभूति के एक शब्द नहीं निकले। बेहद हैरानी जनक है कि भाजपा नेता किस मुंह से किसानों का नाम ले रहे हैं!

सोंध ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार लगातार देश की सार्वजनिक संपत्तियों को बेचे जा रही है और उसे मनमाने तरीके से अपने कुछ खास कॉर्पोरेट मित्रों को सौंप रही है। मोदी सरकार ने रेलवे, एलआईसी पोर्ट एअरपोर्ट समेत कई सार्वजनिक संपत्तियां अपने उद्योगपति दोस्तों को दे दिया। जबकि आम सरकार पंजाब के आम लोगों और गरीबों के लिए काम कर रही है। हमारी सरकार लोगों को मुफ्त बिजली, मुफ्त शिक्षा और मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। आप सरकार ने आज तक कोई भी ऐसी योजना नहीं बनाई जिससे आमलोगों और किसानों को परेशानी हो।

## पंजाब का गौरव: महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के छह कैडेट भारतीय सेना और वायु सेना में कमीशंड अधिकारी बने

अमन अरोड़ा ने युवा अधिकारियों को दी बधाई, पंजाब और देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया

अब तक 178 कैडेट सशस्त्र बलों में कमीशंड अधिकारी बने

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 14 जून।** पंजाब का गौरव बढ़ाते हुए, मोहाली स्थित महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के छह पूर्व कैडेट आज भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना में कमीशंड अधिकारी बन गए हैं।

इस इंस्टीट्यूट के तीन कैडेट - मोहाली से गौरव सिंह, बठिंडा से निखिल बांसल और होशियारपुर से समय सैनी - को देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आई.एम.ए.) में 156वें रेगुलर कोर्स के हिस्से के रूप में भारतीय सेना में कमीशन मिला है। इस अवसर पर पासिंग आउट परेड का निरीक्षण श्रीलंका के सेना कमांडर और आई.एम.ए. के पास आउट लेफ्टिनेंट जनरल बी.के.जी.एम. लासंथा रोड्रिगो द्वारा किया गया।

इसके अतिरिक्त, इस इंस्टीट्यूट के तीन अन्य कैडेट - बठिंडा से यश नैलवाल, मोहाली से कनिष्क चौहान और रोपड़ से अभिनव मिश्रा - को हैदराबाद के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स एकेडमी (ए.एफ.ए.) में 215वें कोर्स की कंबाइंड पासिंग आउट परेड के दौरान भारतीय वायु सेना में कमीशन मिला है। इस परेड का निरीक्षण सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पी.वी.एस.एम., ए.वी.एस.एम. द्वारा किया गया।

नव-कमीशंड अधिकारियों को हार्दिक बधाई देते हुए, पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने उन्हें अपने कर्तव्य के प्रति पूरी लगन से काम करने और पंजाब तथा देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के युवाओं के सशस्त्र बलों में कमीशंड अधिकारी के रूप में करियर बनाने के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इंस्टीट्यूट के निदेशक मेजर जनरल अजय एच. चौहान, वी.एस.एम. (सेवानिवृत्त) ने कैडेटों को बधाई देते हुए उन्हें रक्षा सेवाओं के आदर्शों पर खरा उतरने और देश, राज्य तथा इंस्टीट्यूट का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इन छह कैडेटों की नियुक्ति के साथ, अब तक कुल 178 कैडेट सशस्त्र बलों में कमीशंड अधिकारी बन चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 15 कैडेटों को विभिन्न प्रशिक्षण अकादमियों के लिए जॉइनिंग लेटर मिल चुके हैं, जबकि 11 अन्य कैडेट अपने जॉइनिंग लेटर का इंतजार कर रहे हैं।

## पंजाब के महाधिवक्ता एमएस बेदी ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जून।** पंजाब के महाधिवक्ता मनिन्दरजीत सिंह बेदी ने शनिवार को राजभवन में पंजाब के राज्यपाल एवं केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान दोनों के बीच पंजाब राज्य से संबंधित विभिन्न कानूनी एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल महोदय ने राज्य सरकार को विधिक मार्गदर्शन प्रदान करने और कानून के शासन को सुदृढ़ करने में महाधिवक्ता श्री एम.एस. बेदी की भूमिका की सराहना की। यह भेंट एक सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं आपसी सद्भाव के साथ सम्पन्न हुई।

DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

Draw Time: 08:00 PM ONWARDS DATE:14/06/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 200 MONTHLY LOTTERY

MRP Rs 200/- Per Ticket

**1st Prize Amount (1) Rs. 1.50 Crore (On 6 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 10 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 5 Lakh, Total Prize Amount Rs. 1.65 Crore )
**609339**

**2nd Prize Amount (1) Rs. 10 Lakh (On 6 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 50 Thousand, Total Prize Amount Rs. 11.50 Lakh )
**872568**

**3rd Prize Amount (1) Rs. 5 Lakh (On 6 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 50 Thousand + Sub Stockist Prize Amount Rs. 20 Thousand, Total Prize Amount Rs. 5.70 Lakh )
**595336**

**4th Prize Amount (500) Rs. 5,000/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-,Total Prize Amount Rs. 5550 /- Each )

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0081 | 2540 | 3387 | 4028 | 6050 | 6423 | 6864 | 7028 | 8417 | 8418 |

**5th Prize Amount (500) Rs. 2,000/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.30/-,Total Prize Amount Rs. 2230 /- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1524 | 1771 | 2139 | 2569 | 3690 | 6144 | 7435 | 7532 | 8866 | 9525 |

**6th Prize Amount (500) Rs. 1000/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.20/-,Total Prize Amount Rs. 1120 /- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0126 | 0847 | 1401 | 1584 | 2696 | 2931 | 4593 | 6240 | 6529 | 7798 |

**7th Prize Amount (20000) Rs. 500/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.10/-,Total Prize Amount Rs. 560 /- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0028 | 0030 | 0045 | 0054 | 0085 | 0161 | 0187 | 0194 | 0206 | 0209 |
| 0241 | 0247 | 0253 | 0309 | 0317 | 0339 | 0343 | 0359 | 0376 | 0409 |
| 0438 | 0466 | 0479 | 0542 | 0573 | 0574 | 0578 | 0590 | 0622 | 0636 |
| 0738 | 0784 | 0789 | 0802 | 0828 | 0870 | 0906 | 0949 | 0973 | 0976 |
| 0987 | 0993 | 1007 | 1027 | 1036 | 1038 | 1048 | 1078 | 1099 | 1107 |
| 1114 | 1185 | 1215 | 1237 | 1245 | 1272 | 1319 | 1321 | 1334 | 1343 |
| 1389 | 1457 | 1467 | 1469 | 1541 | 1542 | 1549 | 1708 | 1719 | 1881 |
| 1916 | 1951 | 1955 | 2031 | 2061 | 2063 | 2069 | 2078 | 2094 | 2099 |
| 2114 | 2122 | 2134 | 2171 | 2180 | 2236 | 2291 | 2297 | 2313 | 2349 |
| 2361 | 2377 | 2418 | 2474 | 2479 | 2481 | 2506 | 2512 | 2522 | 2657 |
| 2667 | 2671 | 2700 | 2730 | 2732 | 2768 | 2791 | 2797 | 2799 | 2814 |
| 2823 | 2829 | 2874 | 2879 | 2883 | 2934 | 2943 | 2978 | 2985 | 2986 |
| 2993 | 3023 | 3038 | 3081 | 3083 | 3244 | 3269 | 3275 | 3311 | 3322 |
| 3389 | 3408 | 3443 | 3478 | 3496 | 3501 | 3506 | 3508 | 3517 | 3548 |
| 3557 | 3591 | 3596 | 3600 | 3607 | 3642 | 3701 | 3749 | 3762 | 3800 |
| 3833 | 3846 | 3925 | 3960 | 4021 | 4035 | 4060 | 4106 | 4129 | 4160 |
| 4217 | 4227 | 4243 | 4249 | 4283 | 4332 | 4335 | 4352 | 4362 | 4366 |
| 4439 | 4443 | 4477 | 4480 | 4494 | 4507 | 4522 | 4559 | 4562 | 4573 |
| 4609 | 4614 | 4623 | 4683 | 4709 | 4714 | 4767 | 4769 | 4773 | 4845 |
| 4859 | 4877 | 4901 | 4906 | 4952 | 5019 | 5022 | 5030 | 5044 | 5057 |
| 5116 | 5136 | 5155 | 5252 | 5255 | 5264 | 5390 | 5424 | 5479 | 5496 |
| 5500 | 5533 | 5550 | 5597 | 5618 | 5642 | 5655 | 5658 | 5673 | 5699 |
| 5763 | 5775 | 5784 | 5803 | 5819 | 5823 | 5838 | 5841 | 5862 | 5901 |
| 5914 | 5936 | 5940 | 5984 | 6012 | 6023 | 6079 | 6083 | 6088 | 6102 |
| 6146 | 6147 | 6176 | 6182 | 6204 | 6214 | 6248 | 6279 | 6291 | 6299 |
| 6345 | 6352 | 6363 | 6372 | 6385 | 6412 | 6466 | 6501 | 6532 | 6537 |
| 6540 | 6550 | 6558 | 6560 | 6562 | 6564 | 6576 | 6584 | 6598 | 6613 |
| 6683 | 6715 | 6729 | 6769 | 6771 | 6774 | 6776 | 6780 | 6839 | 6871 |
| 6878 | 6917 | 6953 | 6971 | 6986 | 6992 | 7001 | 7021 | 7041 | 7050 |
| 7130 | 7138 | 7141 | 7155 | 7179 | 7217 | 7218 | 7254 | 7261 | 7264 |
| 7282 | 7305 | 7350 | 7378 | 7400 | 7419 | 7424 | 7450 | 7462 | 7487 |
| 7557 | 7574 | 7610 | 7615 | 7705 | 7708 | 7750 | 7755 | 7869 | 7903 |
| 7924 | 8003 | 8053 | 8070 | 8077 | 8103 | 8195 | 8205 | 8212 | 8238 |
| 8243 | 8247 | 8249 | 8260 | 8311 | 8341 | 8354 | 8362 | 8380 | 8390 |
| 8424 | 8471 | 8488 | 8550 | 8572 | 8577 | 8614 | 8623 | 8638 | 8664 |
| 8667 | 8672 | 8673 | 8694 | 8696 | 8822 | 8848 | 8890 | 8956 | 8976 |
| 9000 | 9013 | 9070 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 9269 | 9277 |
| 9311 | 9385 | 9411 | 9421 | 9474 | 9493 | 9520 | 9533 | 9536 | 9550 |
| 9553 | 9624 | 9635 | 9640 | 9660 | 9731 | 9749 | 9785 | 9803 | 9811 |
| 9832 | 9835 | 9847 | 9863 | 9866 | 9877 | 9882 | 9932 | 9960 | 9970 |

## 'वन इंडिया वन इलेक्शन' प्रस्ताव पर पंजाब सरकार और 'आप' ने जताया कड़ा विरोध: चीमा

### कहा - यह कदम बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा बनाए गए भारत के संविधान की मौलिक संरचना और भावना पर सीधा हमला

भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के एजेंडे को परिभाषित करने वाले संशोधनों का हवाला दिया, जिसमें आम चुनावों के एक या दो साल बाद अपनी सुविधानुसार राज्य चुनाव कराने का प्रावधान है



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जून।** भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' प्रस्ताव पर पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी (आप) का कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने शनिवार को इसे बाबासाहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा बनाए गए भारत के संविधान की मौलिक संरचना और भावना पर सीधा हमला बताया।

पी.पी. चौधरी की अध्यक्षता में संयुक्त संसदीय कमेटी द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग लेने के बाद पंजाब भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि उन्होंने, 'आप' के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा के साथ मिलकर इस कदम को पूरी तरह से खारिज कर दिया। वित्त मंत्री चीमा ने कहा, 'भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का यह प्रस्ताव एक छिपा हुआ एजेंडा है, जिसे बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार किए गए भारत के संविधान में निहित राष्ट्र के संघीय ढांचे को नष्ट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।'

प्रस्तावित विधेयक में संशोधनों का जिक्र करते हुए, वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि सुझाए गए संशोधन प्रभावी रूप से राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को केंद्र सरकार के विवेक के अधीन कर देंगे, जो संविधान में निहित संघीय ढांचे के साथ असंगत एक खतरनाक अतिक्रमण है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 356 और 360 के दुरुपयोग को और बढ़ावा देगा।

भाग 2 की धारा 5 के अनुसार, यदि चुनाव आयोग की राय है कि किसी विधान सभा के चुनाव लोक सभा के आम चुनाव के साथ नहीं कराए जा सकते हैं, तो वह राष्ट्रपति को सिफारिश कर सकता है कि एक आदेश द्वारा घोषित किया जाए कि उस विधान सभा के चुनाव बाद की तारीख में कराए जा सकते हैं। इस संशोधन का हवाला देते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि भाजपा की एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा अंततः उल्टी पड़ेगी, क्योंकि यह केंद्र सरकार को अपनी सुविधानुसार आम चुनावों के एक या दो साल बाद राज्य चुनाव कराने में सक्षम बनाएगी, बजाय इसके कि जिस उद्देश्य से इस प्रस्ताव का प्रचार किया जा रहा है, उसकी पूर्ति हो।

संघीय लोकाचार और राज्यों की संस्थागत स्वायत्तता को बनाए रखने के लिए एकजुट रुख अपनाने का आह्वान करते हुए, चीमा ने जोर दिया कि ऐसे एकतरफा प्रस्ताव भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने के लिए आवश्यक शक्ति संतुलन को अस्थिर करने का जोखिम उठाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा प्रस्तावित एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक क्षेत्रीय दलों को खत्म करने का एक सोची-समझी चाल है जो विविध संस्कृतियों, भाषाओं और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ हैं। संविधान को बनाए रखने के लिए पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और 'आप' केंद्रीकृत अतिक्रमण के खिलाफ राज्यों के अधिकारों की रक्षा के लिए लिखित रूप में भी इस विधेयक का विरोध करेंगे।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 105वें दिन 1.9 किलोग्राम हेरोइन, 1 किलोग्राम अफीम सहित 158 नशा तस्कर काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशानिर्देशों पर राज्य से नशीले पदार्थों के पूर्ण उन्मूलन के लिए छेड़ा गया 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम 105वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 158 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.9 किलोग्राम हेरोइन, 1 किलोग्राम अफीम, 2.8 किलोग्राम गांजा और 36,340 रुपये ड्रग मनी बरामद की। इसके साथ, केवल 105 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या 17,484 हो गई है।

यह अभियान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एक साथ चलाया गया।

यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों से पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने का आग्रह किया है। पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में एक 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का भी गठन किया है।

विशेष डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने जानकारी दी कि 112 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1700 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 250 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 531 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप राज्य भर में 116 एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान, पुलिस टीमों ने 582 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

विशेष डीजीपी ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य से नशों के उन्मूलन के लिए एक त्रि-आयामी रणनीति - प्रवर्तन, डी-एडिक्शन और रोकथाम (ईडीपी) - लागू की है। 'डी-एडिक्शन' घटक के हिस्से के रूप में, पंजाब पुलिस ने आज 65 व्यक्तियों को नशा मुक्ति और पुनर्वास उपचार कराने के लिए राजी किया है।

DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS DRAW DATE:14/06/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 MERCURY SATURDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 10/- Per Ticket

**1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)
**6334**

**2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)
**6592**

**3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0664 | 0703 | 1993 | 2905 | 3758 | 6590 | 8578 | 8597 | 8689 | 8810 |

**4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0976 | 2966 | 3243 | 4271 | 4986 | 6279 | 7230 | 7343 | 8308 | 9573 |

**5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0018 | 0035 | 0036 | 0070 | 0098 | 0104 | 0122 | 0127 | 0129 | 0167 |
| 0200 | 0229 | 0423 | 0445 | 0556 | 0613 | 0661 | 0699 | 0732 | 0780 |
| 0790 | 0839 | 0907 | 0927 | 0932 | 0968 | 1001 | 1111 | 1151 | 1153 |
| 1210 | 1220 | 1388 | 1483 | 1540 | 1541 | 1627 | 1653 | 1678 | 1747 |
| 1763 | 1797 | 1799 | 1855 | 1871 | 1923 | 1929 | 1951 | 2036 | 2087 |
| 2095 | 2127 | 2135 | 2253 | 2303 | 2571 | 2584 | 2748 | 2789 | 2807 |
| 2813 | 2825 | 2863 | 2888 | 2899 | 2960 | 3178 | 3185 | 3265 | 3310 |
| 3315 | 3319 | 3327 | 3457 | 3467 | 3481 | 3663 | 3737 | 3756 | 3772 |
| 3789 | 3867 | 3964 | 4024 | 4134 | 4286 | 4344 | 4429 | 4433 | 4457 |
| 4462 | 4531 | 4585 | 4619 | 4718 | 4751 | 4759 | 4819 | 4832 | 4864 |
| 4922 | 4954 | 5033 | 5057 | 5154 | 5160 | 5162 | 5208 | 5209 | 5275 |
| 5451 | 5504 | 5556 | 5561 | 5607 | 5612 | 5697 | 5709 | 5964 | 6035 |
| 6084 | 6110 | 6173 | 6207 | 6234 | 6270 | 6280 | 6293 | 6327 | 6349 |
| 6353 | 6487 | 6523 | 6534 | 6541 | 6633 | 6663 | 6717 | 6718 | 6751 |
| 6856 | 6960 | 6998 | 7069 | 7104 | 7157 | 7164 | 7268 | 7342 | 7344 |
| 7347 | 7396 | 7452 | 7495 | 7498 | 7610 | 7705 | 7863 | 7920 | 7964 |
| 7967 | 8005 | 8040 | 8119 | 8185 | 8187 | 8230 | 8238 | 8264 | 8441 |
| 8487 | 8583 | 8648 | 8658 | 8723 | 8936 | 8937 | 8977 | 9016 | 9157 |
| 9171 | 9183 | 9201 | 9224 | 9234 | 9255 | 9278 | 9397 | 9425 | 9527 |
| 9535 | 9539 | 9625 | 9655 | 9657 | 9722 | 9869 | 9879 | 9890 | 9921 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly Check The Final Result With Official Gazette Notification

## पंजाब के लिए गौरव और हौसले की उड़ान: माई भागो इंस्टीट्यूट की तीन कैडेट भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कमीशन प्राप्त कीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जून।** अपनी शानदार उपलब्धियों को जारी रखते हुए, पंजाब सरकार के माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट (ए.एफ.पी.आई.) फॉर गर्ल्स, एस.ए.एस. नगर (मोहाली) की तीन पूर्व कैडेट - हरनूर सिंह, कृति एस बिष्ट और अलीशा - को आज एयर फोर्स एकेडमी, डुंडीगल (हैदराबाद) से सफलतापूर्वक पास आउट होने पर भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कमीशन प्राप्त हुआ है। उन्हें एक प्रभावशाली पासिंग आउट परेड में कमीशन दिया गया, जिसका निरीक्षण वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, पी.वी.एस.एम., ए.वी.एस.एम. द्वारा किया गया। यह उल्लेखनीय है कि फ्लाइंग ऑफिसर हरनूर सिंह और अलीशा को शिक्षा शाखा में कमीशन मिला है, जबकि फ्लाइंग ऑफिसर कृति एस बिष्ट को वायु सेना की प्रशासन शाखा में फ्लाइट कंट्रोलर के रूप में कमीशन मिला है। फ्लाइंग ऑफिसर हरनूर सिंह पठानकोट के रहने वाले श्री विक्रम सिंह बैंस की बेटी हैं, जो एक सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल हैं। फ्लाइंग ऑफिसर कृति एस. बिष्ट के पिता शक्ति शरण सिंह पी.ए.सी.एल., नंगल में वरिष्ठ इंजीनियर हैं। फ्लाइंग ऑफिसर अलीशा के पिता सुनील दत्त, जो जालंधर से संबंध रखते हैं, एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं। इन महिला कैडेटों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए, पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि उनकी सफलता पंजाब की अन्य बेटियों को रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उन लड़कियों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है जो रक्षा सेवाओं में कमीशंड अधिकारी के रूप में शामिल होने का लक्ष्य रखती हैं। यह उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने जुलाई, 2023 में माई भागो इंस्टीट्यूट में लड़कियों के लिए एन.डी.ए. प्रिपरेटरी विंग भी स्थापित किया था।

## पेज एक का शेष

### नीट यूजी 2025...

पिछले वर्ष नीट-यूजी 2024 में 24 लाख छह हजार 079 विद्यार्थी ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था जबकि कुल 23 लाख 33 हजार 162 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 13 लाख 15 हजार 853 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस वर्ष अनारक्षित श्रेणी के 689366, अनुसूचित जाति के 333646, अनुसूचित जनजाति के 150224, अन्य पिछड़ा वर्ग के 948507, ईडब्लूएस के 154326 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों की संख्या 965996 और छात्राओं की संख्या 1310062 रही। इस वर्ष की परीक्षा में 939 विदेशी अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया जबकि 11 उभयलिंगी (थर्ड जेंडर) शामिल हुए।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त और मजबूत हुआ : बड़ौली

## रोहतक में हुई कार्यशाला में भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा रहे मौजूद

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 14 जून।** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने और पौधारोपण अभियान को लेकर रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला में एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली भी शामिल हुए। लाल सिंह आर्य और मोहन लाल बड़ौली ने कार्यकर्ताओं को चल रहे अभियानों के बारे में बताया।

लाल सिंह आर्य ने इस मौके पर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेस को संविधान की हत्यारी कहा। उन्होंने पार्टी कार्यालय में पौधारोपण कर कार्यकर्ताओं को एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान भी किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने मोदी सरकार के 11 सालों की उपलब्धियां को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि 11 सालों में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त और मजबूत हुआ है। कार्यशाला में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, एसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता,प्रदेश मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक,जिला प्रभारी सतेंद्र परमार,जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, कार्यशाला के संयोजक जवाहर सैनी,सभी पांचों सह-संयोजक नागेन्द्र शर्मा,अभिमन्यु यादव, जसबीर दोदवा,चरणसिंह तेवतिया,निताशा सिहाग,सभी जिलों के संयोजक एवं सह-संयोजक दिन भर चली कार्यशाला में मौजूद रहे। कार्यशाला के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तैयार किया है।

मोदी सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा और भाजपा का नेतृत्व अपने अभियानों में रचनात्मक कार्यक्रम लगातार करती रहती है। आर्य ने कहा कि 21 जून को योग दिवस, 23 जून को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को संविधान हत्या दिवस है। इन तीनों कार्यक्रमों को लेकर 17 जून तक मंडल स्तर पर कार्यशालाएं होंगी। हर बूथ पर पौधारोपण अभियान भी चलाया जाएगा। मंडल स्तर पर योग दिवस मनाया जाएगा। इन्हीं कार्यक्रमों के बीच बाबा साहेब अंबेडकर और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभाएं भी होंगी। लाल सिंह आर्य ने कहा कि हरियाणा में लगभग 4097 शक्ति केंद्र हैं। सभी शक्ति केंद्रों पर 6 जुलाई तक कार्यक्रम चलेंगे जिसमें चौपालें, मोहल्ला बैठकें होंगी पौधारोपण किया जाएगा। लाल सिंह आर्य ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश पर आपातकाल थोपा था। कांग्रेस ने व्यक्ति की स्वतंत्रता को बंधक बनाया। आपातकाल का विरोध करने पर सा? तीन लाख लोगों को जेलों में भेजकर यातनाएं दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 72 बार चुनी गई सरकारों को गिराया। मीडिया के सवाल पर बोलते हुए लाल सिंह आर्य ने कहा कि मोदी सरकार में जो भी संशोधन हुए हैं जनकल्याण को ध्यान में रखकर कर किए गए हैं। कांग्रेस की दुकान बंद हो गई है, कांग्रेस झूठ की मशीन है और झूठ फैलाकर बंद दुकान के खोलने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान की भक्षक कांग्रेस सत्ता में कभी भी वापस लौटकर आने वाली नहीं है।

बड़ौली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्षों में देश को सशक्त और आत्म निर्भर बनाया। तेज गति से देश का विकास हुआ है। गरीब कल्याण की योजनाएं गरीबों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी आर्थिक शक्ति वाला देश बना है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित है। भारत की सेनाएं दुश्मनों का मुंह तोड़ जवाब देती है। ऑपरेशन सिंदूर के फैसले का देश की 140 करो? जनता ने स्वागत किया है। मोहन लाल ब?ौली ने कहा कि हमारी सेनाओं ने अपनी ही भूमि से पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों और उनके ठिकानों को माटी में मिलाया। वहीं पाकिस्तान के 11 एयरबेस को भी क्षति पहुंचाई। पाकिस्तान के आक्रमण को हमारी सेनाओं ने हवा में मार गिराया। उन्होंने कहा कि देश की 140 करो? जनता पीएम मोदी के हर निर्णय के साथ है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जनता ने तिरंगा और सिंदूर यात्राएं निकाली। बड़ौली ने कहा कि 11 सालों में सड़कों का जाल बिछा है। रेलवे नेटवर्क में विस्तार हुआ है। युवाओं को पारदर्शित से नौकरियां मिल रही है। हरियाणा की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सेवा ही संगठन के मूल मंत्र,पर,चलते,हुए,प्रदेशवासियों की सेवा कर रहे हैं। हरियाणा में किसानों को उचित दाम के साथ उनकी सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है।

## मनेरगा मजदूरों ने किया सम्मान समारोह आयोजित



अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 14 जून।** मनेरगा मजदूरो को अपना रोजगार वापिस मिलने की खुशी में मजदूरो ने अनाजमंडी पिहोवा में सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त करते हुए विशेष भूमिका निभाने वाले शुगर फैड के पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह को सम्मानित किया गया। मजदूरो ने बताया कि एक वर्ष से मजदूरो को काम न देकर ठेकेदारी सिस्टम से कार्य कराया जा रहा था। जिससे लाखो गरीब मजदूरो को रोजी रोटी के लाले पड़ गए थे। इसके लिए उन्होने पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह को अपनी समस्या सुनाई तो उन्होने तुरन्त मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलकर इस समस्या का समाधान कराया। अब मजदूरो को मनरेगा का सीधा काम मिलेगा। इस अवसर चेयरमैन हरपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी गरीबो के हित के लिए योजनाएं बनाते रहते है। गरीबो के लिए सेवा भाव उनके मन में है। अब भविष्य में कोई भी अधिकारी गरीब मजदूरो का रोजगार नही छीनेगा। सौ दिन का रोजगार मनरेगा मजदूरो को देना पड़ेगा। समारोह में सुखदेव , बीरभान , बलविन्द्र , गीता देवी , सोनिया , अवतार सिंह कम्बोज , रामपाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### जत्थेदार दादूवाल को धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन बनाना ऐतिहासिक



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** देश के जाने माने इंटरनेशनल सिख धर्म प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादुवाल को फिर से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रवंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन बनाए जाने पर गुरुपर्व प्रवन्धक कमेटी ने खुशी जाहिर की है। इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। कमेटी के प्रधान वरिंद सिंह, महासचिव इंदर पाल सिंह ने जत्थेदार दादुवाल को बधाई दी। उन्होंने इस कदम को ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कमेटी के सदस्य, बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जत्थेदार दादुवाल अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अध्यात्मिक संत है। उन्हे यू एन ओ ने भी सिख अध्यात्मिक संत के रूप मे सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जत्थेदार दादुवाल की अगुवाई मे एच एस जी पी सी की धर्म प्रचार कमेटी सिख पंथ का प्रचार करेगी। एच एस जी पी सी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य गुरु प्रसाद सिंह ने बताया कि श्री दादुवाल को अगवाई मे सिख धर्म का प्रचार ऐतिहासिक तरीके से होगा। जत्थेदार दादुवाल को बधाई देने वालो मे गुरपाल सिंह डौनी, हरप्रीत सिंह नरूला हरमीत सिंह हैप्पी, तेजेंद्र सिंह डिम्पी आदि शामिल है।

### अज्ञात वाहन से सड़क पर गिरी मछलियां, वाहनों ने कुचली

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** यहां करनाल रोड रेलवे फाटक के पास शनिवार को एक दर्दनाक दृश्य देखने को मिला। जब एक वाहन से अचानक दर्जनों मछलियां सड़क पर गिर गईं। तेज गर्मी और तपती सड़क पर गिरते ही कई मछलियां दम तोड़ गई तथा कुछ अन्य वाहनों के नीचे आकर मरती गईं। कुछ मछलियां देर तक सडक़ पर तड़पती रहीं। इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर अधिकांश लोग आगे बढ़ गए, तभी एक राहगीर ने अपनी गाड़ी रोक कर मानवता की मिसाल पेश की। उसने तुरंत एक पानी से भरा पॉलीथीन बैग निकाला और तड़पती मछलियों को उसमें एकत्र करना शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह व्यक्ति बिना समय गंवाए एक-एक मछली को सावधानी से उठाकर सुरक्षित पानी में डालता रहा। इससे काफी मछलियों की जान बच गई। सभी ने इस मानवीय कार्य की सराहना की और कहा कि जहां आजकल लोग अपनी गाड़ी धीमी करने को भी तैयार नहीं होते, ऐसे में इस राहगीर ने एक छोटा सा परंतु बेहद मूल्यवान संदेश दिया कि जान चाहे इंसान की हो या जीव की, हर जीवन मूल्यवान है।

### आईजी कालेज में अब तक 1373 नई छात्राओं ने करवाया पंजीकरण

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय में नए प्रवेश पाने के लिए छात्राओं का रुझान बढ़ता जा रहा है। कालेज की प्राचार्य डॉ आरती गर्ग ने बताया कि कॉलेज में प्रथम वर्ष में विभिन्न 9 स्ट्रीमों के लिए 1560 सीटें हैं। इनमें अभी तक 1373 छात्राओं ने विभिन्न कोर्सों के लिए रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। उन्होंने बताया कि बीए एडिट की 400 सीटों के लिए 628 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। इसी प्रकार बीए सेल्फ फाइनेंस की 160 सीटों के लिए 92 छात्राओं ने, बीए सांध्यकालीन सत्र की 240 सेल्फ फाइनेंस सीटों के लिए 17 छात्राओं ने, बीकॉम सेल्फ फाइनेंस की 180 सीटों के लिए 247 छात्राओं ने, बीकॉम इवनिंग सेल्फ फाइनेंस की 160 सीटों के लिए 25 छात्राओं ने, बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन सेल्फ फाइनेंस की 60 सीटों के लिए 90 छात्राओं ने, बीएमसी सेल्फ फाइनेंस की 60 सीटों के लिए 8 छात्राओं ने, बीएससी लाइफ साइंस सेल्फ फाइनेंस की 60 सीटों के लिए 118 छात्राओं ने और बीएससी फिजिकल साइंस सैल्फ फाइनेंस की 240 सीटों के लिए 148 छात्राओं ने अभी तक पंजीकरण करवाया है। बीए ऐडिड, बीकॉम सैल्फ फाईनैंस, बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन सैल्फ फाइनेंस, बीएससी लाइफ साइंस सैल्फ फाइनेंस में छात्राएं अधिक रुचि ले रही हैं। उन्होंने कहा कि आईजी कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए छात्राएं भारी संख्या में कालेज पहुंच रही हैं। छात्राओं की मदद के लिए कालेज में हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। उन्होंने जमा दो पास कर चुकी छात्राओं से अपील की कि वे आईजी कॉलेज में प्रवेश लेकर अपने करियर को सफल बनाएं।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर शिविर में 75 यूनिट रक्त एकत्रित



**कैथल (अप्रस)।** विश्व रक्तदाता दिवस पर कैथल के नीम साहिब गुरुद्वारा में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 75 यूनिट रक्त एकत्रित कर समाज सेवा की मिसाल पेश की गई। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रास सचिव रामजीलाल द्वारा किया गया। आयोजन में दीपक दलाल व डॉ. बीरबल दलाल की अहम भूमिका रही। शिविर में न केवल रक्तदाताओं ने मानवता की सेवा में हिस्सा लिया बल्कि उन्हें समाज की प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में राजकुमार दलाल फौजी सरपंच प्रतिनिधि गांव माघो माजरी, बाबा अंग्रेज सिंह कार सेवा वाले, अनिल चौधरी मैनेजर, हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पीयूष चौधरी जनरल सेक्रेटरी हिंदू कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जोगिंदर ढुल एमडी पवनार स्कूल, कुलदीप पूनिया, सतपाल गुप्ता, खुशीराम दलाल एमडी सनराइज स्कूल माघो माजरी, बदन सिंह अतिथि के रूप से शामिल रहे। अतिथि के रूप में पहुंचे अनिल चौधरी ने कहा कि रक्त का अन्य कोई विकल्प नहीं है। इसलिए कहा गया है कि रक्तदान महादान है। इस मौके पर पवन कुमार डिप्टी सुपरिटेंडेंट, रामपाल शर्मा लेखाकार, डॉ. मोनिका धनकड़, गुलाब सिंह ग्योंग, विजेता कौशिक, जगबीर सिंह, रमेश कुमार लैब टेक्नीशियन, रमनदीप कौर आदि उपस्थित रहे।

## सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों की आवाज़ उठाने के लिए पंथक सेवा दल का होगा गठन : रामगढ़िया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 14 जून।** आज करनाल स्थित गुरुद्वारा डेरा कार सेवा में सुरिंदर पाल सिंह रामगढ़िया की अगुवाई में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें सिख चिंतकों और समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में सिख पंथ, सामाजिक, राजनीतिक और गरीबों के हकों की आवाज़ बुलंद करने के विषय पर चर्चा की गई। बैठक के उपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इन मुद्दों को उठाने और अपने हकों के लिए आवाज़ बुलंद करने हेतु एक मंच तैयार किया जाएगा। इसी के अंतर्गत 'पंथक सेवा दल' के गठन पर विचार किया गया। इस मौके पर सुरिंदर पाल सिंह रामगढि?ा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि हरियाणा में गरीबों के हकों के लिए आवाज़ उठाने वाला कोई प्रभावी मंच नहीं है। इसीलिए पंथक सेवा दल का गठन करने का विचार किया गया है और जल्द ही इसका गठन कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संगठन का मुख्य उद्देश्य पंथक, सामाजिक, राजनीतिक और गरीब वर्ग की आवाज़ को बुलंद करना होगा। करनाल में गरीबों की समस्याओं के लिए इस समय कोई खड़ा नहीं हो रहा, इसलिए हम मिलकर उनकी आवाज़ उठाएंगे। रामगढ़िया ने बताया कि सरकार द्वारा बिजली के बिलों में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ भी विरोध दर्ज कराया जाएगा और यह मुद्दा सरकार और बिजली विभाग के समक्ष रखा जाएगा। इसके अलावा करनाल जिले से जुड़े और भी कई अहम मुद्दों को लेकर सरकार और प्रशासन से बात की जाएगी तथा उन्हें हल करवाने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि सबसे अहम मुद्दा दिल्ली जाने वाले रास्ते में आने वाले तीन टोल प्लाजा का है।

## सर छोटूराम चौक का हुआ जीर्णोद्धार, किया लोकार्पण

### राज्यसभा सांसद सुरजेवाला, नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग व विधायक आदित्य सुरजेवाला ने की समारोह में शिरकत

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 14 जून।** शहर के पिहोवा चौक के नजदीक शनिवार को चौधरी छोटूराम के चौक का जीर्णोद्धार का कार्य संपन्न होने के बाद इसका लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला व भाजपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग मुखयातिथि रही। विशिष्ट अतिथि विधायक आदित्य सुरजेवाला रहे। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला, नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग व विधायक आदित्य सुरजेवाला ने किसान मसीहा चौधरी छोटू राम की प्रतिमा पर नमन कर सभा में मौजूद लोगों को संबोधित किया। महाराजा सूरजमल जाट वेल्फेयर सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला, आदित्य सुरजेवाला व भाजपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष एक साथ एक मंच पर दिखे और यह राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय है। चेयरपर्सन ने सुरभि गर्ग ने कहा कि चौधरी छोटू राम ने किसान, मजदूरों व 36 बिरादरी के अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़कर किसान, मजदूरों को उनका हक दिलवाया। भाजपा सरकार ने आज 11 साल के शासन में किसान, मजदूर, कमेरा वर्ग और आम जन मानस हित में कार्य किया गया है। भाजपा सरकार में महापुरुषों की जयंती आज प्रदेश स्तर पर मनाई जा रही है। चेयरपर्सन ने कहा कि चौधरी छोटू राम के चौक का जीर्णोद्धार होने के साथ-साथ अन्य महापुरुषों को चौराहों का भी जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। इससे पहले की चौराहों की किसी ने भी सुध नहीं ली है। भाजपा सरकार किसान, मजदूर व व्यापारी वर्ग के हितों को लेकर काम कर रही है। इस अवसर पर सुदीप सुरजेवाला, धर्मपाल छौत, जाट धर्मशाला प्रधान रोशन पाड़ला, जाट शिक्षण संस्थान के प्रधान राजकुमार बैनीवाल बुढ़ाखेड़ा, बलजिंद्र बनवाला, बलकार नैन, रश्मि ढुल, रामनिवास मित्तल, पवन थरेजा, राजेश बनवाला, सुरजीत बैनीवाल, इंद्र मुच्छल, सतीश सिरोही, तेजी ढांडा, केशा राम प्योदा, जसबीर बैनीवाल, शंकर संधू, महावीर चहल, संजीव छौत, सत्यदेव छौत, दलीपा रुहल, सतबीर चहल, प्रताप चहल, पीएल भारद्वाज, जयकिशन मान, भानू ठेकेदार, सुखविंद्र सरपंच, करनैल मालखेड़ी, गुरदेव खुराना, बदन गढ़ी, विनोद चहल भैणीमाजरा, रामदिया पुनिया, महिपाल सरपंच, परवीन नैन, सतीश मलिक, राकेश श्योराण, जसबीर मानस, सुनील कुतुबपुर सहित अन्य साथी मौजूद रहे। राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि किसान मसीहा चौ. छोटूराम ने हमेशा किसानों, मजदूरों व कमेरे वर्ग के हकों की लड़ाई लड़ी। किसान मजदूरों पर अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों के खिलाफ आंदोलन चलाए। अपनी कलम को तलवार बनाया। अंग्रेजों के समय में किसानों के हकों को लेकर कानून बनवाए।

## मई माह तक अनुसूचित जाति के 311 लाभार्थियों को 221.74 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की प्रदान : कैबिनेट कृष्ण बेदी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 14 जून।** हरियाणा के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने जारी ब्यान में कहा कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान मई माह तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 311 लाभार्थियों को 221.74 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिसमें 24.14 लाख रुपये की सब्सिडी भी शामिल है।

कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि निगम द्वारा अनुसूचित जाति से संबंधित लोगों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत ऋण मुहैया करवाया जाता है ताकि वे अपना कारोबार और स्व-रोजगार स्थापित कर सकें। इन श्रेणियों में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, व्यापार और कारोबार क्षेत्र तथा स्व-रोजगार क्षेत्र शामिल हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की सहायता से लागू योजनाओं के तहत भी उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र के अंतर्गत 130 लाभार्थियों को डेरी फार्मिंग, भे? पालन और सूअर पालन के लिए 104.72 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध करवाया गया है, जिसमें से 97.61 लाख रुपये बैंक ऋण और 7.11 लाख रुपये सब्सिडी के रूप में जारी किए गए हैं। इसी प्रकार, औद्योगिक क्षेत्र, व्यापार और कारोबार क्षेत्र के अंतर्गत 177 लाभार्थियों को 114.52 लाख रुपये की राशि मुहैया करवाई गई, जिसमें से 86.44 लाख रुपये बैंक ऋण, 16.63 लाख रुपये की सब्सिडी और 11.45 लाख रुपये मार्जिन मनी के रूप में जारी किए गए।

इसी प्रकार, व्यावसायिक एवं स्व-रोजगार क्षेत्र के अंतर्गत 4 लाभार्थियों को 2.50 लाख रुपये की राशि मुहैया करवाई गई, जिसमें से 1.85 लाख रुपये बैंक ऋण, 40 हजार रुपये की सब्सिडी और 25 हजार रुपये मार्जिन मनी के रूप में जारी किए गए।

## पशुओं को पानी पिलाने गए व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत

**कैथल (अप्रस)।** गांव सेरधा में पशुओं को पानी पिलाने गए व्यक्ति की नहाते समय डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के लिए कैथल भिजवाया। शनिवार को शव का पंचनामा करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार गांव सेरधा निवासी 42 वर्षीय कुलदीप अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए तालाब में गया था। गर्मी के कारण वह खुद भी नहाने के लिए तालाब में कूद गया। कुछ देर बाद जब वह बाहर नहीं निकला तो मौके पर अन्य ग्रामीणों ने उसे तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने धारा 174 की कार्यवाही करते हुए शव का पंचनामा करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## जेनेसिस के अर्श गांधी ने नीट यूजी में देश में 11 वां स्थान प्राप्त किया



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 14 जून।** देश के विभिन्न मैडीकल कालेजों में प्रवेश के लिए एनटीएससी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा नीट यूजी का परिणाम आज घोषित किया गया। आज सब तरफ खुशी का माहौल दिखाई दिया। करनाल के अर्स गांधी ने देश भर में नीट यूजी की परीक्षा में 11 वां स्थान प्राप्त किया। संभवतया उसने प्रदेश और उत्तर भारत में भी पहला स्थान प्राप्त किया। करनाल का अर्श गांधी जेनेसिस क्लासिज में पढ़ता है। अर्श गांधी के पिता अरुण गांधी और उनकी माता भी डाक्टर हैं। वह प्राइवेट अस्पताल चलाते हैं। अर्श गांधी के परिवार में पांच डाक्टर हैं। करनाल की जेनेसिस क्लासिज में उत्सव का माहौल दिखाई दिया। देश में 11 वां स्थान पाने वाले अर्श गांधी ने 720 में से 674 अंक प्राप्त किए। करनाल के जेनेसिस क्लासिज के संचालक जितेंद्र अहलावत ने बताया कि उनपके यहां के 100 विद्यार्थियों ने 550 से अधिक अंक प्राप्त किए। उनका कहना था कि उनके यहां के 80 बच्चों का सरकारी मैडीकल कालेजों में प्रवेश हो जाएगा।

## आर्यन ने नीट की परीक्षा में प्राप्त किया 2000वां रैंक

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 14 जून।** ईफा एकेडमी ने आज एक नया इतिहास रच दिया। एक और जहां नीट परीक्षा में केवल दो से ढाई पर्सेंट बच्चे क्वालीफाई कर पाते हैं वहीं ईफा अकादमी के केवल चार बच्चों ने नीट की परीक्षा में भाग लिया और चारों बच्चे क्वालीफाई कर गए। अकादमी के आर्यन ने 2000वां रैंक लेकर जिले में टॉप किया। स्थिति यह है कि अब आर्यन जहां जाएगा वहीं उसका एडमिशन हो जाएगा।

आज दोपहर को करीब 1:30 बजे जैसे ही नीट का रिजल्ट आउट हुआ ईफा अकादमी ने अपने सभी बच्चों का रिजल्ट चेक करना शुरू कर दिया। जब उन्होंने अपने अकादमी के बच्चों का 2000 में रैंक देखा तो अकादमी की डायरेक्टर नेहा शर्मा खुशी से गदगद हो गई। यहां पढ़ने वाले बच्चों ने इस खुशी में अकादमी के बाहर जमकर नाचते कुदते बच्चे खुशी का इजहार कर रहे थे। इन बच्चों का कहना था कि उनकी अकादमी ने जो इतिहास रचा है उससे उनके मंसूबे भी मजबूत हुए हैं।

नेहा शर्मा ने कहा कि यह अकादमी के लिए ऐतिहासिक पल है और वह इस सेलिब्रेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां दो से ढाई परसेंट रिजल्ट आता है वही उनकी अकादमी का 100 प्रतिशत रिजल्ट आना अपने आप में उनकी अकादमी के शिक्षकों और बच्चों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार का रिजल्ट देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## करनाल में फ्लाई ओवर के निर्माण से चारों तरफ पीला ही पीला माहौल

### धूल के गुब्बार से आसमान हुआ पीला, हवा हुई प्रदूषित

अस्थमा रोगियों को सबसे ज्यादा हो रही है परेशानी

अब तक सबसे ज्यादा प्रदूषण महसूस किया गया फिजाओ में

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 14 जून।** करनाल में हर तरफ धूल का गुबार उठ रहा हैं। करनाल में जिस तरह से फ्लाई ओबर का निर्माण किया जा रहा हैं। उसके रहते सब तरफ मिट्टी ही दिखाई दे रही हैं। जीटी रोड के सैक्टर चौदह चौक से लेकर कमेटी चौक तक जाते जाते मिट्टी के गुबार का सामना करना पड़ता हैं। वहीं पर कमेटी चौक से बस स्टैंड तक भी हालात बद से बदतर है। करनाल में बिना प्लालिंग के जिस तरह से फ्लाई ओबर बनाया जा रहा हैं। उसके चलते सारे शहर में खोद दिए हें। पहले मिट्टी दबाने के लिए पानीका छिड?ाव होता था वह अब बंद कर दिया है। इसके कासरण मिट्टी उड़ती रहती ळैं। यदि आप सैक्टर छह चौक से स्टेशन की तीरफ जाएं तो कमेटी चौक आते आते शर्ट पीली हो जाती हैं। चारों तरफ पीली धूल उड़ती दिखती हैं। इसके अलावा राजस्थान की और से उठी धूल भरी आंधी करनाल में भी दस्तक दे चुकी है। एन.सी.आर से शुरू होकर यह पहुंचा धूल का गुब्बार उत्तर हरियाणा को अपनी चपेट में ले चुका है। जिसकी वजह से धूल लोगों की आंखो ओर मूंह में जा रही है। जिससे लोगों को सांस लेने में काफी दिक्कत आ रही है। एक सप्ताह पहले तक हवा में शुद्धता का सूचकांक संतोष जनक था। लेकिन धूल के गुब्बार ने प्रदूषण के स्तर को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। आसमान में धूल छाने के कारण तापमान में तो कमी आई है। लेकिन हवा में धूल की मात्रा साढ़े 300 तक जा पहुंची है। जो खतरनाक स्तर पर है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश होने के बाद ही यह स्थिति साफ हो सकती है। इससे एक सप्ताह पहले तक पीएम 2.5 की हवा में मात्रा 190 तक बनी हुई थी। अब यह मात्रा 350 तक पहुंच गई है। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से इसे खतरनाक सूची में डाला गया है और वायु गुणवत्ता सूचकांक पर यह रेड अलर्ट के दायरे में आता है। इसी के चलते उत्तर हरियाणा में भी हवा सांस लेने लायक नहीं है। वाहन चालकों के लिए इस धूल की वजह से ज्यादा परेशानी बनी हुई है। इस प्रदूषित मौसम के अभी दो से तीन दिन राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। रात के समय धरती पर उतर जाती है धूल ~ लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय हो रही है। हवा गर्म होने के चलते दिनभर यह आसमान में उड़ती रहती है और शाम को हवा ठंडी होने के साथ ही यह धूल नीचे आने लगती है। पछुआ हवाओं ने गर्मी व उमस बढ़ा दी है। दिन में 15 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। शाम को हवा रुकने से उमस ने बेहाल कर दिया है।

अधिकतम तापमान 45 और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस है।

छाती रोग एवं मेडिसन विशेषज्ञ डा. नेत्रपाल रावल ने बताया कि मूंह पर मास्क लगाकर निकलना चाहिए। हवा में धूल के कण आसमान में छाने के कारण यह मूंह के सहारे शरीर में भी जाते है। जिससे फेफड़ो में धूल जम जाती है। इसके चलते भी प्रदूषण भी बढ़ा है। इससे आंखों, नाक और गले में जलन, खांसी, बलगम, सीने में जकडन् और सांस टूटना आदि समस्याएं हो सकती हैं। अस्थमा और पीओपीडी से पीड़ितों में लक्षण और भी गंभीर होते हैं। बच्चों व बुजुर्गों को चाहिए कि वे मास्क लगाकर ही बाहर निकलें।

## दिल्ली वासियों के लिए बहुत बड़ी खबर

# अनधिकृत कॉलोनियों को मिलेगा मालिकाना हक, सर्किल रेट में जल्द होगा बदलाव

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 14 जून।** मुख्यमंत्री ने अनधिकृत कॉलोनियों में विकास तेज करने और वहां रहने वालों को मालिकाना हक देने के लिए डीडीए और शहरी विकास विभाग को इस पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है। साथ ही, सर्किल रेट में अनियमितताओं को दूर करने के लिए डिविजनल कमिश्नर की अगुवाई में एक समिति बनाने के निर्देश दिये हैं, जो बाजार के हिसाब से नई दरें तय करेगी। इस बैठक में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, डीडीए, एमसीडी, डीएमआरसी और उद्योग प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें अनधिकृत कॉलोनियों, सर्किल रेट, व्यापार सुगमता और ग्रीन बिल्डिंग नीति जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

**व्यावसायिक-रिहायशी भूखंड जोड़ने पर कम होगा शुल्कः** मुख्यमंत्री ने दिल्ली में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए टास्क फोर्स को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये हैं। इसमें सिंगल विंडो क्लीयरेंस, समयबद्ध प्रोजेक्ट मंजूरी और मानकीकृत नियम लागू करने जैसे सुझावों पर चर्चा हुई। व्यावसायिक और रिहायशी भूखंडों को जोड़ने के लिए सरकारी शुल्क को कम करने पर भी सहमति बनी है। इससे उद्यमियों, व्यवसायियों और स्टार्टअप के लिए भूखंड जोड़ना सस्ता और निर्माण करना आसान होगा। व्यापार और आवासीय प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा मिलेगा। दिल्ली में विकास की गति तेज होगी।

**रिहायशी इलाकों में भी लागू होगी ग्रीन बिल्डिंग नीतिः** इस बैठक में पर्यावरण को प्राथमिकता देते हुए ग्रीन बिल्डिंग नीति को रिहायशी इलाकों तक विस्तार देने का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री ने टास्क फोर्स को इस नीति को और प्रभावी बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। इसके अलावा, स्लम पुनर्विकास के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देने, संपत्ति कर को तर्कसंगत बनाने और डीएमआरसी की जमीन का बेहतर उपयोग करने जैसे विषयों पर भी गंभीरता से चर्चा हुई है।

**पारदर्शी और तेजी से काम करे टास्क फोर्सः** मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिल्ली को वैश्विक और हरित राजधानी बनाने के लिए टास्क फोर्स को पारदर्शी और तेजी से काम करने की जरूरत है। सिंगल विंडो सिस्टम और ऑटोमेशन से व्यापार और निर्माण आसान होगा। दिल्ली में व्यापार करना और अधिक सहज, तेज और निवेश के अनुकूल होगा।

## जत्थेदार दादूवाल को धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन बनाना ऐतिहासिकः गुरु प्रसाद

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** देश के जाने माने इंटरनेशनल सिख धर्म प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादुवाल को फिर से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैंन बनाए जाने पर एच एस जी पी सी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य गुरु प्रसाद सिंह ने खुशी जाहिर की है। इसे ऐतिहासिक कदम बताया है।उन्होंने इस कदम को ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कमेटी के सदस्य, बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जत्थेदार दादुवाल अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अध्यात्मिक संत है। उन्हे यू एन ओ ने भी सिख अध्यात्मिक संत के रूप मे सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जत्थेदार दादुवाल की अगुवाई मे एच एस जी पी सी की धर्म प्रचार कमेटी सिख पंथ का प्रचार करेगी। एच एस जी पी सी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य गुरु प्रसाद सिंह ने बताया कि श्री दादुवाल को अगवाई मे सिख धर्म का प्रचार ऐतिहासिक तरीके से होगा।

## 19 जून को आप सिर्फ अपना विधायक नहीं चुनेंगे, आप अगले कैबिनेट मंत्री का भी चुनाव करेंगे : सिसोदिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 14 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने 19 जून को होने वाले उपचुनाव के लिए आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा के समर्थन में आज लुधियाना वेस्ट में दो विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। दोनों नेताओं ने लुधियाना के लिए अरोड़ा के असाधारण योगदान और आप सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और मतदाताओं से निरंतर विकास सुनिश्चित करने के लिए आप को देने की अपील की।

अपने संबोधन के दौरान संजीव अरोड़ा ने सांसद के रूप में अपने काम, खासकर स्कूलों और अस्पतालों को बेहतर बनाने के अपने प्रयासों को साझा किया। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि उनका वोट सिर्फ़ उनका नहीं बल्कि उनके बच्चों और लुधियाना के भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि मतदान करने में तो आपको केवल 15 से 20 मिनट लगेंगे, लेकिन इससे लुधियाना पश्चिम का भविष्य तय होगा।

मनीष सिसोदिया ने संजीव अरोड़ा के समर्पण को बताया और एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चे के लिए जीवन रक्षक इंजेक्शन हासिल करने के लिए रुपये 12 करोड़ जुटाने के उनके उल्लेखनीय प्रयासों का जिक्र किया। सिसोदिया ने कहा, 'यह चुनाव एक ऐसे नेता को चुनने के लिए है जो वास्तव में लोगों की सेवा करेगा। संजीव अरोड़ा केवल एक उम्मीदवार नहीं हैं, वह कैबिनेट मंत्री के रूप में लुधियाना पश्चिम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह यह सुनिश्चित करेंगे कि इस निर्वाचन क्षेत्र की आवाज उच्चतम स्तर पर सुनी जाए।'

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संजीव अरोड़ा को दयालु व्यक्ति और मेहनती नेता बताया। मान ने कहा, 'अरोड़ा जी एक दयालु व्यक्ति हैं जो लोगों के दर्द को महसूस करते हैं। एक बार जब वे विधायक बन जाएंगे और मेरे मंत्रिमंडल का हिस्सा बन जाएंगे तो लुधियाना पश्चिम के लिए काम करने की उनकी शक्ति कई गुना बढ़ जाएगी।'

उन्होंने लोगों से आम आदमी पार्टी के चुनाव चिन्ह झाड़ू का बटन दबाकर ईमानदारी और प्रगति के लिए वोट डालने का आग्रह किया। मान ने विपक्षी नेताओं की उनके अहंकार और जनता की जरूरतों की अनदेखी के लिए आलोचना की और लोगों को आशु जैसे नेताओं के अपमानजनक व्यवहार के उदाहरणों की याद दिलाई।


### स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना संख्या. एस/08/2025-26 तारीखः 12-06-2025।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्ननिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई हैं ।

**क्रमिक संख्या 1. निविदा संख्या. 40/25/0470ए/ओटी/73/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 20-06-2025**

**संक्षिप्त विवरणः** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0180-2016 (आरईवी.0) के अनुरुप एसजी एसी एवं एसी रहित कोचों के लिए 12 वी, 7 एएच क्षमतावाले सीलड मेंटेनेंस फ्री बैटरी सहित एलईडी आधारित इमर्जेंसी अटोमैटिक लाइट यूनिट टाइप-1, स्पेसिफिकेशनः आईसीएफ, स्पेसिफिकेशन संख्या. आईसीएफ ईलैक्ट/917 आरईवी-1 (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेसः 0], [यूवीएएम लिंकिंगः] आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 500 संख्यक, 2) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 500 संख्यक। पीएल. संख्या. -45150515।

**क्रमिक संख्या 2. निविदा संख्या. 37/25/0778बी/ओटी/74/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 24-06-2025**

**संक्षिप्त विवरणः** ह्वील सीएंडडब्ल्यू एनजी (पार्ट फिनिशड) डीआरजी. संख्या. एनएफआर, डीएचआर/सी/010. एएलटी-5. एमएटी स्पेसिफिकेशनः आईआरएस, आईआरएस-19/93, पीटी-II (आरईवी-4) संशोधनी संख्या अगस्ट 2015 के 1 (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेसः 0], [यूवीएएम लिंकिंगः] आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 200 संख्यक। 2) परिमाण- तिनधरिया स्टोरस डिपो, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 200 संख्यक, पीएल. संख्या. -39060056।

**क्रमिक संख्या 3. निविदा संख्या. 61/25/5203/ओटी/75/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 23-06-2025**

**संक्षिप्त विवरणः** आरडीएसओ डीआरजी. संख्या. टी-4218 तक 60 केजी पीएससी शलीपरों के ऊपर 12 टर्ण आउट के 1 के लिए 6 मिलीमीटर घना नाइलन रिइनफोर्सड ग्रुवड रबड़ सोल प्लेटस, रेलों के नीचे स्थापन करने हेतु रेल पैड के लिए आईआरएस स्पेसिफिकेशन अनुरुप, अगर है अनंतिम परिवर्तन अनुसार क्रम संख्या. टी-55-2023 (निविदा खुलने की सही तारीख से पहले 5 दिनों तक अनंतिम परिवर्तन की शर्ते जहाँ लागु होगी उसी अर्थ को परिभाषित करेगा)। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेसः 0], [यूवीएएम लिंकिंगः] आईटमः 3100584, रेल पेडस, सब आईटमः जीआरएसपी), आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाणः एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगॉव, एनएफआर (असम) के लिए 619 संख्यक। पीएल. संख्या. -60110909।

**क्रमिक संख्या 4. निविदा संख्या. 37/25/0291ए/ओटी/76/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 23-06-2025**

**संक्षिप्त विवरणः** "बफर प्लांजार हेतु फेस प्लेट" आरडीएसओ ड्रायिंग. संख्या. एसके-94254, एएलटी-3 मेटरियलस स्पेसिफिकेशनः अनंतिम संशोधनी एवं परिवर्तन सहति ड्रायिंग अनुसार। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेसः 0], [यूवीएएम लिंकिंगः] आईटमः 2300011, साइड बफर एआरआरजीटी, फेस प्लेट सहित), आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाणः डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप, डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 1531 संख्यक। (2) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएपआर (असम) के लिए 2610 संख्यक। पीएल. संख्या. -37130158।

**क्रमिक संख्या 5. निविदा संख्या. 61/25/5202/ओटी/77/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 27-06-2025**

**संक्षिप्त विवरणः** निविदा बंद होने की तारीख अनुसार अगर हैं अनंतिम परिवर्तन सहित 52 केजी एवं 60 केजी (यूआईसी) रेल हेतु उपयुक्त होने वाले वाईडार पीएससी शलीपर सहित इस्तेमाल हेतु आरडीएसओ डीआरजी. संख्या. टी-8747 अनुरुप वाइडार बेस पीएससी शलीपरों के लिए 10 मिलीमीटर घना कम्पोजिट ग्रुवड रबड़ सोल प्लेट, ई-निविदा बंद होने की तारीख अनुसार अगर है अनंतिम संशोधनी एवं संशोधनी संख्या. 2018 के 1 सहित स्पेसिफिकेशनः आईआरएस स्पेसिफिकेशन संख्या. आरडीएसओ/एमएडसी/आरपी-200/2007 (प्रोविजनल)। यह एक सुरक्षा आईटम हैं। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेसः 0], [यूवीएएम लिंकिंगः] आईटमः 3100584, रेल पेडस, सब आईटमः सीजीआरएसपी), आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाणः एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगॉव, एनएफआर (असम) के लिए 683683 संख्यक। पीएल. संख्या. -60110831।

**क्रमिक संख्या 6. निविदा संख्या. 61/25/5205/ओटी/78/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 27-06-2025**

**संक्षिप्त विवरणः** 1) आरडीएसओ डीआरजी. संख्या. टी-4149 अनुसार स्वीच एक्सपानसन जॉयंट हेतु बिजी के (1673 एमएम) के लिए प्रीस्ट्रेसेड मनो ब्लॉक कंक्रीट स्पेशल शलीपरों का प्रस्तुतकरण एवं आपूर्ति। (प्रिटेनशन टाइप) आईआरएस स्पेसिफिकेशन संख्या टी-39 अनुसार, ठेके के प्रचलन के दैरान समय समय पर संशोधित अनुसार ट्रैक स्टैंडर्ड समिति द्वारा प्रस्तुत अगर है अनंतिम परिवर्तन सहित (छथा संशोधनी मार्च%यू 20192021) एवं वर्क स्टेशन/वर्क साइडिंग हेतु एवं सड़क वाहन/रेलवे वागन पर यथोचितरुप से लोड करके 52/60 केजी यूआई सी रेलों की उपयोगी होने वाले इसके ऊपर पार्ट ड्रायिंग । (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसीः सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपीः लागु नहीं, स्टेजेसः 0], [यूवीएएम लिंकिंगः], आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाणः एसएसई/सीएस/एचक्यू, एनएफआर (असम) के लिए 3317 संख्यक। पीएल. संख्या. -60060463। 2) आरडीएसओ डीआरजी. संख्या. टी-4149 अनुसार स्वीच एक्सपानसन जॉयंट हेतु बिजी के (1673 एमएम) के लिए प्रीस्ट्रेसेड मनो ब्लॉक कंक्रीट स्पेशल शलीपरों का प्रस्तुतकरण एवं आपूर्ति। (प्रिटेनशन टाइप) आईआरएस स्पेसिफिकेशन संख्या टी-39 अनुसार, ठेके के प्रचलन के दैरान समय समय पर संशोधित अनुसार ट्रैक स्टैंडर्ड समिति द्वारा प्रस्तुत अगर है अनंतिम परिवर्तन सहित (छथा संशोधनी मार्च%यू 20192021) एवं वर्क स्टेशन/वर्क साइडिंग हेतु एवं सड़क वाहन/रेलवे वागन पर यथोचितरुप से लोड करके 52/60 केजी यूआई सी रेलों की उपयोगी होने वाले इसके ऊपर पार्ट ड्रायिंग। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसीः सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपीः लागु नहीं, स्टेजेसः 0], [यूवीएएम लिंकिंगः], आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाणः एसएसई/पी.वे/डालखोला, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 24 संख्यक। पीएल. संख्या. -601901380045।

**क्रमिक संख्या 7. निविदा संख्या. 30/25/1001/ओटी/79/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 30-06-2025**

**संक्षिप्त विवरणः** 04 संख्यक आइटम रहे आईसीएफ डिजाइन (बीएमबीसी) कोच हेतु ब्रेक गीयर बुश की किट, डीआरजी-आरडीएसओ डीआरजी संख्या. स्केच्च-81039, एएलटी-15 या फिर अनंतिम, आईटम 2 - 120 संख्यक/किट, आइटम-3-52 संख्यक/किट, आइटम-7-32 संख्यक/किट, आइटम-11-08 संख्यक/किट, कुल = 212 संख्यक/किट, एमएटी स्पेसिफिकेशन-सेलफ ल्यूब्रिकेटिंग पॉलियेस्टर रेजिन आधारित कम्पोजिट ब्रेक गीयर ब्रुशेज, आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. सी-के 605 (जूलाई 19 की संशोधनी 02) तक मेइन लाइन कोचों पर (बिजी) इस्तेमाल होंगे या फिर इनजेकशन मोल्डेड हाई पॉरफरमेंस पॉलियामाइड%यू 201सीएचपीपीए%यू201डी तक (सेलफ ल्यूब्रिकेटेड सुपिरियर नाइलन ग्रेड), आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. आरडीएसओ/2009/सीजी-17 तक बि.जी. मेइन लाइन कोच हेतु ब्रेक गीयर बुशेज (अप्रैल 2023 की संशोधनी 3) [निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेसः 0], [यूवीएएम लिंकिंगः], आईटमः 2300199, इनजेकशन मोल्डेड हाई पारफरमेंस पॉलियामाइड (एचपीपीए) (सेलफ ल्यूब्रिकेटेड सुपिरियर नाइलन ग्रेड) बीजी मेइन लाइन कोच हेतु ब्रेक गीयर बुशेज) आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाणः डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो एनएफआर (असम) के लिए 500 सेट। (2) परिमाण न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 699 सेट। पीएल. संख्या. -30327106।

**क्रमिक संख्या 8. निविदा संख्या. 30/25/1312/ओटी/80/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 30-06-2025**

**संक्षिप्त विवरणः** एलएचबी कोचों के लिए बेइल जॉयंट ट्रैकशन लीवर, ड्रायिंग संख्या. - सी53973 आरईएफ बीआरईडी8403, आरईवी 02 (एफएफ1521728) या फिर अनंतिम एमएटी स्पेसिफिकेशन संख्या. टी-एस 17.532.100.00 टीएस 17.617.100.02 एमडीटीएस 148 आरईवी 01 या फिर अनंतिम एवं एमडीटीएस 122 आरईवी 03 या फिर अनंतिम (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज आईएनएसपीः नहीं, स्टेजेसः 0], [यूवीएएम लिंकिंगः], आईटमः 3100596, फ्लैट बोगी के लिए रबड़ मेटल बांडेड आईटम का सेट] आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाणः डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 8024 संख्यक। (2) परिमाणः पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 126 संख्यक, (3) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 7189 संख्यक। (4) परिमाणः न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 12 संख्यक। (5) परिमाणः कटिहार जीएसडी, एनएफआर (बिहार) के लिए 32 संख्यक। पीएल. संख्या. -33500010।

**क्रमिक संख्या 9. निविदा संख्या. 61/25/5208/ओटी/81/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 02-07-2025**

**संक्षिप्त विवरणः** टीडब्ल्यूएसइजे शलीपर टी-8838 (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसीः सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपीः लागु नहीं, स्टेजेसः 0], [यूवीएएम लिंकिंगः], आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाणः एसएसई/सीएस/एचक्यू, एनएफआर (असम) के लिए 8024 संख्यक। पीएल. संख्या. -600500362136।

**नोटः** निविदा सूचना और निविदा प्र पत्रों कि विस्तृत जानकारी के लिए निविदाकर्तागण (www.ireps.gov.in) वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं। प्रत्याशित बोलीदाताओं ने, जो उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करना चाहते हैं, अगर वे इसी बीच आईआरईपीएस वेबसाइट पर पंजीयनकृत है, तो उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर खुद को लॉग ऑन करना होगा एवं इलैक्ट्रॉनिकैली प्रस्ताव को दाखिल करना होगा। अगर वे आईआरईपीएस में पंजीयनकृत नहीं है तो भारत सरकार के एक्ट 2000 के अधीन अनुमोदित एजेंसी से क्लास -III डिजिटल सिगनेचर प्राप्त करने के लिए और उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करने के लिए उन्हे सलाह दी गई हैं।

पीसीएमएम, मालीगॉव

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

*मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में*


# पुरुषों के वनडे में दो गेंद के नियम और कनकशन सब्स्टीट्यूट प्रोटोकॉल में बदलाव



अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन

**नई दिल्ली, 14 जून।** आईसीसी ने पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वनडे के दो गेंदों के नियम और कनकशन सब्स्टीट्यूट प्रोटोकॉल में बदलाव को मंजूरी दे दी है।

नए प्लेइंग कंडिशंस आईसीसी की पुरुष क्रिकेट समिति की सिफारिश पर आधारित हैं और चीफ एग्जीक्यूटिव्स कमेटी द्वारा पास किए गए हैं। ये 17 जून से टेस्ट में, 2 जुलाई से वनडे में और 10 जुलाई से टी20 में लागू होंगे।

फिलहाल पुरुषों के वनडे में एक पारी में दो नई गेंदों का इस्तेमाल होता है। नए नियमों के अनुसार पारी की शुरुआत से 34वें ओवर तक दो गेंदें इस्तेमाल होंगी। इसके बाद गेंदबाजी टीम दोनों में से एक गेंद चुनेगी, जिसका इस्तेमाल 35वें से 50वें ओवर तक दोनों छोर से किया जाएगा।

आईसीसी ने कहा कि इस बदलाव का उद्देश्य ÷बल्ले और गेंद के बीच संतुलन को फिर से स्थापित करना÷ है। अगर किसी वनडे को पहली इनिंग शुरू होने से पहले ही घटाकर 25 ओवर या उससे कम कर दिया जाता है, तो पूरी पारी के लिए केवल एक नई गेंद दी जाएगी। नए कनकशन प्रोटोकॉल के अनुसार, टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को अपने सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों के नाम इन भूमिकाओं के आधार पर देने होंगे÷

एक विकेटकीपर
एक बल्लेबाज
एक तेज गेंदबाज
एक स्पिनर
एक ऑलराउंडर

इस साल जनवरी में भारत ने बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह चौथे टी20 में इंग्लैंड के खिलाफ गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को कनकशन सब्स्टीट्यूट के रूप में उतारा था। राणा ने मैच में 33 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें खेलने के लिए मंजूरी देने का फैसला काफी बहस का विषय बना। अब जिन भूमिकाओं में खिलाड़ी नामित किए जाएंगे, उससे ऐसी स्थितियों से बचा जा सकता है।

अगर रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को भी कनकशन हो जाए, तो मैच रेफरी मौजूदा 'लाइक-फॉर-लाइक' प्रोटोकॉल के अनुसार नामित पांच खिलाड़ियों से बाहर के खिलाड़ी को मंजूरी दे सकते हैं।

कैचिंग से जुड़े नियमों में भी बदलाव किया गया है, जिसमें एमसीसी ने 'बनी हॉप' के जरिए बाउंड्री के बाहर जाकर कैच पकड़ने को अवैध करार दिया है।

## अमृतकाल के 11 साल विकसित भारत का संकल्प के कार्यक्रमों की रूपरेखा हेतु कार्यशाला संपन्न




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जून।** भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला की विकसित भारत का अमृतकाल ङ्कसेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम की रूपरेखा हेतु कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष रविंदर मलिक की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शक्ति प्रकाश देवशाली और प्रदेश कार्यालय सचिव मनीष शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

कार्यशाला में जिला महामंत्री संदीप माहाजन , एल. डी. शर्मा , जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा सहित जिला एवं मंडल के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लिए किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं के साथ साझा की गई। सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि वे मोदी सरकार की जनहितकारी नीतियों और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं तथा आम जनता को इन कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

यह कार्यशाला संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत सफल रही और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं में नव उत्साह का संचार हुआ।


**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद**
**NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING**
Sri Aurobindo Marg, New Delhi-110016, www.ncert.nic.in

**एनसीईआरटी प्रकाशनों के वितरण हेतु भारत के विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों एवं विदेशों में विक्रेताओं के पैनल का गठन**

एनसीईआरटी अपने प्रकाशनों, विशेष रूप से विद्यालयी पाठ्यपुस्तकों के वितरण हेतु सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पैनल में शामिल विक्रेताओं की संख्या को वर्ष 2025 एवं आगे के लिए बढ़ाना चाहती है। प्रतिष्ठित स्टॉकिस्ट/थोक विक्रेता, जिन्हें पुस्तकों के वितरण का अनुभव हो, जिनकी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ हो, जो वार्षिक बिक्री लक्ष्य को प्राप्त करने की क्षमता रखते हों और आवेदन पत्र में उल्लिखित अन्य शर्तों को पूरा करते हों, वे आवेदन कर सकते हैं। वे विद्यालय संगठन / संघ भी आवेदन कर सकते हैं जो अपने छात्रों के लिए सीधे एनसीईआरटी से पाठ्यपुस्तकें प्राप्त करना चाहते हों। आवेदन पत्र और संबंधित दस्तावेज़ एनसीईआरटी की वेबसाइट www.ncert.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। **वर्तमान में पैनल में शामिल विक्रेताओं को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।** पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र तथा आवश्यक दस्तावेजों को पीडीएफ प्रारूप में ncert.hpd@gmail.com पर इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर ईमेल के माध्यम से भेजा जाना चाहिए।

cbc21104/12/0001/2526


## नीट की परीक्षा में कैथल की अंशिका ने लहराया परचम

ऑल इंडिया में 385 वां रैंक हासिल कर रामा कैरियर इंस्टिट्यूट व जिले का नाम किया रोशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 14 जून।** आज जैसे ही नीट 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआतो वैसे कैथल जिले के रामा कैरियर इंस्टिट्यूट में खुशी की लहर दौड़ गई। इंस्टिट्यूट में इस खुशी की वजह संस्थान की होनहार छात्रा अंशिका बनी है जिसने ऑल इंडिया 385 वां रैंक प्राप्त कर न केवल अपने माता पिता, बल्कि पूरे जिले और संस्थान का नाम रोशन किया है।

अंशिका की यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि उन्होंने इससे पहले कक्षा 12वीं में मेडिकल स्ट्रीम में अपने ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। यह उपलब्धि अंशिका की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और कठिन परिश्रम का ही परिणाम है कि अब नीट जैसी देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली परीक्षा में उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। रामा कैरियर इंस्टिट्यूट के निदेशक ने कहा कि अंशिका की इस सफलता पर पूरे संस्थान को गर्व है। यह हमारी शिक्षा पद्धति और छात्रों की मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। अंशिका की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट और मार्गदर्शन सही हो तो किसी भी मुकाम को पाया जा सकता है।

## बिजली की टूटी लाइन को आप के वार्ड 7 के प्रभारी ने बिजली कर्मचारियों के सहयोग से ठीक करवाया

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह)।** जीरकपुर में भीषण गर्मी के बीच स्थानीय निवासियों को बिजली के आघोषित कटों से दो-चार होना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में रात के करीब 2÷00 बजे प्रीत पैलेस बलटाना के सामने बिजली की मेन लाइन टूट गई और बत्ती गुल हो गई। जिस संबंधी स्थानीय निवासियों ने आप के वार्ड 7 के प्रभारी सुरेश सैनी व उनके बेटे रमन सैनी से संपर्क किया। शिकायत मिलते ही मामले को विधायक महोदय के संज्ञान में लाकर तुरंत प्रभाव से इलाका निवासियों और बिजली विभाग की मदद से रात को 3÷00 बजे टूटी हुई में लाइन को जोड़ा गया और बिजली को चालू करवाया गया। इस मौके पर इलाका निवासियों ने विधायक कुलजीत सिंह रंधावा वा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद भी किया।


### उत्तर रेलवे
**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से **ई–निविदा** के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15:00** बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अग्रिम राशि | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| लिडार सर्वेक्षण प्रौद्योगिकी (आरपीजे - बीटीआई - एसजीएनआर) का उपयोग करके यार्ड और अनुभाग का ढाल सत्यापन। | ₹ 45,79,846 | ₹ 91,600 | 02 Months | 07.07.2025 |
| सहारनपुर यार्ड में टीआरआर (पी) 1.59 टीकेएम, सहारनपुर में पी. एफ. लाइन नंबर 1, 2 और सेंटर लाइन और एडीईएन/ एसआरई के अधीन एसएसई/ पी. वे/ एसआरई के सेक्शन में खानआलमपुरा (केजेजीवाई) यार्ड में टीबीआर - 13.769 टीकेएम के साथ डीप स्क्रीनिंग कार्य। | ₹ 82,84,786 | ₹ 1,65,700 | 09 Months | 07.07.2025 |
| एसआर. डीईएन-II/ यूएमबी के तहत एडीईएन/पीटीए के अनुभाग में सीएस, सीएमएस, टीडब्ल्यूएस के साथ थ्रू टर्नआउट नवीनीकरण के लिए शेष कार्य और एसएसई/पीवे/पीटीए के अनुभाग में टीआरआर और अन्य विविध कार्यों का शेष कार्य। | ₹ 80,75,377 | ₹ 1,61,500 | 09 Months | 07.07.2025 |
| आरपीजे-बीटीआई सेक्शन पर किमी 14/28-26 (14.612) पर पुल संख्या 26 (डीएन लाइन), स्पान 3x8.22 मीटर के लिए 25 टन लोडिंग के लिए उपयुक्त बनाने के लिए उप-संरचना को मजबूत करने के साथ-साथ स्टील गर्डर को पीएससी स्लैब से प्रतिस्थापित करना। | ₹ 1,81,17,069 | ₹ 2,40,600 | 08 Months | 07.07.2025 |
| एडीईएन/ यूएमबी के अधीन एसएसई/ डब्ल्यू/ई/ यूएमबी खंड में पुरानी रेलवे कॉलोनी में पार्क का विकास/ उन्नयन। | ₹ 40,06,216 | ₹ 80,100 | 04 Months | 07.07.2025 |

**1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा संख्याः 11-अम्बाला/2025-26 दिनांक 13.06.2025

1776/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सत्यपाल जैन ने 'छब्बील' का किया उद्घाटन



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 14 जून।** श्री हरि सिमरन सेवा समिति चंडीगढ़ ने आज अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर 46-ए में ÷छब्बील÷ का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री सत्यपाल जैन थे तथा समारोह का उद्घाटन करने के पश्चात श्री जैन ने लोगों को ÷मीठा जल÷ भी वितरित किया। श्री जैन ने लोगों के कल्याण के लिए लगातार विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक समारोहों के आयोजन में समिति की भूमिका की सराहना की। 'छब्बील' सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रही। संस्था की मुख्य संरक्षक श्रीमती पूनम कोठारी ने कहा कि समिति के सदस्य समाज सेवा गतिविधियों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा उन्हें इससे पूर्ण संतुष्टि मिलती है।

अन्य लोगों में सर्वश्री अनामिका वालिया, भूपिंदर शर्मा, डॉ. अनिरुध उनियाल, बीएल अरोड़ा, मणिनिर्मल, रविंदर मलिक, एलडी शर्मा, मुकेश शास्त्री, रूबी गुप्ता, बबीता सैनी, सुरेंद्र कोठारी, कांति देवी, राज रानी, मोहन, प्रीति, जिंदल नैसी, दीप मेहता, कीर्ति, मानसी रावत, तरूणा, रोहन, दीपाली, प्रेम निवास, बादल भी समारोह में शामिल हुए और सभी लोगों को लंगर वितरित किया।

▲ अधिकतम 39 डिग्री से.
डिग्री से. 30 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.19 बजे
सूर्यास्त 7.26 बजे

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट | : | 99,430.00 |
| सेंसेक्स | : | 81,691.98 |
| अमेरिका | : | 85.53 |
| कैनेडियन | : | 62.74 |
| आस्ट्रेलिन | : | 55.73 |

## न्यूज ब्रीफ

### रावधस 15 जून को मनाएगा अपना 24वाँ स्थापना दिवस, कबीर जयंती के उपलक्ष्य में साथ ही होगा सामाजिक सम्मेलन

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** राष्ट्रीय वाल्मीकि धर्म समाज (रावाधस)–रजिस्टर्ड, अपनी स्थापना की 24वीं वर्षगांठ 15 जून, 2025 को मना रहा है। स्थापना दिवस और साथ ही कबीर जयंती समारोह का आयोजन रविवार को सेक्टर 37 के अम्बेडकर भवन में कर रहा है। इस दौरान समाज से जुड़े लोगों के अलावा गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय वाल्मीकि धर्म समाज (रावाधस)–रजिस्टर्ड, के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक धर्मगुरु दिलबाग टांक आदिवासी ने बताया कि रावाधस के 24वें स्थापना दिवस और कबीर महाराज जी की जयंती के अवसर पर कल रविवार 15 जून 2025 को 'सामाजिक सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में कबीर महाराज के प्रवचनों पर एक सत्संग होगा। इस दौरान गणमान्य लोगों को सम्मानित किया जाएगा। संगठन के विस्तार के लिए नवनियुक्तियाँ की जाएगी एवं वाल्मीकि समाज में एकजुटता और आगे ले जाने पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### विदेश का वर्क वीजा दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 17 पुलिस ने विदेश का वर्क वीजा दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अंकुश और अन्य ने पुलिस को बताया कि उनका कुछ समय पहले सेक्टर 22 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी के ऑनर और कर्मियों से हुआ था। उन्होंने सभी पीड़ितो को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उनका विदेश का वर्क वीजा दिलवा देंगे। सभी पीड़ित उनके झांसे में आ गए। उन्होंने कम्पनी के आरोपी कर्मियों को कुल 17 लाख 22 हजार रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहें। ना तो उनका विदेश का वर्क वीजा दिलवाया। और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी ऑनर और कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### चंडीगढ़ में पीओई और पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# अपंजीकृत इमिग्रेशन एजेंसी पर छापा, फर्जी नौकरी रैकेट का भंडाफोड़

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 14 जून।** प्रोटेक्टोरेट ऑफ इमीग्रेंट्स, चंडीगढ़ और चंडीगढ़ पुलिस ने शनिवार दोपहर एक संयुक्त कार्रवाई में सेक्टर 34 ए में मेसर्स द सेटअप ओवरसीज़ नामक अपंजीकृत इमिग्रेशन एजेंसी के परिसर पर छापा मारकर अवैध विदेशी नौकरी रैकेट का पर्दाफाश किया।

यह फर्म बिना वैध लाइसेंस के जॉर्जिया, जॉर्डन, अजरबैजान और दुबई जैसे देशों में होटल और निर्माण क्षेत्र में उच्च वेतन वाली नौकरियों के झूठे वादे कर युवाओं को ठग रही थी। छापेमारी के दौरान दो लैपटॉप, 17 मोबाइल फोन, फर्जी नौकरी ऑफर लैटर और कई आपत्तिजनक दस्तावेज़ जब्त किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए वित्तीय लेनदेन की जांच शुरू कर दी है।



### पुलिस प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान

प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने के लिए पीओई ने सेक्टर 26 के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में चंडीगढ़ पुलिस अधिकारियों के लिए एक सत्र आयोजित किया, जिसमें ई–माइग्रेट पोर्टल, उत्प्रवास नियम और साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। साथ ही, पीओई चंडीगढ़ के सोशल मीडिया हैंडल पर एक डिजिटल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो सुरक्षित विदेशी रोजगार और एजेंट सत्यापन की जानकारी प्रदान करता है।

### कानूनी चेतावनी

पीओई ने स्पष्ट किया कि बिना वैध लाइसेंस के कोई भी एजेंट या संस्था भारतीय नागरिकों को विदेश में रोजगार के लिए भर्ती नहीं कर सकती या विज्ञापन नहीं दे सकती। ऐसी गतिविधियां उत्प्रवास अधिनियम, 1983 के तहत दंडनीय हैं। पीओई चंडीगढ़ ने नागरिकों से सतर्क रहने और फर्जी एजेंटों के झूठे वादों से बचने का आग्रह किया है।

### पीओई और पुलिस का ज्वाइंट ऑपरेशन

पीओई चंडीगढ़, जो चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और हरियाणा के कुछ हिस्सों में प्रवासन नियमन के लिए जिम्मेदार है, ने चंडीगढ़ पुलिस के नोडल अधिकारी के साथ मिलकर पिछले एक वर्ष में अवैध विदेशी रोजगार से जुड़ी 52 शिकायतें साझा कीं। इनके आधार पर 13 एफआईआर दर्ज की गईं और 32 अपंजीकृत एजेंटों को प्रोटेक्टोरेट ऑफ इमीग्रेंट्स (उत्प्रवास अधिनियम) 1983 के तहत नोटिस जारी किए गए।

### नागरिकों से सतर्कता की अपील

पीओई चंडीगढ़ ने युवाओं से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फर्जी नौकरी विज्ञापनों से सावधान रहें, खासकर अजरबैजान, जॉर्डन, लक्ज़मबर्ग, जॉर्जिया, कंबोडिया और थाईलैंड जैसे देशों के लिए। विदेश में नौकरी के लिए केवल विदेश मंत्रालय के ई–माइग्रेट पोर्टल (www.emigrate.gov.in) पर पंजीकृत भर्ती एजेंटों से संपर्क करें। शिकायत दर्ज करने के लिए टोल–फ्री नंबर 1800 11 3090 उपलब्ध है।

### धार्मिक संस्थाओं के विरुद्ध डिमोलिश नोटिस पर प्रतिमंडल ने राज्यपाल प्रशासक से की मुलाकात



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जून।** शनिवार को पूर्व मेयर अरुण सूद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल प्रशासक चंडीगढ़ गुलाबचंद कटारिया से भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में हिंदू महापर्व सभा के अध्यक्ष बीपी अरोड़ा, केंद्रीय गुरुद्वारा सभा के प्रधान सरदार तारा सिंह सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल प्रशासक को अवगत कराया कि चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा धार्मिक संस्थाओं को डिमोलिश करने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं, जो कि पूरी तरह से अनुचित और गलत है। न्यायालय के आदेशों के अनुसार सन 2009 से पहले स्थापित सभी धार्मिक संस्थाओं और स्थलों को संरक्षण दिया जाना है। बिना उचित पड़ताल और न्यायालय के आदेशों की अनदेखी करते हुए नोटिस जारी करना गैरकानूनी है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से निवेदन किया कि इस मामले में न्यायालय के आदेशों का पूर्ण सम्मान करते हुए तत्काल प्रभाव से सभी डिमोलिश नोटिसों पर कार्रवाई स्थगित की जाए। साथ ही, धार्मिक संस्थाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। राज्यपाल प्रशासक चंडीगढ़ श्री गुलाबचंद कटारिया जी ने प्रतिनिधिमंडल की बात ध्यानपूर्वक सुनी और इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को निर्देश देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि धार्मिक स्थलों के संरक्षण के लिए न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाएगा और धार्मिक समुदायों के विश्वास को बनाए रखा जाएगा।

# चंडीगढ़ की नंदिका का नीट में 98वां रैंक, बनना चाहती हैं कार्डियोलॉजिस्ट

**चंडीगढ़, 14 जून (अप्रस)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2025 (नीट यूजी 2025) के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस बार चंडीगढ़ की नंदिका सरीन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया में 98वीं रैंक हासिल किया है। नंदिका ने 99.99 पर्सेंटाइल हासिल किये है। नंदिका की इस कामयाबी ने शहर का नाम रोशन किया है। इस बार नीट यूजी 2025 परीक्षा में चंडीगढ़ से हजारों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें कई छात्रों ने सफलता हासिल किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि शहर के छात्रों का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर हर साल बेहतर होता जा रहा है। नंदिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरु अनुराग अग्रवाल को दिया। उसने बताया कि उसका सपना एम्स दिल्ली से एमबीबीएस करना और एक कार्डियोलॉजिस्ट बनना है। नंदिका का मानना है कि मेहनत और नियमितता ही सफलता की कुंजी है।



#### पुलिस के लिये मुसीबत बना पब्लिक ट्रांसपोर्ट गाड़ियों का पैनिक बटन

# पैनिक बटन से हुई गफ्लत, हर बार लगा रांग नंबर

> पुलिस को नहीं अब एसटीए को लगेगी पैनिक बटन कॉल
>
> जरूरत हुई तो पुलिस को

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 14 जून।** पब्लिक ट्रांसपोर्ट गाडियों में लगाया गया पैनिक बटन का ऑप्शन पुलिस और प्रशासन दोनों के लिये मुसीबत का सबब बन गया है। बीते दो सालों में जिन भी गाडियों से इस बटन को दबाया गया तो रिस्पांस के तहत तुरंत पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन मौके पर पहुंचने पर ज्ञात हुआ कि पैनिक बटन गलती से दब गया था। यानि कहीं भी मामला असल मुसीबत का नहीं था। यानि हजारों बार पैनिक बटन दबा लेकिन कोई इमरजेंसी नहीं थी। सिस्टम में इस तरह की गफ्लत को देखते हुए अब कुछ बदलाव किये गये हैं। अब पैनिक बटन दबाने पर कॉल पहले स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (एसटीए) के कंट्रोल रूम में जाएगी। वहां बैठे अफसर पहले यह तय करेंगे कि कॉल सही में जरूरी है या नहीं। अगर उन्हें मामला गंभीर लगेगा, तभी वे कॉल चंडीगढ़ पुलिस को भेजेंगे। हाल ही में चंडीगढ़ पुलिस और ट्रांसपोर्ट अधिकारियों की इस मसले को लेकर बैठक हुई। इसमें तय किया गया कि पुलिस के पास अब हर पैनिक बटन की कॉल सीधे नहीं भेजी जाएगी। पहले एसटीए की टीम यह जांच करेगी कि कॉल सही है या गलत। इससे पुलिस का समय बचेगा और असली इमरजेंसी में सही समय पर एक्शन लिया जा सकेगा। एसटीए के अधिकारियों के अनुसार अब तक पैनिक बटन दबाकर जितनी भी कॉल लगाई गई उनमें 99.9 फीसदी कॉल बेवजह थी। अधिकारियों के अनुसार बटन गलती से दब जाता है और कंट्रोल रूम को अलर्ट हो जाना पड़ता है। इससे न सिर्फ समय खराब होता है बल्कि जरूरी संसाधनों का भी गलत इस्तेमाल होता है। यही वजह है कि अब पहले कॉल की जांच होगी और फिर जरूरत हो तो पुलिस को भेजा जाएगा।



### एसटीए पहले जांचेगा पूरा मामला

इस बदलाव के बाद अब एसटीए कंट्रोल रूम की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। जैसे ही पैनिक बटन दबेगा, कॉल सबसे पहले वहीं जाएगी। वहां अधिकारी वाहन मालिक से बात करेंगे और देखेंगे कि कोई परेशानी है या नहीं। अगर मामला गंभीर लगेगा, तभी कॉल पुलिस को भेजी जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि पैनिक बटन का इस्तेमाल सिर्फ मुसीबत में करें। बार–बार बेवजह बटन दबाने पर अब सख्त कार्रवाई हो सकती है। ट्रांसपोर्ट विभाग इस सिस्टम की अब पहले से ज्यादा निगरानी करेगा।

### मोबाइल ऐप या जीपीएस सिस्टम से जुड़ा होता है पैनिक बटन

पैनिक बटन आमतौर पर सरकारी रजिस्टर की गई ऑटो, टैक्सी, बस और अन्य सार्वजनिक वाहनों में लगाए जाते हैं। यह बटन ऐसी जगह होता है जहां ड्राइवर या यात्री आसानी से पहुंच सकें। कई बार गाडियों में एक से ज्यादा पैनिक बटन भी लगाए जाते हैं, ताकि किसी भी सीट से आसानी से दबाया जा सके। कुछ गाडियों में यह बटन मोबाइल ऐप या जीपीएस सिस्टम से भी जुड़ा होता है, जिससे लोकेशन की जानकारी भी कंट्रोल रूम तक तुरंत पहुंच जाती है।

# सरकार तथा प्रशासन द्वारा एक जनप्रतिनिधि की सुनवाई नहीं है तो आम जनता का क्या होगा: रेनू नेहरू

> शुक्रवार से बिजली न आने के कारण वार्ड नंबर 27 के लोगों ने पूरी रात किया रोष प्रदर्शन
>
> लोगों ने इकट्ठे होकर शनिवार को किया पभात ग्रिड का घेराव

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 जून।** वार्ड नंबर 27 की विभिन्न सोसाइटीयों जैसे के शिवालिक विहार,शिव एंक्लेव, एकेस 1, एकेस 2, सिटी एनक्लेव के अलावा अन्य लोगों को शुक्रवार दोपहर से बिजली न मिलने के कारण क्षेत्र में हाहाकार मची हुई है। बिजली न होने के कारण लोग पीने वाले पानी को भी तरस रहे हैं। कल शाम 7.00 तक बिजली का इंतजार करने के बाद क्षेत्र के लोगों ने शिवालिक विहार से पभात रोड़ की ओर जाने वाली सड़क को जाम कर दिया। सारे लोग इकट्ठे होकर इसी सड़क पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। क्षेत्र के लोगों ने सुबह 3.00 बजे तक सड़क को जाम रखा और उसके बाद कुछ समय के लिए अपने घर चले गए।

सुबह होते ही वार्ड नंबर 27 के लोग फिर से इकट्ठा होने शुरू हो गए और वार्ड पार्षद रेनू नेहरू के घर को घेरा और उसके पश्चात वार्ड पार्षद को साथ में लेकर पभात ग्रिड का घेराव किया और सरकार के खिलाफ फिर से नारेबाजी की और रोष प्रदर्शन किया। जिक्र योग्य है के खबर लिखे जाने तक भी इस क्षेत्र के लोग बिना बिजली और पानी के बैठे हुए थे।

### सरकार तथा प्रशासन द्वारा एक जनप्रतिनिधि की सुनवाई नहीं है तो आम जनता का क्या होगा

वार्ड में 7000 के करीब वोटर है जिनका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं लोगों की कोई भी समस्या होती है तो वह मेरे पास ही आते हैं बिजली की समस्या को लेकर भी मेरे वार्ड के लोग मेरे पास बार–बार आ रहे हैं जिसे लेकर मैं खुद और मेरे पति समाज से भी पवन नेहरू लगातार इस समस्या संबंधी उच्च अधिकारियों को अवगत करवा रहे हैं लेकिन फिर भी हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अगर सरकार तथा प्रशासन द्वारा एक जनप्रतिनिधि की सुनवाई नहीं है तो आम जनता का क्या होगा ?

**रेनू नेहरू पार्षद वार्ड नंबर 27**

शिव एंक्लेव में 200 केवीए का बड़ा ट्रांसफार्मर लगवा दिया गया है। शिवालिक विहार में कल जो 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया था वह आज फिर से सड़ गया है उसे आज बदलवाया जा रहा है। जल्द ही क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी। ज्यादा गर्मी बढ़ने से लोड ज्यादा बढ़ रहा है और बिजली संबंधी समस्याएं ज्यादा आ रही है।

**सुरेंद्र सिंह बैंस एक्सईएन बिजली विभाग जीरकपुर**

# सड़क दुर्घटना में कार चालक हुआ घायल, अस्पताल में भर्ती

## सड़क सुरक्षा फोर्स ने मौके पर पहुंचकर बचाई कीमती जान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 14 जून।** शुक्रवार को दोपहर के समय स्थानीय पटियाला रोड़ पर हुई एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे टोल प्लाजा की एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

इस संबंधी जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा फोर्स के जवान गुरप्रीत सिंह ने बताया के कल दोपहर करीब 1.00 बजे एक स्विफ्ट कर नंबर पीबी13 वाई 0861 जाकर जीरकपुर की तरफ से राजपुरा की तरफ जा रही थी छत लाइट प्वाइंट के पास अचानक से उसे कर का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क के बीच बने डिवाइडर के ऊपर चढ़ गई और घूम गई। इसी दौरान बनूर की तरफ से एक और है ट्रक की चपेट में आ गई। इस टक्कर में स्विफ्ट कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के तुरंत बाद जीरकपुर से सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को प्राथमिक सहायता प्रदान करने के बाद टोल प्लाजा की एंबुलेंस बुलाकर उसके द्वारा ज्ञान सागर अस्पताल में भेज दिया। अगली कार्रवाई ज्ञान सागर अस्पताल की ओर से की जाएगी। घायल व्यक्ति की पहचान गुरिंदर सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी नाभा जिला पटियाला के रूप में हुई है।





# पुलिस ने किया साइबरथॉन.एआई 2025 का सफलतापूर्वक समापन

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 14 जून।** चंडीगढ़ पुलिस ने दो दिवसीय फ्लैगशिप इवेंट साइबरथॉन.एआई 2025 का सफलतापूर्वक समापन किया। यह कार्यक्रम आईटी पार्क स्थित इंफोसिस कैंपस में आयोजित किया गया था। जिसमें कानून प्रवर्तन, शिक्षा, उद्योग और युवाओं के बीच सहयोग के माध्यम से साइबर सुरक्षा इनोवेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। समापन समारोह में यूटी पुलिस अधिकारी के आलावा इंफोसिस चंडीगढ़, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पीईसी), एचडीएफसी बैंक, मेंटर, डोमेन विशेषज्ञ और भाग लेने वाली टीमों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।समापन सत्र के दौरान सभी टीमों को भागीदारी के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिसमें दो दिवसीय कोडिंग मैराथन के दौरान उनके समर्पण, रचनात्मकता और तकनीकी उत्कृष्टता को मान्यता दी गई। 81 नामांकनों के प्रारंभिक पूल में से, 35 प्रतिभागियों वाली 11 फाइनलिस्ट टीमों को इंफोसिस और पीईसी के विशेषज्ञ सलाहकारों द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया था। इन टीमों ने साइबर अपराध की चुनौतियों का समाधान करने के लिए अभिनव और स्केलेबल समाधान विकसित किए, जिनमें डीपफेक डिटेक्शन, क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित अपराध ट्रैकिंग, सोशल मीडिया खतरे का विश्लेषण और एआई-संचालित पुलिसिंग टूल शामिल हैं।जबकि इस कार्यक्रम में उल्लेखनीय और तकनीकी सरलता देखी गई, यह घोषणा की गई कि परिणाम बाद में घोषित किए जाएंगे, और कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) की टीम सहित विजेता टीमों को बाद में एक औपचारिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

चंडीगढ़ पुलिस ने अपने प्रमुख भागीदारों - इंफोसिस चंडीगढ़, को कार्यक्रम की मेजबानी करने और अपनी मास्टर हैक्स टीम के माध्यम से प्रतिभागियों को सलाह देने के लिए; पीईसी, विशेष रूप से दिव्या बंसल, को अकादमिक सलाह और जूरी में योगदान देने के लिए; और एचडीएफसी बैंक, को उनके उदार प्रायोजन और समर्थन के लिए हार्दिक सराहना की।समापन भाषण देते हुए डीएसपी साइबर ए. वेंकटेश, ने साइबरथॉन.एआई 2025 को सफल बनाने में सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी और बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की पहल न केवल युवा दिमागों में नवाचार को बढ़ावा देती है।बल्कि आधुनिक समय की पुलिसिंग के लिए आवश्यक मजबूत साइबर क्षमताओं के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साइबरथॉन.एआई 2025 क्रॉस-सेक्टर सहयोग के लिए एक गतिशील मंच के रूप में उभरा है। जो साइबर सुरक्षा पेशेवरों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाता है और चंडीगढ़ पुलिस के साइबर-जागरूक, साइबर-लचीले और डिजिटल रूप से सुरक्षित समाज के दृष्टिकोण को मजबूत करता है।



# अपने कार्यकाल में कूड़े के पहाड़ को हटवा देंगे: मेयर

> 30 जून तक नहीं हो सकेगी कूड़े के पहाड़ की बायोमाइनिंग

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 14 जून।** नगर निगम चंडीगढ़ ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में एफिडेविट दिया है कि आगामी 30 जून तक डंपिंग ग्राउंड में कचरे के तीसरे पहाड़ की बायोमाइनिंग करवा दी जायेगी। 2 पीएसयू को एक लाख मीट्रिक टन कचरा बायोमाइनिंग के लिए दिया जा चुका है। पहले से ही एक कंपनी इस काम को अंजाम दे रही है। इसके बावजूर एक तीसरे पहाड़ की 30 जून तक बायोमाइनगिं नहीं की जा सकेगी।

बता दें कि अब इसकी तारीख आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन की तरफ से फिर से एफिडेविट देना होगा। वहीं मेयर ने कहा है कि इस तीसरे कचरे के पहाड़ को अपने कार्यकाल के दौरान समाप्त करवा देगी। मेयर हरप्रीत कौर बबला ने डंपिंग ग्राउंड में शहर के पुराने कचरे की बायोमाइनिंग करने के मिशन की प्रगति की अभी कुछ दिन पूर्व ही घोषणा भी कर दी है।



उन्होंने कहा कि कचरे के पहले पहाड़ से 8 लाख मीट्रिक टन कचरा पूरी तरह से साफ किया जा चुका है। अब तीसरे कचरे के पहाड़ की बायोमाइनिंग भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेयर पद भर संभालते समय कचरे के इस पहाड़ की चुनौती थी। लेकिन असका टेंडर आकांक्षा एंटरप्राइजेज को नौ हजार मीटिंग टन के हिसाब से अलॉट है।

मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कहा है कि कूड़े के इस पहाड़ को वह अपने मेमोरल टेन्योर के अंदर ही अमली जाता पहनायेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी इस योजना पर पूरा भरोसा है कि अगले मेयर के चुनाव के पूर्व ही कूड़ का पहाड़ पूर्ण रूप से साफ कर दिया जायेगा। मेयर निर्वाचित होने के तुरंत बाद हरप्रीत कौर बबला ने मीडिया के कुछ गिने चुने लोगों के समक्ष भी इस बात की घोषणा की थी कि हालांकि यह उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी चुनौती है, फिर भी उन्हें विश्वास है कि इस कार्य को वह पूर्णरूप से मेयर रहते ही पूर्ण कर लेंगी।




### अधिकारियों से लेंगे सहायता

मीडिया कर्मियों के बार–बार कुरेदने पर भ्री आप इस बात का दावा कैसे कर सकती हैं कि आप के ही कार्यकाल के दौरान यह कार्य सिरे चढ़ सकेगा। जवाब में उनका कहना था कि पहले के लोगों का कार्य शैली से उनकी कार्यशैली अलग होगी। इसके अलावा नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से कोआर्डिनेशन के साथ वह काम करना चाहेंगी। उनके सहयोग के बगैर यह काम नहीं हो सकता है।

### नगर प्रशासन से भी लेंगे सहयोग

`मेयर ने यह कहा था कि नगर प्रशासन का भी वह सहयोग लेने का प्रयास करेंगी। ताकि इतने वर्षों से चल रहे इस कूड़े के पहाड़ का काम पूरी तरह से संपन्न हो सके। किंतु कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए।

### कचरे के नाम खेल

उल्लेखनीय है कि डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड में कचरे के पहाड़ स्थानीय लोगों की सांसें रोक रहे हैं। वहीं इस कचरे के नाम पर करोड़ों का खेल भी चलने की चर्चाए हैं। सूत्रों के अनुसार अधिकारी इस कचरे को कभी खत्म ही नहीं होने देना चाहते। कचरा खत्म हो गया तो करोड़ों रुपये इसे हटाने के नाम पर कैसे खर्च होंगे। आखिर यह क्या है कि पहले अधिकारी जो समय–सीमा कचरा हटाने के लिए निर्धारित करते हैं, उस तक कभी इसे हटाया ही नहीं जा सका। इसे अनवरत रूप से लगातार बढ़ाया जाता रहा है।

### मेयर को भी अंधेरे में रखा

सूत्रों की मानें तो अधिकारी मेयर हरप्रीत कौर बबला को भी इस बारे में गलत जानकारी देते रहे हैं और उनकी आड़ में अपने को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। किंतु वास्तविक रूप से इस पूरे प्रकरण में जवाबदेही का कार्य संबंधित अधिकारियों का ही बनता है। इस प्रकार यह बातें कई प्रकार की आशंकाओं की तरफ इशारा कर रही हैं। उम्मीद है कि इस पूरे प्रकरण का सही तरीके से निराकरण हो पायेगा।

# केंद्र सरकार के उपक्रम बन रहे कमाऊ पूत




आज से एक दशक से अधिक समय पूर्व तक केंद्र सरकार के उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। परंतु, आज स्थिति एकदम बदल गई है एवं अब केंद्र सरकार के उपक्रम केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में भारी भरकम राशि प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है।

केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णतः अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है।

वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसके बाद ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, आईओसी ने 41,730 करोड़ रुपए, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40,916 करोड़ रुपए, भारतीय कोयला निगम ने 37,402 करोड़ रुपए, बीपीसीएल ने 26,859 करोड़ रुपए, एनटीपीसी ने 20,812 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ोदा ने 18,767 करोड़ रुपए, हिन्दुस्तान पेट्रोलीयम ने 16,015 करोड़ रुपए एवं पावर फाइनैन्स करपोरेशन ने 15,889 करोड़ रुपए की राशि का लाभ अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड, कनारा बैंक, आरईसी लिमिटेड एवं यूनियन बैंक, ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। साथ ही, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडीयन बैंक, जैसे केंद्र सरकार के 42 अन्य उपक्रमों ने भी भारी भरकम राशि का लाभ अर्जित किया है।

केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को इस वर्ष 2.70 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश अदा करने की घोषणा की है। विभिन्न केंद्र सरकार के उपक्रमों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश अदा किया है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं केंद्र सरकार के उपक्रमों से प्राप्त होने वाली कुल लाभांश की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट में किए गए प्रावधान की राशि से कहीं अधिक है।

इसी प्रकार, केंद्र सरकार को प्रत्येक माह प्राप्त होने वाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि भी अब मासिक औसत के रूप से 2 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। अप्रेल 2025 माह में तो केंद्र सरकार को रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व वस्तु एवं सेवा कर की मद से प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार, मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व जीएसटी मद से प्राप्त हुआ है। देश में प्रत्यक्ष कर (आय कर एवं कारपोरेट कर सहित) के रूप में प्राप्त राशि अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त राशि से कहीं अधिक रही है। देश के आम नागरिकों के हित में यह बहुत अच्छा कार्य हुआ है क्योंकि प्रत्यक्ष कर उन नागरिकों से प्राप्त किया जाता है जो इस कर को अदा कर सकने की क्षमता एवं योग्यता रखते हैं अर्थात उनकी आय कर देने योग्य आय के स्तर से ऊपर रहती है जबकि अप्रत्यक्ष कर समाज के प्रत्येक वर्ग पर सामान्य रूप से एक जैसा लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 22.26 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष कर के रूप में केंद्र सरकार को प्राप्त हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 19.60 लाख करोड़ रुपए की राशि से 13.57 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अप्रत्यक्ष कर (जिसमें वस्तु एवं सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क शामिल हैं) के रूप में प्राप्त राशि का लक्ष्य 16.33 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित किया गया था। अप्रत्यक्ष कर की मद की तुलना में प्रत्यक्ष कर की मद से अधिक कर राशि का संग्रहण होना यह भी दर्शाता है कि भारत में नागरिकों की कर देने योग्य आय में वृद्धि दर अधिक है एवं आय कर अदा करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय सुधार हो रहा है। अर्थात, देश में उच्च आय अर्जित करने वाले नागरिकों एवं मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक अब तेज गति से मध्यमवर्गीय नागरिकों की श्रेणी में परिवर्तित हो रहे हैं।

यदि भारत के नागरिक लगातार इसी प्रकार की आर्थिक तरक्की करते रहे तो केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के लिए देश में पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने एवं समाज के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाये रखने में किसी भी प्रकार की समस्या खड़ी नहीं होगी। किसी भी देश के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए वित्त की अनुपलब्धता ही मुख्य समस्या के रूप में सामने आती है। परंतु, देश के नागरिक जो गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यमवर्गीय अथवा उच्चवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं, वे यदि केंद्र एवं राज्य सरकारों की वित्त व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तो भारत के लिए आर्थिक विकास की दर को दहाई के आंकड़े तक ले जाने में कोई बहुत अधिक समय नहीं लगने वाला है। केंद्र सरकार, विभिन्न राज्य सरकारों एवं निजी क्षेत्र द्वारा देश में गरीब वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाने के साथ ही यदि पूंजीगत खर्चों में भी वृद्धि की जाती है तो देश के नागरिकों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित होते हैं एवं इससे देश के नागरिक देश की आर्थिक तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाते हैं। भारत में भी इसी प्रकार की व्यवस्था खड़ी होती हुई दिखाई दे रही है, जिसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है।

## सम्पादकीय

# इजरायल-ईरान संघर्ष से दुनिया एक और युद्ध के मुहाने पर

इजरायल का ईरान पर भीषण हमला और ईरान की जवाबी कार्रवाई ने दुनिया में एक और युद्ध को छेड़ दिया है। इजरायल और ईरान की यह अदावत बरसों पुरानी है। इजरायल की पीठ पर अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देशों का हाथ है, लेकिन ईरान अपने पैरों पर खुद खड़ा है। अब इजरायल के हमले में जहां उसने अपने अनेक परमाणु वैज्ञानिक खो दिए हैं, वहीं देश को भी भारी आर्थिक एवं जनहानि हुई है। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल पर सैकड़ों ड्रोन से हमला किया है, लेकिन इजरायल के डिफेंस सिस्टम ने उन्हें रोक दिया। निश्चित रूप से यह सब शुरुआत भर है, क्योंकि ईरान के सुप्रीम लीडर का बयान आया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि इजरायल ने इसकी शुरुआत कर दी है, लेकिन अब वह इससे निकल नहीं पाएगा और ईरान उसकी जिंदगी दूभर कर देगा। गौरतलब है कि इजरायल ने इन हमलों के पीछे तर्क दिया है कि ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए उसने यह सब किया है। अब इस पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान है कि इससे उसे ईरान के साथ परमाणु समझौता करने में मदद मिलेगी। दरअसल, पश्चिमी देशों के दोहरे मापदंड यहां साबित होते हैं। एक तरफ अमेरिका इजरायल की पीठ इसलिए थपथपाता है, क्योंकि उसने ईरान पर बम बरसा दिए लेकिन दूसरी तरफ वह भारत की पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई को आलोचना की नजर से देखता है और पाकिस्तान को बचाने के लिए तमाम दांवपेच चलता है। अमेरिका अब पाकिस्तान का इस्तेमाल भारत और चीन के खिलाफ कर रहा है। वह इजरायल का इस्तेमाल भी ईरान के खिलाफ कर रहा है। देश बदल रहे हैं लेकिन अमेरिका की पॉलिसी सभी देशों के लिए लगभग समान है। वह हर जगह अपना फायदा सोचता है।

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीन दिन के संघर्ष के दौरान ही भारत में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था, क्या हफ्ते भर का युद्ध लड़ने के बाद हालात ऐसे ही रहते जैसे कि आज हैं। वास्तव में युद्ध से बचे जाने की जरूरत होती है, हालांकि जब सवाल अस्तित्व का हो जाए तो फिर इसे लड़ना ही पड़ेगा। इजरायल अपने अस्तित्व की जंग लड़ रहा है क्योंकि मुस्लिम देश उसकी मौजूदगी को पचा नहीं पा रहे। ऐसे में इजरायल को इसका हक है कि वह जिंदा रहे और अपने बचाव में हर वह कार्रवाई करे जोकि उचित है। लेकिन इस सच से कौन इनकार करेगा कि इजरायल में प्रत्येक जन का जीवन संकट में है और ईरान बौखलाहट में भारी नुकसान पहुंचाने की कोशिश में है**

गौरतलब है कि इजरायल की स्थिति कमोबेश भारत के समान है। बेशक, भारत से कहीं ज्यादा उसके दुश्मन हैं। ईरान की तो खुली धमकी है कि वह दुनिया के नक्शे से इजरायल का नामोनिशान मिटा देगा। इजरायल मुस्लिम देशों के बीच बसा एक यहूदी राष्ट्र है। इजरायल अपने वजूद के लिए लड़ रहा है। वह एक शांतिप्रिय देश बन सकता था, लेकिन उसे ऐसा रहने नहीं दिया गया। इजरायल के खिलाफ यह जंग फिलिस्तीन और हमास जैसे आतंकी गुटों ने शुरू की थी, लेकिन ईरान के साथ पिछले कुछ समय से शांति कायम थी। लेकिन अब एकाएक इजरायल ने ईरान के प्रमुख सैन्य ठिकाने और परमाणु संस्थान नष्ट कर दिए। बेशक, इजरायल के समर्थन में भारत खड़ा होता नजर आया है और इस बार फिर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर समर्थन की मांग की। आधिकारिक रूप से बताया गया है कि भारत ने इजरायल को शांति और संयम बरतने की सलाह दी है। निश्चित रूप से भारत से इसी प्रकार के संदेश की उम्मीद की जा सकती है। हालिया सिंदूर ऑपरेशन के दौरान भारत की पाक पर सैन्य कार्रवाई और फिर सीजफायर किए जाने पर सवाल उठाए गए हैं। देश में विपक्ष का आरोप है कि अमेरिका के कहने पर भारत ने पाक से सीजफायर किया। क्या यह बेतुका आरोप नहीं है, क्योंकि आज का समय क्या सच में युद्ध का है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीन दिन के संघर्ष के दौरान ही भारत में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था, क्या हफ्ते भर का युद्ध लड़ने के बाद हालात ऐसे ही रहते जैसे कि आज हैं। वास्तव में युद्ध से बचे जाने की जरूरत होती है, हालांकि जब सवाल अस्तित्व का हो जाए तो फिर इसे लड़ना ही पड़ेगा। इजरायल अपने अस्तित्व की जंग लड़ रहा है क्योंकि मुस्लिम देश उसकी मौजूदगी को पचा नहीं पा रहे। ऐसे में इजरायल को इसका हक है कि वह जिंदा रहे और अपने बचाव में हर वह कार्रवाई करे जोकि उचित है। लेकिन इस सच से कौन इनकार करेगा कि इजरायल में प्रत्येक जन का जीवन संकट में है और ईरान बौखलाहट में भारी नुकसान पहुंचाने की कोशिश में है। दरअसल परमाणु बम संपन्न होना एक जरूरत है लेकिन ईरान, पाकिस्तान, उत्तरी कोरिया जैसे देशों को शायद ही इसकी तमीज आए कि इस शक्ति को हासिल करने के बाद किस प्रकार संयम रखना है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने अपने परमाणु बमों की धमकी नहीं दी लेकिन पाकिस्तान अपने यहां आतंकियों को पालकर, जम्मू-कश्मीर में निर्दोषों का खून बहाकर भी खुद के परमाणु संपन्न होने की धौंस जमाता है। ऐसे में उसके जैसे बचकाने देश को संदेह की नजर से देखा जाएगा, हालांकि अमेरिका को शायद यह बात समझ में न आए। क्योंकि ईरान उसकी आंख की किरकिरी हो सकता है, लेकिन पाकिस्तान तो फिर भी उसका दिलबर है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### उग्रवाद पंजाब समस्या का हल नहीं: राम जेठमलानी

**चंडीगढ़।** राज्यसभा सदस्य उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील राम जेठमलानी ने कहा कि पंजाब समस्या का सही हल उग्रवाद नहीं है। संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 1984 के दंगे के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने पंजाब के आतंकवाद के बारे में कहा कि इसकी जड़े पंजाब व पाकिस्तान तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि लंदन, अमेरिका, कनेडा व जर्मनी तक फैली हुई हैं।

राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने के बारे में उन्होंने बताया कि वे कल अपना नामांकन पत्र भरेंगे और उन्हें माकपा के ज्योतिबसु, इंद्रजीत गुप्त, बसपा, तेलगू देशम नेताओं और उड़ीसा व बिहार के मुख्यमंत्रियों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने बताया कि 20 जून को होने वाली जद की बैठक में अगली रणनीति तय की जायेगी।

वीपी सिंह व रामबिलास पासवान के अनुसूचित जाति का राष्ट्रपति बनाने के संबंध में उन्होंने कहा कि उनकी निजी राय है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं डॉ. अंबेडकर के छात्र हैं। 1969 की भांति बिना व्हिप के राष्ट्रपति का चुनाव कराए जाने की प्रणाली पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति दूरदर्शी संयमी, विस्तृत ज्ञान, मानवाधिकारों की रक्षा, भ्रष्टाचार विरोधी व अकाडेमिक रिकार्ड वाला होना चाहिए।

### हड़ताल वापसी विवाद पर कार्यालयों में काम ठप्प रहा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विभिन्न निदेशालयों व सचिवालय से आज अघोषित हड़ताल जैसी स्थिति रही। तीन दिन के अवकाश के बाद आज कार्यालय खुले थे, लेकिन अचानक हड़ताल की वापसी के विवाद को लेकर अधिकांश कार्यालयों में आपसी बहस के अलावा कोई काम न हो सका।


हड़ताली कर्मचारी संख्या में ज्यादा होने के बावजूद बिना संतोषजनक परिणाम प्राप्त करने के मुद्दे पर पूरी तरह से बंट चुके हैं। दिन भर वे लोग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते नजर आए। हड़ताल कर्मी गैस हड़ताली कर्मियों से आंखें तक नहीं मिला पा रहे थे। सूत्रों के मुताबिक 30वेज बिल्डिंग स्थित कई कार्यालयों में कर्मचारी संघ के नेताओं से उलझते देखे गए।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1664-अमेरिका में न्यू जर्सी की स्थापना हुयी।
1752-बेंजामिन फ्रेंकलिन ने साबित किया कि प्रकाश विद्युत चुंबकीय तरंग है।
1762-आस्ट्रिया में कागजी मुद्रा का चलन शुरु हुआ।
1836-अर्कासस अमेरिका का 25वां राज्य बना।
1899-भारतीय थल सेना के प्रथम थल सेनाध्यक्ष राजेन्द्र सिंहजी जडेजा का जन्म।
1908-कलकत्ता शेयर बाज़ार की शुरुआत हुई।
1917-भारतीय हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध संगीतकार सज्जाद हुसैन का जन्म।
1929-प्रसिद्ध अभिनेत्री और गायिका सुरैया का जन्म।
1937-गांधीवादी विचारधारा पर चलने वाले समाजसेवक अण्णा हज़ारे का जन्म।
1950-भारतीय उद्योगपति लक्ष्मी मित्तल का जन्म।
1982-फ़ाकलैंड में अर्जेन्टीना की सेनाओं का ब्रिटिश सेना के समक्ष सर्मपण।
1988-नासा ने स्पेस व्हिकल एस 213 लांच किया।
1994-अमेरिका ने सल्फ़र डाईआक्साइड गैस के वायुमंडल में उत्सर्जन को कम कर अम्ल वर्षा रोकने हेतु 26 यूरोपीय देशों और कनाडा के बीच हुए समझौते में शामिल होने से इन्कार किया।
1995-राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टेबल टेनिस सितारों में से एक मनिका बत्रा का जन्म।
1997-आठ मुस्लिम देशों द्वारा इस्तांबुल में डी-8 नामक संगठन का गठन।
1999-लाकरबी पैन एम. विमान दुर्घटना के लिए लीबिया पर मुकदमा चलाये जाने की अमेरिकी अनुमति।
2001-शंघाई -पांच शिखर सम्मेलन बीजिंग में सम्पन्न, शंघाई पांच अब शंघाई सहयोग संगठन बना, भारत व पाकिस्तान दोनों को सदस्यता न देने का निर्णय।
2002-कनाडा के हैलीफ़ेक्स (नोवा स्कॉटिया) में जी-8 देशों के वित्त मंत्रियों की बैठक शुरू।
2004-ब्रिटेन के साथ परमाणु सहयोग को राष्ट्रपति बुश की स्वीकृति मिली। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की आत्मकथा 'माई लाइफ़' बेस्ट सेलर बनी।
2005-जमैका के आसफा पावेल का एथेंस में 8.77 सेकेण्ड का समय लेकर 100 मीटर फर्राटा दौड़ में नया विश्व रिकार्ड।
2006-भारत और चीन ने पुराना सिल्क रूट खोलने का निर्णय लिया।
2008-आक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार अल्ट्रावायलेट प्रकाश का विस्फोट कर बड़े सितारों की अंतिम स्थिति देखी।
2010-भूटान तंबाकू पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने वाला विश्व का पहला देश बना।
2017-भारत के पूर्व 17वें मुख्य न्यायाधीश प्रफुल्लचंद नटवरलाल भगवती का निधन।


## बोल ब्यूटीफुल

**विक्रम चंदा:** ईरान पर इजरायली



हमला भी हाल के दौर में पाकिस्तान के प्रति अमेरिकी झुकाव का एक कारण हो सकता है। इसके पीछे यही मंशा रही होगी कि ईरान के जवाबी हमले की स्थिति में पाकिस्तानी एयरबेस का इस्तेमाल किया जाए। असल में पाकिस्तान की भौगोलिग स्थिति ही उसकी सबसे बड़ी रणनीतिक पूंजी है।

**हर्ष गोयनका:** नई नौकरी के लिए



आपने उड़ान पकड़ी, लेकिन गंतव्य पर कभी पहुंच ही नहीं पाए। छुट्टियों में परिवार के साथ अच्छा समय बिताने की आपने योजना बनाई। लेकिन आसमान में ही मौत ने हमला कर दिया। कई बार समय बहुत क्रूर होता है। गुरुवार को एयर इंडिया विमान हादसे में इसका साक्षात प्रमाण दिखा।

# एमसी चंडीगढ़ ने सफाई सेवाओं के लिए प्री-टेंडर परामर्श बैठक की घोषणा की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 13 जून।** चंडीगढ़ नगर निगम ने चंडीगढ़ के दक्षिणी सेक्टरों की जीआईएस-आधारित मैकेनाइज्ड और मैनुअल स्वीपिंग के लिए निविदा को अंतिम रूप देने से पहले प्री-टेंडर परामर्श बैठक की घोषणा की है। यह प्रमुख स्वच्छता पहल गांव बहलाना को छोड़कर सेक्टर 31 से 56, 61 और 63 को कवर करेगी।

परियोजना के बारे में साझा करते हुए, एमसी कमिश्नर श्री अमित कुमार, आईएएस ने बताया कि बैठक का उद्देश्य सभी हितधारकों, विशेषज्ञों और इच्छुक पक्षों से इनपुट और सुझाव आमंत्रित करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निविदा दस्तावेज को अंतिम रूप देने से पहले यह व्यापक और समावेशी हो।

उन्होंने कहा कि जो लोग व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकते, उनके लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का विकल्प भी उपलब्ध है। प्रतिभागी त्रश्नश्चद्दद्यद्ग मीट के




माध्यम से शामिल हो सकते हैं: https://meet.google.com/iii-k&ic-ekj

**निविदा दस्तावेज़ तक पहुँच**

इच्छुक पक्षों को सलाह दी जाती है कि वे मसौदा निविदा दस्तावेज़ को पहले से डाउनलोड करके उसकी समीक्षा करें। यह आधिकारिक स्र्ष्ट वेबसाइट: https://mcchandigarh.gov.in पर उपलब्ध है

**दस्तावेज़ तक पहुँचने के चरण:**
* आधिकारिक वेबसाइट पर जाएँ।
* 'जनरल हाउस मीटिंग' पर क्लिक करें।
* 'हाउस और F&CC की बैठक' पर जाएँ।
* 'जनरल हाउस एजेंडा की बैठक' पर क्लिक करें।
* '03.06.2025 को आयोजित जनरल हाउस की 349वीं बैठक का पूरक एजेंडा देखें।

**बैठक का विवरण:**
* दिनांक: 18 जून, 2025
* समय: दोपहर 12.00 बजे
* स्थान: समिति कक्ष, पहली मंजिल, नई डीलक्स बिल्डिंग, नगर निगम चंडीगढ़, सेक्टर 17-ई, चंडीगढ़।

**महत्वपूर्ण सलाह:** सभी उपस्थित लोगों से आग्रह है कि वे बैठक से पहले निविदा दस्तावेज़ की गहन समीक्षा करें, अपनी टिप्पणियाँ तैयार करें, तथा सार्थक और रचनात्मक चर्चा के लिए विशिष्ट सुझाव या चिंताएँ प्रस्तुत करें।

यह पहल पारदर्शी शासन और शहरी स्वच्छता और नागरिक सेवाओं को बढ़ाने में समावेशी निर्णय लेने के प्रति नगर निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन पर भाजपा चंडीगढ़ ने शोक सभा का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ की ओर से गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर पार्टी कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चंडीगढ़ के पूर्व सांसद श्री सत्य पाल जैन, पूर्व अध्यक्ष श्री संजय टंडन, पूर्व अध्यक्ष श्री अरुण सूद, चंडीगढ़ की महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, भाजपा चंडीगढ़ के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र पाल मल्होत्रा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सभा में सभी ने विजय रूपाणी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनके योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि श्री रूपाणी जी का जीवन राष्ट्र सेवा, संगठन निर्माण और जनकल्याण को समर्पित रहा। उनके निधन से पार्टी ने एक सच्चे, सादगीपूर्ण एवं कर्मठ नेता को खो दिया है।

इसके साथ ही, इस शोक सभा में उस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में मारे गए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने असमय अपनी जान गंवा दी। सभी दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवारजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई।

भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ परिवार सभी दिवंगतों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता है।

# पलसोरा पुलिस चौकी ने कम्युनिटी सेंटर में पुलिस पब्लिक मीटिंग

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़।** शुक्रवार शाम को सैक्टर 56 स्थित कम्युनिटी सेंटर में पल सोरा चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने अपनी टीम के साथ पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया।इस मीटिंग में चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने मीटिंग में मौजूद लोगो की समस्या सुनी।जिसमें चौकी प्रभारी ने लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद एरिया में पुलिस सेवाएं बेहतर दिए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अगर किसी को भी कोई मुश्किल या फिर कोई भी काम हो वह किसी वक्त उनसे बात एक सकते है।मीटिंग में सीनियर सिटीजन के घर जाकर उनसे उनका हाल-चाल पूछने और उनकी देखरेख की भी बात कही। इस मौके पर एरिया के कई लोग के अलावा एरिया पार्षद मनोहर भी मौजूद थे।

# चाइल्ड वूमेन प्रोटेक्ट वेलफेयर सोसायटी चंडीगढ़ की ओर से मनाया पर्यावरण दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** जैसे कि हर साल एनजीओ की ओर से ड्राइव चलाई जाती है इसको फिर से जारी रखते हुए 13 जून को को मलोया थाने मे एसएचओ साहब की मौजूदगी में पौधारोपण किया गया। एनजीओ की प्रेसिडेंट बबीता ने बताया कि आने वाले समय में जो बच्चे मास्टर्स कर रहे हैं। सोशल वर्क में उनको सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। और सभी से चाइल्ड वूमेन प्रोटेक्ट वेलफेयर सोसायटी चंडीगढ़ की टीम ने पर्यावरण को बचाने की अपील की। इस पर्यावरण दिवस को मनाने के लिए खासतौर पर पहुंचे सिद्धार्थ जी जो एनजीओ से हाल ही में जुड़े हैं। मनीषा, गीता, सुनीता, बलजिंदर कौर ढिल्लो, वह अन्य साथी। इन सभी का पर्यावरण दिवस मनाने पर बबीता ने धन्यवाद किया

# हिमाचल में लोगों को स्वच्छ एवं सुलभ पेयजल आपूर्ति की जा रही सुनिश्चित : मुख्यमंत्री

परियोजनाएं लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने में हो रही सहायक साबित

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**शिमला, 14 जून।** स्वच्छ जल जीवन का आधार है। वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल के अढ़ाई वर्षों में लोगों को घर-द्वार के निकट स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश की पेयजल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए महत्त्वाकांक्षी परियोजनाएं निर्मित की जा रही हैं। यह परियोजनाएं लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने में सहायक साबित हो रही हैं।

सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इस वित्त वर्ष के दौरान प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में लाहौल-स्पीति के लिए 27 करोड़ रुपये की लागत से 20 पेयजल आपूर्ति योजनाओं और किन्नौर जिला में 72 करोड़ रुपये की लागत से 6 पेयजल आपूर्ति योजनाओं का काम शुरू किया जाएगा। इन पेयजल योजनाओं में एंटी फ्रीज पाइपों का प्रयोग किया जाएगा। इस वर्ष नादौन, भोरंज, अमलैहड़ और हरोली में 4 पेयजल आपूर्ति योजनाओं और बद्दी में एक सीवरेज स्कीम का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में भी पेयजल परियोजनाओं को मजबूत किया जा रहा है। प्रदेश में 298 करोड़ 87 लाख रुपये की अनुमानित लागत से मंडी, ठियोग, चंबा, हमीरपुर, डलहौजी और पालमपुर जैसे 17 नगरों में पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इनमें से 11 नगरों में पेयजल योजनाओं के कार्य प्रगति पर है और शेष शहरों में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कार्य शुरू किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त भूंतर, नाहन, ज्वाली, अर्की, निरमंड, जोगिन्द्रनगर, शाहपुर, भटियात और करसोग में 167 करोड़ रुपये की पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

प्रदेश सरकार ने राज्य के प्रत्येक जिले के एक क्षेत्र को सप्ताहभर पेयजल आपूर्ति प्रणाली के तहत चिन्हित किया है। इनमें से विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत रामपुर और चंबा में भूमिगत जलापूर्ति योजना तथा नालागढ़, घुमारवीं और नादौन में उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना के कार्य प्रगति पर हैं। 23 शहरों में जलापूर्ति योजनाओं के उन्नयन कार्य प्रगति पर हैं। इस वित्त वर्ष 9 परियोजनाओं के कार्य शुरू किए जाएंगे। नेरवा चिड़गांव, कंडाघाट और टाहलीवाल की पेयजल परियोजनाओं के उन्नयन प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं।

घर-द्वार के निकट जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एनडीबी द्वारा वित्तपोषित हिमाचल प्रदेश ग्रामीण पेयजल उन्नयन परियोजना के तहत प्रदेश सरकार 745 करोड़ रुपये की लागत से 8 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 हजार 663 घरों तक बेहतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। यह परियोजना एनडीबी और राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित है, जिसमें राज्य सरकार 148 करोड़ रुपये व्यय करेगी। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण पेयजल उन्नयन एवं आजीविका परियोजना के तहत लगभग 1 हजार 62 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 10 जिलों की 2,471 बस्तियों में 79,282 घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) लगाने का 43 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

### लोगों की सेहत के साथ किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी दी जा सकती

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सेहत के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होने दी जा सकती और प्रदेश सरकार राज्यभर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के अढ़ाई वर्षों में प्रत्येक घर को सीवरेज सुविधा प्रदान करने व प्रदेश को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नवोन्मेषी कदम उठाए हैं ताकि स्वच्छ एवं हरित हिमाचल के सपने को साकार किया जा सके।

# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने एक व्यक्ति से 3 किलो 556 ग्राम चरस बरामद की

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 14जून।** कुल्लू जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ आजकल विशेष अभियान छेड़ रखा है। हर रोज जिला पुलिस द्वारा जिला में कई स्थानों पर नशे के सौदागरों को गिरफ्त में लिया है। इसी कड़ी में कुल्लू पुलिस की टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल्लू पुलिस ने मशगां क्षेत्र में एक मकान पर छापा मारकर 100 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) को गुप्त सूचना मिली थी कि मशगां क्षेत्र में एक महिला के घर में नशे का कारोबार चल रहा है। इसी आधार पर एसआईयू की टीम ने भुंतर के पास स्थित मशगां गांव में महिला गिरिजा शर्मा के घर पर दबिश दी। रेड के दौरान घर की तलाशी ली गई, जिसमें 100 ग्राम चिट्टा (हैरोइन) बरामद हुआ।

पुलिस ने मौके से मकान मालिक गिरिजा शर्मा (36) निवासी मशगां और एक अन्य महिला रजनी (21) निवासी मनाणी, तहसील बंजार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

उधर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की एक विशेष टीम ने बाली चौकी क्षेत्र के कांडा गांव के पास एक व्यक्ति से 3 किलो 556 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस की यह विशेष टीम वाली चौकी क्षेत्र में पेट्रोलिंग पर थी इस दौरान एक व्यक्ति योगराज पुत्र गोपाल सिंह गांव शिवाड़ी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 3 किलो 556 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने योगराज के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है तथा उससे पूछताछ की जा रही है कि यह चरस उसने कहां से लाई है।

एसपी कुल्लू डॉक्टर कार्तिकेयन ने कहा कि पुलिस नशे के सौदागरों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला में नशे के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान छेड़ रखा है उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वह नशे के कारोबार में संयुक्त लोगों की सूचना पुलिस को दें ताकि कुल्लू जिला में नशे को खत्म किया जा सके।

# प्रवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल डिप्टी डायरेक्टर से मिला, सौंपा मागपत्र

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 14 जून।** हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला सोलन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष जयलाल जलपाइक की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर जिला उप शिक्षा निदेशक (उच्च) गोपाल चौहान से मिला। संघ के महासचिव व महासचिव हेमंत शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला उप शिक्षा निदेशक को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से अवगत कराया गया। जिला प्रवक्ता संघ ने उप शिक्षा निदेशक को शिक्षा विभाग और सरकार के लिए अपना मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक ने मांग पत्र पर सहानुभूति पूर्वक विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि वे इन सभी समस्याओं को विभाग के निदेशक एवं सरकार को भेजेंगे। प्रतिनिधिमंडल में संघ के मुख्य सलाहकार चंद्र देव ठाकुर, सलाहकार कमलेश कुमार शर्मा, विनोद कुमार चौहान, सुशील कुमार शर्मा तथा संदीप चंदेल भी शामिल रहे।

### ये हैं प्रवक्ता संघ की प्रमुख मांगें

- सीधी भर्ती का पदोन्नति कोटा 50 फीसदी से बढ़ाकर संख्या बल के आधार पर 80फीसदी करना। इस समय शिक्षा विभाग में 18000 प्रवक्ता 2010 के बाद पदोन्नति वाले प्रवक्ताओं सहित एक पद एक कैडर के तहत पदोन्नति में आते हैं और इस तरह से पदोन्नत हेडमास्टर कैडर की संख्या कुल 800 से 900के बीच रह गई है।
- प्रवक्ता से प्रधानाचार्य पदोन्नति की सूची जल्दी से जल्दी जारी की जाए ताकि एक ही पद पर रिटायर होने वाले प्रवक्ताओं को समय पर पदोन्नति मिल सकें।
- डीए की बकाया किश्तों को शीघ्रातिशीघ्र जारी किया जाए ताकि कर्मचारियों को उनका हक मिल सके।
- कर्मचारियों को तीन-तीन बार सुबह सुबह हाजिरी लगाने के लिए बाध्य किया जा रहा है उसे बंद करके कोई भी एक तरीका रखा जाए जिससे किसी प्रकार की समस्या न हो सके।
- जमा एक व जमा दो की कक्षा का सिलेबस पहले से ही इकाइयों में विभक्त है और विषयवस्तु के आधार पर बंटा हुआ है अतः प्रवक्ताओं को शिक्षक पंजिका के लिए बाध्य नहीं किया जाए।
- शिक्षकों को एक ही तरह की वर्दी की बात पूरी तरह से बेमानी है क्योंकि शिक्षा कोड में पहले से ही अच्छे और सुसज्जित कपड़े पहनने की बात यानि फार्मल ड्रेस की बात कही गई है। वर्दी को जबरदस्ती थोपा नहीं जाना चाहिए।
- कम्प्यूटर पढ़ रहे विधार्थियों को भी अन्य वोकेशनल विषयों की तरह फीस में छूट दी जानी चाहिए। क्योंकि अन्य वोकेशनल विषयों में विद्यार्थियों को उल्टी राशि दी जाती है और कम्प्यूटर के विद्यार्थियों से फीस ली जाती है जिसकी वजह से बहुत से विद्यार्थी पैसे के अभाव में कम्प्यूटर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इनमें से कुछ मांगों पर जिला उप शिक्षा निदेशक ने अपने स्तर पर ही सकारात्मक रुख दिखलाया।

**राज्यपाल ने वैज्ञानिक अनुसंधान में पारंपरिक ज्ञान के महत्त्व पर बल दिया**

# वैज्ञानिक अनुसंधान का वास्तविक उद्देश्य मानवता का कल्याण होना चाहिए, न कि उसका विनाश : शुक्ल

हिम विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन के दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला, 14 जून।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने यहां भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) हिमालय वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के सहयोग से हिम विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित 12वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने युवा वैज्ञानिकों से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को संरक्षित और एकीकृत करने के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान का वास्तविक उद्देश्य मानवता का कल्याण होना चाहिए, न कि उसका विनाश।

राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्तवपूर्ण विषयों पर विचारशील और भविष्योन्मुखी चर्चा के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी को स्थानीय परंपराओं, स्वदेशी ज्ञान और प्रकृति के साथ जोड़ा जाना चाहिए, जिससे इनकी सार्थकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जब हम प्रौद्योगिकी के एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं, तो ज्ञान की हमारी समृद्ध विरासत को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़ना महत्त्वपूर्ण है और यह सम्मेलन इस दिशा में सराहनीय पहल है। हिमाचल प्रदेश की अनूठी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल जैसे पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण की पहल न केवल स्थानीय संदर्भ में बल्कि वैश्विक विमर्श में भी महत्त्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपनी युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय विरासत पर शोध करने और उसे महत्त्व देने के लिए प्रेरित कर सकें, तो भारत वैश्विक कल्याण में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। राज्यपाल ने प्राकृतिक सुंदरता के लिए पर्यटकों के बीच लोकप्रिय होने के बावजूद पहाड़ी राज्य में बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इनमें से कई चुनौतियों का समाधान पारंपरिक पारिस्थितिक ज्ञान के माध्यम से किया जा सकता है।

स्वदेशी उन्नति का उदाहरण देते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारत की स्वदेशी ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली ज्ञान प्रणालियों में अनुसंधान के महत्त्व का प्रमाण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विविध वैज्ञानिक विषयों के विद्वान इस मंच का उपयोग नवाचार, स्थिरता और सामाजिक आवश्यकताओं से संबंधित समकालीन मुद्दों का समाधान करने वाले शोध परिणामों को प्रस्तुत करने के लिए करेंगे। राज्यपाल ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में भी चर्चा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने हिम विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन के प्रकाशन का विमोचन किया और कुमारी ओशीन और शवीन चोर्टा को 'चोफला पुरस्कार' से सम्मानित किया। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रो. आदर्श पाल विग ने कहा कि विकास मॉडल में अर्थशास्त्र और पर्यावरण को साथ-साथ चलना चाहिए।

### इन्होंने किये पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर विचार साझा

डीआरडीओ बेंगलुरु के वैज्ञानिक डॉ. दिलीपबाबू विजयकुमार, आईआईटी दिल्ली के पूर्व प्रोफेसर और हिम विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक प्रो. भुवनेश गुप्ता और एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. दीपक पठानिया ने भी सम्मेलन को संबोधित किया और पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर विचार साझा किए।

# नगर निगम ऊना के परिसीमन से संबंधित आपत्तियों की सुनवाई आज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना, 14 जून।** नगर निगम ऊना के वार्ड परिसीमन से संबंधित दावों एवं आपत्तियों की सुनवाई सोमवार, 16 जून को पूर्वाह्न 11.30 बजे उपायुक्त श्री जतिन लाल के कोर्ट में की जाएगी। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने दी। उन्होंने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के उपरांत निर्धारित अवधि के भीतर कुल 11 दावे एवं आपत्तियां उपायुक्त कार्यालय में प्राप्त हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुनवाई केवल उन्हीं दावों और आपत्तियों की की जाएगी, जो पहले से ही प्राप्त हो चुकी हैं। नई आपत्तियों या दावों को नहीं सुना जाएगा। उन्होंने अनुरोध किया कि जिन व्यक्तियों या संगठनों ने दावे या आपत्तियां प्रस्तुत की हैं, वे नियत तिथि व समय पर न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। प्राप्त आपत्तियों के निपटारे के पश्चात परिसीमन का अंतिम प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर निगम ऊना के अंतर्गत वार्ड परिसीमन हेतु प्रारूप प्रस्ताव 2 जून को प्रकाशित किया गया था। इसके उपरांत सभी संबंधित हितधारकों को प्रस्तावित सीमाओं की समीक्षा कर सात दिनों के भीतर लिखित सुझाव, आपत्तियां अथवा सुधार प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था। प्रस्तावित परिसीमन के अनुसार नगर निगम ऊना को कुल 17 वार्डों में विभाजित किया गया है। यह विभाजन क्षेत्रीय संतुलन, जनसंख्या वितरण, प्रशासनिक सुविधा तथा प्राकृतिक सीमाओं को दृष्टिगत रखते हुए किया गया है। 2011 की जनगणना के अनुसार इन 17 वार्डों की कुल जनसंख्या 45,604 है।

# मुख्यमंत्री के आदेशों के बावजूद गोहर बाजार में कूड़ा उठाने की नहीं कोई व्यवस्था

जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर।

स्थानीय व्यापारियों में पंचायत व प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर 14 जून।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों को भी स्वच्छ व साफ सुथरा बनाने के लिए हर घर से कूड़ा करकट उठाने ज के लिए पंचायत को अधिकृत किया है। ताकि पंचायतें अपने पंचायत क्षेत्र मैं आने वाले सभी घरों ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक संस्थानों में मंदिर आदि निजी संस्थान आदि से कूड़ा करकट उठाने व ग्रामीण क्षेत्रों को साफ स्वच्छ बनाने के लिए कदम उठाए। इसके लिए पंचायत अपने स्तर पर प्रति घर दुकान व अन्य संस्थानों निर्धारित फीस लेने के लिए अधिकृत किया है ताकि पंचायत अपनी क्षेत्र को अपने बाजारों को अपने घरों को अपने गांव को स्वच्छ रखने के लिए हर घर से हर व्यापारिक संस्थान से निजी संस्थान से रोजाना कूड़ा उठाए और उसका सही ढंग से निष्पादन किया जाए। इसके लिए पंचायत को हर घर वह हर संस्थान से निर्धारित फीस लेने के लिए अधिकृत किया है। इस मुहिम के तहत ग्राम पंचायत गोहर ने भी ग्राम पंचायत गोहर के प्रत्येक घर प्रत्येक व्यापारिक संस्थान शिक्षण संस्थान क्लीनिक ढाबे वह अन्य दुकानों से रोजाना कूड़ा करके उठाने के लिए निर्धारित फीस लेने की अधिसूचना जारी की है, जिसे 1 जून से लागू किया जाना था मगर आज 15 दिन हो गए हैं ना तो ग्राम पंचायत गोहर के किसी घर से किसी व्यापारिक संस्थान से किसी ढाबे से किसी क्लीनिक से पूरा उठाया गया ना ही इसके लिए किसी प्रकार की किसी से कोई फीस ली गई। स्थानीय लोगों व व्यापारियों वर्ग का कहना है कि मुख्यमंत्री की साफ स्वच्छ हिमाचल मुहिम मात्रक घोषणा बनकर रह गई है। इस पर न तो स्थानीय प्रशासन ने ही स्थानीय पंचायत कोई कार्यवाही कर रही है। क्षेत्र में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं लोग पूछ रहे हैं हम कूड़ा फेंकें कहां। स्थानीय प्रशासन स्थानीय पंचायत द्वारा कोई भी जगह निर्धारित नहीं की गई जहां पर कूड़ा फेंका जाए। इसलिए लोगों ने स्थानीय प्रशासन व पंचायत प्रशासन से मांग की है कि जैसे पंचायत में सरकार ने स्वच्छ गांव साफ गांव मुहिम चलाई है तो उसके लिए हर घर से कूड़ा एकत्र किया जाए। लोग पैसा देने के लिए इनकार नहीं कर रहे हैं मगर लोगों को सुविधा मिलनी चाहिए। इस बारे में खंड विकास अधिकारी गोहर श्रवण सिंह ने बताया वे खुद बाजार का मूआयना करेंगे और पंचायत प्रतिनिधियों को दिशा निर्देश देंगे। ताकि स्वच्छ हिमाचल स्वच्छ गांव मूहीम को सुचारू ढंग से चलाया जा सके।

# सिरमौर के माजरा क्षेत्र में 18 वर्षीय बालिका के अपहरण का विरोध

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बिंदल और पूर्व मंत्री सुखराम धरने में रहे मौजूद

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**नाहन, 14 जून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि सिरमौर जिला के माजरा क्षेत्र की पड़दूनी पंचायत में 4 जून 2025 को एक 18 वर्षीय बालिका के बहला-फुसलाकर अपहरण की घटना अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक है। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में गहरा आक्रोश पैदा किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस गंभीर मामले को लेकर पीड़ित परिवार और स्थानीय नागरिकों के साथ पूर्ण एकजुटता व्यक्त करती है। शुक्रवार को इस मामले में माजरा थाना पर पीड़ित परिवार और स्थानीय नागरिकों द्वारा इस घटना के विरोध में आयोजित धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव मंडल ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा, 'हमारी बेटियों की सुरक्षा और सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस तरह की घटनाएं समाज में अस्वीकार्य हैं और दोषी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। डॉ. बिंदल ने प्रशासन से मांग की है कि अपहृत बालिका की तत्काल सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित की जाए और दोषी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# हरोली में रविवार को होगा पहला प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री एक्सीलेंस अवार्ड समारोह

उपमुख्यमंत्री करेंगे मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

पालकवाह ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से होगा आयोजन

हरोली क्षेत्र के 150 छात्र-छात्राओं को मिलेगा नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना, 14 जून।** प्रख्यात शिक्षाविद् प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री की स्मृति में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने की एक नई पहल की जा रही है। इस कड़ी में प्रथम प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री एक्सीलेंस अवार्ड समारोह - 2025 का आयोजन रविवार, 15 जून को हरोली विधानसभा क्षेत्र के पालकवाह ऑडिटोरियम में प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न एवं नकद पुरस्कार प्रदान करेंगे।

यह आयोजन प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करना है।फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह अवार्ड हर वर्ष आयोजित किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिबद्धता को सम्मानित किया जा सके।

अवार्ड समारोह के पहले संस्करण में हरोली विधानसभा क्षेत्र के कुल 150 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इनमें वे विद्यार्थी शामिल हैं जिन्होंने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में अव्वल प्रदर्शन किया है। इनमें क्षेत्र के 5 स्टेट टॉपर भी शामिल हैं जिन्होंने राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है।

फाउंडेशन से जुड़े प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का संपूर्ण जीवन शिक्षा को समर्पित रहा। उन्होंने अपने शिक्षणकाल में हज़ारों विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और शिक्षा को केवल अंकों तक सीमित न रखते हुए उसमें जीवन मूल्यों की अभिव्यक्ति को सर्वोपरि माना। उनके नाम पर यह अवार्ड आरंभ किया जा रहा है। समारोह में जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी,बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहेंगे।

# डॉ. शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन, 14 जून (अप्रस)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 15 जून, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 15 जून, 2025 को दोपहर 01.45 बजे सोलन के देहूंघाट में आयोजित होने वाले सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मेले में मुख्यातिथि होंगे।

# 'खगोल विज्ञान विद्यार्थियों में तार्किक एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने का एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम : धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने किया खगोल क्लब का शुभारंभ

छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागी नई चेतना

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई, 14 जून।** घुमारवीं शिक्षा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण दिन रहा, हिमाचल प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुमारवीं तथा राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुमारवीं में खगोल क्लब (Astronomy Club) का विधिवत शुभारंभ किया। यह पहल भारती एयरटेल फाउंडेशन एवं समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से संचालित क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम के अंतर्गत आरंभ की गई है।

इस अवसर पर श्री धर्माणी ने कहा, 'खगोल विज्ञान न केवल ज्ञानवर्धक है, बल्कि यह विद्यार्थियों में तार्किक एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने का एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम है। खगोल क्लब विद्यार्थियों की कल्पनाओं को साकार करने और उन्हें अनुसंधान की दुनिया से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'

मंत्री ने यह भी कहा कि आज के बच्चे कल के वैज्ञानिक हैं, और ऐसे क्लब उन्हें ISRO, NASA जैसी संस्थाओं तक पहुंचाने की प्रेरणा बन सकते हैं। उन्होंने खगोल विज्ञान को युवाओं के लिए एक संभावनाओं से भरा करियर विकल्प बताते हुए कहा कि छात्र खगोल वैज्ञानिक, खगोल भौतिकशास्त्री और उपग्रह अभियंता जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विशेष खगोल दूरबीन (Astronomical Telescope) की सहायता से पूर्णिमा के चंद्रमा का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस गतिविधि के माध्यम से उन्होंने चंद्रमा की सतह, गड्ढों तथा उसकी भौगोलिक विशेषताओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। दूरबीन की कार्यप्रणाली को भी सरल भाषा में समझाया गया, जिससे छात्रों की वैज्ञानिक जिज्ञासा और गहराई से प्रज्वलित हुई।

मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि आगामी समय में खगोल क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को आकाश दर्शन ग्रहों और तारों की पहचान, विशेषज्ञों से संवाद, अंतरिक्ष विषयक कार्यशालाएं तथा शैक्षणिक यात्राएं जैसी रोचक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने इस अभिनव पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया और इसे शिक्षा क्षेत्र में एक सशक्त नवाचार बताया।

कार्यक्रम के अंत में तकनीकी शिक्षा मंत्री ने खगोल क्लब के सतत संचालन, तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

'यह खगोल क्लब न केवल विद्यार्थियों के सपनों को पंख देगा, बल्कि उन्हें नये क्षितिजों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा'- ऐसा विश्वास श्री धर्माणी ने व्यक्त किया।

### इन्होंने दिया स्कूल प्रशासन को धन्यवाद

इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी एवं उपनिदेशक गुणवत्ता शिक्षा निशा गुप्ता, एनआईटी हमीरपुर से प्रोफेसर कुलदीप एवं प्रोफेसर डॉ. अरुण मदन लाल शर्मा, भारती एयरटेल फाउंडेशन के प्रतिनिधि मनदीप, सैमुअल, संतोष, संसार पठानिया तथा डाइट स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश मनकोटिया, कार्यक्रम समन्वयक चंद्रकांत, कन्या पाठशाला के प्रधानाचार्य परमजीत शर्मा एवं स्कूल प्रशासन को भी धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी गईं। श्री धर्माणी ने कहा कि इन सभी की सक्रिय भागीदारी और समर्पण से ही यह अभिनव कार्यक्रम सफल हो पाया है।

# बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड में लगे कूड़े के ऊंचे पहाड़ों को दिसंबर 2025 तक कर दिया जाएगा खत्म: जेई ईशान

## बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड में लिगसी वेस्ट के निस्तारण संबंधी काम जोरों पर, डंपिंग ग्राउंड से कचरा निस्तारण का काम 4 फरवरी से हो चुका था शुरू

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 जून।** बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड जहां पर पूरे शहर का कचरा गिराया जाता है और प्रतिदिन 50 टन कूड़ा यहां पर आ रहा है। वर्षों से जहां पर लगातार कूड़ा गिर रहा है जिसके चलते यहां पर 10 से 15 फीट ऊंचे कूड़े के पहाड़ बन चुके हैं। इस कूड़े के निस्तारण संबंधी नगर कौंसिल जीरकपुर द्वारा एक प्राइवेट कंपनी को यहां का लिगसी वेस्ट का पहाड़ खत्म करने का ठेका दिया गया है। जिसके द्वारा यह काम फरवरी महीने में शुरू किया गया था और अब यह काम पूरे जोर शोर से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर कौंसिल द्वारा 3.1 करोड रुपए का ठेका डंपिंग ग्राउंड के सारे कूड़े के निस्तारण के लिए दिया गया है। इसके लिए कंपनी को 9 महीने तक का समय दिया गया है। अगर इस समय दौरान बारिश आ जाती है तो उतना समय आगे बढ़ा दिया जाएगा। इस कार्य के शुरू होने से अब लगने लगा है कि जल्द ही डंपिंग ग्राउंड में बने हुए कूड़े के 10 से 15 फीट ऊंचे पहाड़ों से निजात मिलने की उम्मीद है।

जिक्र योग्य है कि 4 एकड़ में फैले डम्पिंग ग्राउंड में कूड़े का निपटान न होने के कारण यहां पर 10 से 15 फीट लिगेसी वेस्ट के पहाड़ बन गए हैं। इसके अलावा शहर के कुछ वार्डों से कूड़े का उठान भी नहीं हो पाता। एमसी हाउस मीटिंग में सफाई व्यवस्था को लेकर काम करने का एजेंडा सबसे पहले रखा जाता है। शहर में गारबेज की प्रोसेसिंग के लिए नगर परिषद पिछले 15 सालों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं कर सकी है ,जिससे हर दिन निकलने वाले 45 से 50 टन से ज्यादा कचरे का निपटारा हो सके। शहर की सड़कों के किनारे और खाली प्लॉट्स में कूड़े के ढेर लग गए हैं।

### बिशनपुरा डंपिंग ग्राउंड की मौजूदा स्थिति

डंपिंग ग्राउंड में लिगसी वेस्ट को निस्तारण करने का काम कंपनी द्वारा शुरू कर दिया गया है पोकलेन मशीन से सारे कूड़े को ऊपर नीचे करके सूखने का काम चल रहा है। कंपनी की बड़ी ट्रोमल मशीनों डंपिंग ग्राउंड में चल रही है और सारे कचरे में से प्लास्टिक तथा सॉलिड वेस्ट अलग-अलग करके प्लास्टिक की गांठे तैयार की जाएगी, जिन्हें प्लास्टिक फैक्ट्री को भेज दिया जाएगा तथा मिट्टी बन चुके कचरे को उठाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इस समय बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड में लगातार दो शिफ्टों में काम चल रहा है अगर जरूरत पड़ी तो इसके लिए तीन शिफ्टें भी लगाई जाएंगी और समय अनुसार काम को पूरा किया जाएगा।


-बिशनपुर डंपिंग ग्राउंड में लिगसी वेस्ट के निस्तारण का काम पूरे जोर-शोर से चल रहा है अगर कभी भी बारिश आ जाती है तो थोड़ा काम में रुकावट आती है वरना मशीन 24 घंटे चल रही है। उम्मीद है कि पूरा डंपिंग ग्राउंड दिसंबर तक साफ कर दिया जाएगा।

**-ईशान कुमार जेई,**
**नगर कौंसिल जीरकपुर।**

# चंडीगढ़ ईएसआई डिस्पेंसरी में स्टाफ की कमी

## स्वास्थ्य सचिव को लिखा पत्र, अव्यवस्था और बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाया

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 14 जून।** फैक्टरी या कंपनियों में काम कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा के लिये बनी ईएसआई डिस्पेंसरियों में स्टाफ की घोर कमी है। इससे मुलाजिमों को वो लाभ नहीं मिल पा रहा जिसके वो हकदार हैं। हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) ने इसको लेकर गंभीर चिंता जताई है। एचएमएस के वाइस प्रेसीडेंट कश्मीर चंद ने चंडीगढ़ प्रशासन के स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखकर सेक्टर-23 और 29 स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी में फैली अव्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया है। स्वास्थ्य सचिव को भेजे पत्र में बताया गया है कि सेक्टर-29 स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी में स्वीकृत स्टाफ के मुकाबले कार्यरत स्टाफ बहुत कम है। उदाहरण के तौर पर, यहां 13 मेडिकल अफसर के पद स्वीकृत हैं। लेकिन फिलहाल केवल 3 ही तैनात हैं। 19 फार्मासिस्ट के पदों में से सिर्फ 7 पर ही स्टाफ कार्यरत है। स्टाफ नर्स और लैब तकनीशियन जैसे अहम पदों पर भी कोई नियुक्ति नहीं की गई है।

एचएमएस ने बताया कि 21 अप्रैल को उन्होंने स्टाफ को लेकर एक आरटीआई मांगी थी जिसके जवाब में अधूरी जानकारी दी गई। इससे इन संस्थानों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी साफ नजर आती है। जानकारी के अनुसार वार्ड सेवक और स्वीपर जैसे पदों पर भी आधे से कम स्टाफ पर चल रहे हैं, जिससे साफ-सफाई और संचालन पर बड़ा असर पड़ रहा है। इसके अलावा 10 लिपिक पदों में से केवल एक ही कार्यरत है और 5 एएनएम (ऑग्जिलरी नर्स मिडवाइफ) के पदों में से केवल एक पर नियुक्ति हुई है। चपड़ासी, मेड और माली जैसे अन्य सहायक पद भी खाली पड़े हैं।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सेक्टर-23 स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी में कोई डॉक्टर तैनात नहीं है, जबकि वहां लंबे समय से मजदूर वर्ग द्वारा चिकित्सा सुविधा की कमी की शिकायतें की जा रही हैं। कश्मीर चंद ने कहा कि सरकार की इस लापरवाही के कारण गरीब और मेहनतकश वर्ग के कर्मचारियों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। एचएमएस ने मांग की है कि जितने भी पद मंजूर किए गए हैं, उन्हें जल्दी से जल्दी भरा जाए और डिस्पेंसरियों की जरूरी सुविधाएं भी बेहतर की जाएं। संगठन ने सुझाव दिया है कि वहां एक लैब बनाई जाए, दवाइयां देने के काउंटर बढ़ाए जाएं और सफाई कर्मचारियों की संख्या भी पूरी की जाए, ताकि सफाई और कामकाज अच्छे से हो सके। एचएमएस ने प्रशासन से मांग की है कि इन डिस्पेंसरियों की मूल भावना, मजदूर वर्ग को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना को बचाए रखने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।

### राजकीय महाविद्यालय कालका में योग गतिविधियों का सफल आयोजन

**कालका (अप्रस/जग्गी)।** हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय, कालका में योग संबंधी विविध गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. गीता सुखीजा ने किया। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों को सूर्यनमस्कार, त्रिकोणासन, भुजंगासन, पश्चिमोत्तानासन, कपालभाति, भ्रामरी और प्राणायाम जैसे योगासनों का अभ्यास कराया गया। कुल 22 कर्मचारियों और 30 विद्यार्थियों ने इस सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम की दूसरी गतिविधि के रूप में महाविद्यालय परिसर में 5 पौधों का रोपण किया गया। यह पौधारोपण महाविद्यालय की प्राचार्या, कर्मचारियों एवं आयुष विभाग की ओर से डॉ. मोनिका द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस समस्त आयोजन की व्यवस्था महाविद्यालय के योग क्लब द्वारा की गई, जिसमें क्लब प्रभारी डॉ. गीता कुमारी एवं सदस्य डॉ. प्रदीप ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ भाग लिया।

# जनजागरण शिविर में दी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका, 14 जून।** कालका विद्युत उपमंडल द्वारा गांव डोला, कालका में एक जनजागरण शिविर (खुला दरबार) का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन को हरियाणा सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित उपभोक्ता हितैषी बिजली योजनाओं की जानकारी देना था।

शिविर में मौजूद अधिकारियों ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, सरचार्ज माफी योजना तथा कृषि पंपों के विस्तार हेतु स्वैच्छिक प्राधिकरण योजना की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ तो मिलेगा ही, साथ ही उन्हें बेहतर गुणवत्ता की बिजली सेवा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर स्वयं बिजली का उत्पादन कर सकते हैं तथा अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आय अर्जित कर सकते हैं। वहीं सरचार्ज माफी योजना के तहत पुराने बकायाधारक उपभोक्ता निर्धारित शर्तों के अनुसार सरचार्ज में छूट प्राप्त कर सकते हैं।

किसानों के लिए शुरू की गई स्वैच्छिक प्राधिकरण योजना के अंतर्गत कृषि पंपों की वैधता बढ़ाने या अतिरिक्त भार के लिए अधिकृत कनेक्शन लेने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न योजनाओं के प्रति रुचि दिखाई। विशेष रूप से लगभग 20 ग्रामीणों ने इन योजनाओं में गहरी दिलचस्पी दिखाई। लोगों ने विभाग की इस पहल की सराहना की और अनुरोध किया कि इस प्रकार के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाएं।

अंत में अधिकारियों ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और जागरूक उपभोक्ता बनें।

# वाल्मीकि धर्मशाला का पुनर्निर्माण दो साल से अधर में: सुरिंदर चौहान

स्थानीय लोगों को हो रही भारी परेशानियाँ, प्रशासन से पुनर्निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका, 14 जून।** समाजसेवी सुरिंदर चौहान, जो कि अवाम जिला पंचकूला के जिला अध्यक्ष, अखंड भारत चंड दल कालका-पिंजौर के प्रधान तथा भाजपा नेता हैं, ने जानकारी देते हुए बताया कि कालका के अप्पर मोहल्ला में स्थित वाल्मीकि धर्मशाला का पुनर्निर्माण कार्य बीते दो वर्षों से अधर में लटका हुआ है।

चौहान ने बताया कि वर्ष 1996 में हरियाणा सरकार द्वारा निर्मित इस धर्मशाला का शिलान्यास तत्कालीन विधायक चौधरी चंद्र मोहन जी ने किया था। समय के साथ धर्मशाला की स्थिति जर्जर होने पर इसे पुनर्निर्माण हेतु गिरा दिया गया, लेकिन निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हो सका।

स्थानीय लोगों के अनुसार, धर्मशाला का न होना उनके लिए कई प्रकार की असुविधाएं पैदा कर रहा है। विवाह, धार्मिक आयोजनों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सुरिंदर चौहान ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि वाल्मीकि समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए धर्मशाला के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरुकता दिवसः बुजुर्गों के दिल से निकली आवाज

# हमें केवल योजना बताई जाती है, पूछा नहीं जाता

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 14 जून।** विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस (15 जून) के अवसर पर, हेल्पएज इंडिया ने अंतरजननात्मक गतिशीलता और वृद्धावस्था पर धारणाओं को समझना (इंडिया इंटरजेनरेशनल बॉन्ड्स - आईएनबीओ रिपोर्ट) नामक एक अनूठी राष्ट्रीय अध्ययन रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट चंडीगढ़ यू.टी. सामाजिक कल्याण विभाग की सचिव सुश्री अनुराधा एस. चगती द्वारा जारी की गई। यह राष्ट्रीय अध्ययन मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों में किया गया, जिसमें शहरी भारत के युवा (18-30 वर्ष) और वृद्ध (60 वर्ष और अधिक) शामिल थे। अध्ययन में 5,798 प्रतिभागियों को शामिल किया गया, जिसमें 70 फीसदी युवा और 30 फीसदी वृद्ध थे। इसमें मात्रात्मक डेटा के साथ-साथ गुणात्मक फोकस ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से शहरी भारत में युवाओं और वृद्धों के बीच भावनात्मक, संबंधपरक और मनोवैज्ञानिक गतिशीलता का विश्लेषण किया गया। रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए। जहां 86 फीसदी वृद्धों ने महसूस किया कि उन्हें सम्मान और मूल्य दिया जाता है, वहीं कई ने भावनात्मक दूरी, अनसुना होने या सार्थक जुड़ाव से बाहर रखे जाने की भावना व्यक्त की। कुछ वृद्धों ने कहा, हमें योजना बताई जाती है, पूछा नहीं जाता। युवा वृद्धों को अकेला (56 फीसदी), निर्भर (48 फीसदी), लेकिन साथ ही बुद्धिमान (51 फीसदी) और सम्मानित (43 फीसदी) मानते हैं। 2025 में भारत की लगभग 12 फीसदी आबादी 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की है, जो 2050 तक 19 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। साथ ही, भारत में 15-29 वर्ष की आयु के 36.5 करोड़ से अधिक युवा हैं, जो इसे विश्व का सबसे बड़ा युवा जनसंख्या वाला देश बनाते हैं। हेल्पएज इंडिया, चंडीगढ़ और पंजाब के स्टेट हेड भवनेश्वर शर्मा ने कहा कि यह रिपोर्ट एक सकारात्मक पुष्टि के साथ-साथ एक समयबद्ध चेतावनी है। भारत में वृद्धों के प्रति सम्मान और पारिवारिक बंधन गहरे हैं, लेकिन इसके नीचे एक चिंताजनक भावनात्मक दूरी है। हमें वृद्धावस्था को अलगाव के दौर से बदलकर साझा उद्देश्य का दौर बनाना होगा, जहां पीढ़ियां न केवल निकटता में, बल्कि दृष्टिकोण और सह-निर्माण में भी जुड़ें। इस कार्यक्रम को हेल्पेज की डिप्टी डायरेक्टर आरती पंडिता ने कोर्डिनेट किया।

# सूचना का अधिकार अधिनियम: 20 साल पूरे, पर चुनौतियां अभी भी बरकरार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जून।** सूचना का अधिकार अधिनियम के 20 साल पूरे होने पर एक चर्चा आयोजित की गई, जिसमें इस एक्ट के फायदे और चुनौतियों पर चर्चा की गई। चर्चा में भाग लेने वाले विशेषज्ञों ने माना कि इस एक्ट ने लोगों को सरकार से सवाल पूछने का अधिकार दिया है और सरकार की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने में मदद की है लेकिन अभी भी इसको लेकर कई सारी चुनौतियां हैं।

सूचना अधिकारी अक्सर सूचना देने से बचते हैं और एप्लीकेशन को खारिज करने के लिए बहाने बनाते हैं। फर्स्ट अपील और सैकंड अपील में अभी पेंडेंसी की बड़ी समस्या है। सूचना आयोगों में स्टाफ की कमी है, जिससे सुनवाई में देरी होती है लिहाजा जिस मकसद को लेकर कानून बनाया गया था वह पर्पज पूरी तरह डिफीट हो रहा है। शहर के जाने माने एक्टीविस्ट आरके गर्ग ने आरटीआई कानून को लेकर कुछ सुझाव भी दिये। उनका कहना है कि सूचना अधिकारियों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। सूचना आयोगों में स्टाफ की कमी को दूर किया जाना चाहिए। इस एक्ट को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसमें सुधार किया जाना चाहिए। आरके गर्ग ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम ने लोगों को एक महत्वपूर्ण अधिकार दिया है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए इसमें सुधार की आवश्यकता है। सरकार और सूचना अधिकारियों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए ताकि यह एक्ट अपने उद्देश्य को पूरा कर सके।

# बीबीएमबी बोर्ड सचिवालय कार्यालय, चंडीगढ़ में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जून।** भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड ने विभिन्न पहलों के माध्यम से विश्व रक्तदाता दिवस 2025 मनाया। अध्यक्ष श्री मनोज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में बीबीएमबी के नंगल परियोजना स्टेशन पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. इसके अलावा, बीबीएमबी बोर्ड सचिवालय कार्यालय, चंडीगढ़ में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस वर्ष के विश्व रक्तदाता दिवस अभियान का स्लोगन है - "Give Blood, Give Hope" जिसके अनुसार प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्त दान करके किसी का जीवन बचा सकता है ।

शिविर की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई, जिसमें रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया और कर्मचारियों ने अपनी क्षमतानुसार नियमित रूप से रक्तदान करने की शपथ ली।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान Blood Sugar, ब्लडप्रेशर और Bone Density जैसे विभिन्न परीक्षण उपलब्ध थे। परामर्श देने के लिए एक सामान्य चिकित्सक, आहार विशेषज्ञ और हड्डी रोग विशेषज्ञ भी मौजूद थे।

BBMB के 100 से अधिक कर्मचारियों ने शिविर का लाभ उठाया। स्वस्थ जीवन जीने में नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर के दौरान कर्मचारियों को अपने दैनिक जीवन में नियमित अभ्यास के रूप में योग अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

### चाकू की नोक पर लूट के आरोपी काबू

**पंचकूला (अप्रस)।** चाकू की नोक पर एक युवक से चांदी का कड़ा लूटने वाले एक नाबालिग समेत चार युवकों को महज दो घंटे की पड़ताल के दौरान काबू कर लिया। चौकी सेक्टर-10 में शिकायत देते हुए सेक्टर 12 ए में किराए के मकान में रह रहेअमन रावत ने बताया कि वह सेक्टर-11 में कार वॉशिंग का कार्य करता है। 12 जून की रात करीब 9 बजे जब वह वर्कशॉप से घर लौट रहा था, तभी कुछ युवकों ने उसे रास्ते में रोका और चाकू दिखाकर जबरदस्ती उसका चांदी का कड़ा लूट लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) के अंतर्गत मामला दर्ज किया और आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने गीता मंदिर सेक्टर-11 से तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की, जिनकी पहचान संजीव उर्फ डाबा निवासी सेक्टर-4, राजकुमार निवासी मोहाली और लखन सिंह निवासी सेक्टर-12ए के रूप में हुई। वहीं, इस वारदात में शामिल एक चौथा आरोपी नाबालिग पाया गया, जिसे जुवेनाइल अधिकारी के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह भेजा गया है।

# विधायक रंधावा और राखी बिड़ला ने लुधियाना पश्चिम में आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा के लिए प्रचार किया

एमसी घुमन की मौजूदगी में 20 परिवार पार्टी में शामिल हुए

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 जून।** विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने दिल्ली की पूर्व स्पीकर श्रीमती राखी बिड़ला, अन्य विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लुधियाना पश्चिम में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा के लिए प्रचार किया। यह प्रचार वार्ड नंबर 63 गोपाल नगर में पार्षद घुमन की मौजूदगी में किया गया। उल्लेखनीय है कि विधायक कुलजीत सिंह रंधावा डेरा बस्सी विधानसभा क्षेत्र की टीमों के साथ 19 जून को होने वाले लुधियाना उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार के लिए लगातार प्रचार कर रहे हैं। चुनावी रैली आप के लिए शक्ति प्रदर्शन थी, जहां विधायक रंधावा और श्रीमती बिड़ला ने सभा को संबोधित किया और लोगों से 19 जून को होने वाले चुनाव में संजीव अरोड़ा को वोट देने की अपील की। उन्होंने स्वच्छ और कुशल शासन प्रदान करने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता व्यक्त की और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक और स्थानीय निवासी शामिल हुए। इससे पहले विधायक रंधावा व अन्य विधायकों की मौजूदगी में ऊना कार्यालय में विभिन्न पार्टियों से 20 परिवारों ने आप में शामिल होने की घोषणा की और सभी ने उनका खुले दिल से स्वागत किया। इन परिवारों ने पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर आगामी चुनावों में आप में शामिल होने और इसकी सफलता के लिए काम करने का फैसला किया। इन परिवारों का शामिल होना लुधियाना पश्चिम में आप की बढ़ती लोकप्रियता और समर्थन का प्रमाण है। इस अवसर पर विधायक रंधावा ने कहा, ÷हमें खुशी है कि सुश्री राखी बिड़ला और अन्य विधायक संजीव अरोड़ा के प्रचार में हमारे साथ शामिल हुए। आप भारत के राजनीतिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है और हमें विश्वास है कि लोगों के समर्थन से हम आगामी चुनावों में जीत हासिल करेंगे।÷ इस बीच, आप को वार्ड नंबर 63 गोपाल नगर के लोगों का भारी समर्थन मिला।

# ट्रिपल इंजन सरकार में हर वादा बन रहा हकीकत : बड़ौली

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोनीपत में गोरखनाथ चौक, छात्रावास की विधि विधान के साथ आधारशिला रखी**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 14 जून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने शनिवार को सोनीपत में छात्रावास और गोरखनाथ चौक की विधि विधान के साथ आधारशिला रखी। वहीं उन्होंने सोनीपत कार्यालय पर प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार में हर वादा हकीकत बन रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो संकल्प लेती है उसे गारंटी के साथ पूरा करती है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा संत कबीर साहेब जी की शिक्षाओं और आदर्शों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। इसी कड़ी में आज खरखोदा में आयोजित भव्य समारोह में संत कबीर साहेब जी की शिक्षाओं और आदर्शों को स्मरण करते हुए छात्रावास की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास समाज के जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा देगा, यह संत कबीर साहेब जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से संत कबीर साहेब के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह में विधायक पवन खरखोदा, मेयर राजीव जैन, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। बड़ौली ने इससे पहले नगर निगम सोनीपत द्वारा बनाए जा रहे गुरु गोरखनाथ चौक की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु गोरखनाथ प्रकटोत्सव राज्य स्तरीय समारोह में एक चौक का नाम श्री गुरु गोरखनाथ जी के नाम पर रखने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार आज विधि विधान और हवन यज्ञ कर मैक्सिको सिटी में गुरु गोरखनाथ चौक की आधारशिला रखी है। उन्होंने कहा कि यह चौक आने वाली पीढ़ियों को आस्था, परंपरा और संस्कारों की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन और योगी समाज के अध्यक्ष एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की। इस दौरान उन्होंने संगठन और जनहित के मुद्दों व सुझावों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

### भाजपा का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़

बड़ौली ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। कार्यकर्ताओं की बातों को प्राथमिकता देना और उन्हें उचित मंच तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। बड़ौली ने कहा कि संगठन की आत्मा उसके कार्यकर्ता होते हैं और जब वे अपनी बात खुलकर रखते हैं तो वह संगठन को और अधिक सशक्त बनाता है।

# मेयर ने नालों की सफाई में तेजी लाने के दिए निर्देश

**दुकानदारों एवं रेहड़ी वालों से बरसाती नालों में कचरा न डालने की अपील**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 14 जून।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने नालों की सफाई में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं ताकि बरसाती पानी की निकासी में परेशानी ना हो, दुकानदारों एवं रेहड़ी वालों से भी अपील है कि बरसाती नालों में कचरा ना तो डालें और न ही डालने दें। शनिवार को पुलिस लाइन, जेल परिसर तथा सेक्टर 27 थाने से गेटवे स्कूल तक राजीव जैन की देखरेख में नाला सफाई अभियान चलाया गया। राजीव जैन ने मौके पर मौजूद मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह, सतेंद्र दहिया तथा सुंदर मलिक को कड़े निर्देश दिए कि 30 जून से पूर्व नालों की सफाई पर पूरा जोर दो क्योंकि मानसून सिर पर है।

राजीव जैन ने पानी की निकासी की समस्या को लेकर देवरू रोड तथा अग्रसेन चौक का भी दौरा किया। देवरू रोड पर सड़क के साथ साथ गलियों के पानी की निकासी में आ रही बाधाएं दूर करने का आश्वासन दिया। अग्रसेन चौक पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए फौजी कैंटीन के पास पाइप डालकर समस्या का समाधान किया जायेगा।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, शशि कांत भारद्वाज, अतुल गौतम, श्री निवास, जोगेंद्र सेठा, सूरज जैन अधिवक्ता, हंसराज, भोपाल त्यागी, नकिन मेहरा अधिवक्ता, सतनारायण मेहरा, मनोज धानिया, कुलदीप सैनी, बिन्द्र, वेद सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने गांव गोरड़ में पहुंच संत कबीर को नमन किया

## संत कबीर के दोहों में समुद्र जैसी गहराई, उनके विचारों को आदर्श मानकर जीवन में बढ़ा जा सकता है आगे : दीपेन्द्र हुड्डा

**हर जाति में अच्छे-बुरे इंसान मिलेंगे लेकिन हमें मनुष्य के अच्छे कर्म और ज्ञान को देखना चाहिए**

**मनुष्य ने ही जाति-पाति, धर्म का भेदभाव किया लेकिन भगवान् ने कोई फर्क नहीं किया**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 14 जून।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज खरखौदा हलके के गाँव गोरड़ में निःस्वार्थ कबीर सेवा समिति द्वारा आयोजित संत कबीर जयंती महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। दीपेन्द्र हुड्डा ने भव्य महोत्सव के आयोजन की बधाई देते हुए संत कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि 15वीं शताब्दी में उनकी वाणी के हर शब्द आज तक सुनाई देते हैं। उनके आदर्श, उनकी वाणी का प्रकाश हमारे समाज को हमेशा रास्ता दिखाने का काम करेगा। कबीरदासजी के प्रसिद्ध दोहे 'जाति न पूछो साधु की,पूछ लिजिए ज्ञान, मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संत कबीर के दोहों में समुद्र जैसी गहराई है, उनके विचारों उनके दोहों को आदर्श मानकर जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। भगवान् ने कहा है कि हर जाति में अच्छे-बुरे हर तरह के इंसान मिलेंगे लेकिन संत कबीर ने उपदेश दिया कि हर मनुष्य के कर्म देखो, उसके ज्ञान को देखो। सांसद दीपेन्द्र ने 'कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सबकी खैर ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सर्वविदित सत्य है कि हर व्यक्ति बराबर है। मनुष्य ने ही जाति-पाति, धर्म का भेदभाव किया लेकिन भगवान् ने कोई फर्क नहीं किया। समानता के पक्षधर कबीरदास जी ने सिखाया कि मनुष्य-मनुष्य में भेद नहीं किया जा सकता। आज जब हम किसी अस्पताल में जाते हैं और खून की जरुरत पड़ती है तो किस जाति का खून है ये नहीं देखा जाता। जब भगवान् ने इंसान में फर्क नहीं किया तो फर्क करने वाले हम कौन होते हैं। वास्तव में संत कबीर एक इंसान थे जो हर इंसान की कदर करते थे, उनके दोहे आज भी हम सब के लिए प्रासंगिक हैं। संत कबीर के विचार सदा हम सबके मार्गदर्शक बने रहेंगे।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मिकी, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुरेंद्र शर्मा, जोगेंद्र दहिया, मनोज रिढाऊ, मनोज बागड़ी, जयदीप धनखड़, जोगेंद्र आंतिल, जितेंद्र जांगड़ा, शमशेर सिलाना, संजय बड़वासनी,सहित कबीर दास समाज के सभी पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल दिल्ली ने न्यूरोसर्जिकल समस्याओं के लिए भिवानी में विशेष ओपीडी शुरू की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**भिवानी, 14 जून।** दिल्ली स्थित मणिपाल हॉस्पिटल ने भिवानी में जांगड़ा मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल के सहयोग से आज एक विशेष ओपीडी का शुभारंभ किया। इस ओपीडी में मणिपाल हॉस्पिटल्स द्वारका में न्यूरोसर्जरी विभाग के क्लस्टर हेड और वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. अनुराग सक्सेना अब हर महीने के दूसरे और चौथे मंगलवार को दोपहर 12ः00 बजे से 2ः00 बजे तक भिवानी में मरीजों की जांच और इलाज करेंगे। यह सेवा खासतौर पर ब्रेन और स्पाइन से जुड़ी बीमारियों के लिए शुरू की गई है।

आजकल दिमाग और स्पाईन से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। गलत बैठने की आदत, कम शारीरिक गतिविधि और लगातार तनाव जैसे कारण इन बीमारियों को बढ़ावा देते हैं। इन समस्याओं का समय रहते पता चलना बेहद जरूरी है ताकि शरीर पर इसके प्रभावों को रोका या कम किया जा सके। इसलिए जागरुकता बढ़ाकर और नियमित जाँच द्वारा लोगों के बीच न्यूरोलॉजिकल और स्पाईन के विकारों का भार कम किया जा सकता है।

डॉ. अनुराग सक्सेना, क्लस्टर हेड, दिल्ली एनसीआर, न्यूरोसर्जरी विभाग, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने कहा, ''नियमित हेल्थ चेकअप और इमेजिंग टेस्ट्स से हर्नियेटेड डिस्क या रीढ़ की अन्य समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है, क्योंकि इनके लक्षण अक्सर मरीज नजरअंदाज कर देते हैं। न्यूरोलॉजिकल और स्पाइन सर्जरी के क्षेत्र में हाल ही में हुए तकनीकी विकास, जैसे मिनिमली इनवेसिव सर्जरी, ने इलाज को आसान और आरामदायक बना दिया है ङ्क जिससे मरीजों को कम दर्द, तेजी से रिकवरी और बेहतर परिणाम मिलते हैं। हम उन्नत देखभाल उपलब्ध कराने के साथ-साथ लोगों को नियमित जांच के लिए प्रेरित करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। आधुनिक तकनीक, सटीक निदान और देखभाल के माध्यम से हम मरीजों को ब्रेन और स्पाइन से जुड़ी बीमारियों से लड़ने में मदद कर सकते हैं।

डॉ. सुभाष जांगड़ा, डायरेक्टर, जांगड़ा मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल ने कहा, ''लोगों को अपनी सेहत को प्राथमिकता देते हुए नियमित जांच करानी चाहिए ताकि पार्किंसन जैसी बीमारियों या स्पाइन डिसऑर्डर्स का प्रारंभिक स्तर पर ही पता लगाया जा सके। भिवानी में यह ओपीडी शुरू करके हमारा उद्देश्य मरीजों की केयर एवं इलाज के परिणामों में सुधार लाना है।''

एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और देशभर के लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं सुलभ कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अस्पताल न्यूरोलॉजिकल केयर के तहत माइक्रो न्यूरोसर्जरी, हाइड्रोसेफेलस का इलाज, बच्चों की न्यूरोसर्जरी, न्यूरो-ऑन्कोलॉजी, सेरेब्रोवास्कुलर सर्जरीज़ और फंक्शनल व कॉम्प्लेक्स स्पाइन सर्जरी जैसी समग्र सेवाएं प्रदान करता है। भिवानी में इस विशेष ओपीडी की शुरुआत, इस लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला में भव्य योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोनीपत, 14 जून।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारियों के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा शनिवार को हैबिटेट क्लब सहित जिला के अन्य स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन शिविरों में सैकड़ों नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और जवानों ने सक्रिय भागीदारी कर योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ राम अवतार सिंह ने हैबिटेट क्लब में आयोजित शिविर का शुभारंभ करते हुए बताया कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर होने के साथ-साथ आत्म-संतुलन, मानसिक शांति और शारीरिक स्फूर्ति का माध्यम है। योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन और कार्यक्षमता में वृद्धि की जा सकती है। इसलिए स्वास्थ्य रहने के लिए सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। शिविरों में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के तहत सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, भ्रामरी, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन आदि योगाभ्यासों का अभ्यास कराया गया।

# इसुजु मोटर्स इंडिया का आई केयर मानसून सर्विस कैंप 16 जून से

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**हिसार,14, जून।** इसुजु मोटर्स इंडिया द्वारा अपने इसुजु डी मैक्स पिक अप और एसयूवी की रेंज के लिये देश भर में इसुजु आई केयर मानसून कैंप का आयोजन किया जायेगा। यह कैंप 16 जून से शुरु होकर 21 जून को सम्पन्न होगा।यह कैंप हिमाचल सहित देश भर में इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर आयोजित किया जायेगा। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को आर्कषक लाभ देने के साथ साथ रखरखाव के लिये एहतियाती जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि पूरे देश में सभी ग्राहकों को इस मौसम में बिना परेशानी के शानदार ड्राईविंग का अनुभव प्राप्त कर सके। कैंप में आने वाले ग्राहकों को निशुल्क 37 प्वाइंट की पूरी जांच,कुछ शर्तो के साथ लेबर चार्ज पर दस फीसदी, पार्ट्स पर पांच फीसदी,ल्यूब और फिल्यूड पर पांच फीसदी,रिटेल आरएसए की खरीद पर दस फीसदी और निशुल्क रिगन प्राप्त कर सकते हैं।


### सार्वजनिक सूचना

मैं राकेश कुमार आधार नंबर 7876 6329 4140 सुपुत्र श्री पृथ्वी सिंह निवासी दुकान नंबर 81,नई अनाज मंडी, बरवाला जिला हिसार (हरियाणा)-125121 प्रमाणित शपथ पत्र से यह ब्यान करता हूँ कि मेरे पिता श्री पृथ्वी सिंह सुपुत्र श्री तारा चन्द का 4 जून, 2024 को स्वर्गवास हो गया था। मेरे पिता श्री पृथ्वी सिंह के नाम एक प्रोपर्टी जिसका प्रोपर्टी आई डी नंबर 6DEJ3OTS है जो कि वाका मौजा बरवाला जिला हिसार में स्थित है। मेरे पिता श्री पृथ्वी सिंह के स्वर्गवास हो जाने उपरान्त उपरोक्त प्रोपर्टी के निम्न प्रेम देवी विधवा श्री पृथ्वी सिंह और सुनील कुमार-राकेश कुमार-राजीव कुमार पुत्रान स्व.श्री पृथ्वी सिंह हर चार समभाग विधिक वारसान हैं। इन उपरोक्त वारसान के अलावा अगर अन्य कोई भी वारसान दावेदार बनकर उपरोक्त प्रोपर्टी बाबत कोई एतराज व दावा आदि करता है तो उसकी हर प्रकार की जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी। अगर इस बारे में किसी को कोई एतराज है तो वो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर नगरपालिका बरवाला (हिसार) के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

AP-2005

### सार्वजनिक सूचना
**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष**

विषयः आबंटी श्रीमती विनोद बाला (विनोद बाला खन्ना) की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति मकान नं० 354P, सैक्टर- 17, अर्बन एस्टेट पंचकूला का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति की आबंटी श्रीमती विनोद बाला (विनोद बाला खन्ना) की 10-01-2025 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा उनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है- 1.रीना आनन्द (पुत्री) 2.बीनु राव (पुत्री) 3.टीनू चोपड़ा (पुत्री)।

रीना आनन्द व बीनु राव तथा टीनू चोपड़ा सभी पुत्री स्व. सुशील कुमार खन्ना सभी निवासी #354P, सैक्टर - 17, पंचकूला ने उक्त सम्पति को कानूनी वारिस होने के नाते अपने नाम में हस्तांतरित करने का आवेदन व पुन: अलाटमैंट रीना आनन्द व बीनु राव तथा टीनू चोपड़ा के नाम में करने की विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नीति के अनुसार हस्तांतरण/ पुन: अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा। **टीना आनन्द, बीनु राव, टीनू चोपड़ा कानूनी वारिस, सम्पदा अधिकारी की ओर से**

AP-1998

### दि सिल्वरटॉन को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट सोसाइटी लि., सेक्टर 48-बी, चंडीगढ़
### निविदा सूचना

**विकल्प-1**

सोसाइटी के डक्ट्स को फाईबर शीट के साथ कवर करने के लिए मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| वर्ग फीट | डक्ट्स की सं. |
|---|---|
| ऊंचाई 33′ और चौड़ाई 6′ | 40 |
| ऊंचाई 33 और चौड़ाई 2′ | 90 |

(फाईबर शीट का आकार 1एमएम-1.5 एमएम)
उक्त शीट की फिटिंग के लिए 4 पाईप होरिजोन्टली, पेंट, फिटिंग, स्करु 19 एमएम. आदि द्वारा सिंगल फ्लोर डक्ट कवर्ड किए जाने हैं।
**(दरें सामग्री और लेबर सहित होंगी)**

**विकल्प-2**

**कृपया इंस्टॉल करने के लिए लेबर कोस्ट प्रति वर्ग फीट कोट करें, फाईबर शीट और सामग्री की व्यवस्था सोसाइटी द्वारा की जाएगी।**

**शर्तें** (i) निविदाएं ठेकेदार अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोली जाएंगी, जो भी 02.07.2025 को सायं 3.00 बजे सोसाइटी के सामुदायिक केंद्र में उपस्थित रहना चाहे। (ii) दरों में सभी कर और जीएसटी शामिल होगा। (iii) उक्त वर्णित मात्रा अनुमानित है। (iv) भुगतान स्थल पर वास्तविक आपूर्ति/कार्य के अनुसार किया जाएगा। (v) सशर्त निविदाएं विचारणीय नहीं होंगी। (vi) आपूर्ति/कार्य आदेश जारी होने की तिथि से एक माह के भीतर पूरा किया जाएगा (vii) इस निविदा से संबंधित किसी पूछताछ हेतु कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें। (viii) 5% भुगतान दो माह के लिए रोका जाएगा और केवल संतोषजनक कार्य पूरा होने के पश्चात जारी किया जाएगा। (ix) सोसाइटी का अध्यक्ष बिना कोई कारण बताए किसी भी कोटेशन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

**संपर्क सं. 98728-80737**
**अध्यक्ष**

AP-2000

### संपदा कार्यालय, यूटी., चंडीगढ़
### सार्वजनिक सूचना

**श्री नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष।**

**विषय:** स्व. दलीप कौर नंदरा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर 10.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2256, सेक्टर 21-सी, चंडीगढ़ (आरपी 3329) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री/श्रीमती दलीप कौर नंदरा10.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2256, सेक्टर 21-सी, चंडीगढ़ के स्वामी/लीजी है। बलबीर कौर नंदरा ने जीपीए/एसपीए शंगर सिंह नंदरा के माध्यम से, किरत कौर नंदरा चाना ने जीपीए/एसपीए शंगर सिंह नंगरा के माध्यम से, शंगर सिंह नंदरा, अवनीत कौर नंदरा ने जीपीए/एसपीए शंगर सिंह नंदरा के माध्यम से, मनदीप कौर पाट्नी ने जीपीए/एसपीए शंगर सिंह नंदरा के द्वारा सूचित किया गया है कि श्री/श्रीमती दलीप कौर नंदरा की 15.07.2024को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामी/लीजी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-

| क्र. सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1. | शंगर सिंह नंदरा | पुत्र |
| 2. | बरिंदर सिंह नंदरा | पुत्र (मृतक) |
| 3. | बलबीर कौर नंदरा | पुत्रवधू |
| 4. | मनदीप कौर पाट्नी | पौत्री |
| 5. | किरत कौर नंदरा | पौत्री |
| 6. | अवनीत कौर नंदरा | पौत्री |

अब, बलबीर कौर नंदरा ने जीपीए/एसपीए शंगर सिंह नंदरा के माध्यम से, किरत कौर नंदरा चाना ने जीपीए/एसपीए शंगर सिंह नंगरा के माध्यम से, शंगर सिंह नंदरा, अवनीत कौर नंदरा ने जीपीए/एसपीए शंगर सिंह नंदरा के माध्यम से, मनदीप कौर पाट्नी ने जीपीए/एसपीए शंगर सिंह नंदरा के माध्यम से बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में स्व.दलीप कौर नंदरा द्वारा आयोजित 10.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2256, सेक्टर 21-सी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी,यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामत: आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित)लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं,जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामत: लाभार्थियों के नामों मेंउक्त अनुसार हस्तांतरित करदिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**

AP-1997

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
**आज ही बुक करें**
**PH. : 0172-2638515, 98883-03520**
**Email : arthparkashadvt29@gmail.com**

### सार्वजनिक सूचना

मैं सन्जू देवी 46 पत्नी दलीप सिंह गाँव मलारी डाकघर मलाँगण तहसील झंडूत्ता जिला बिलासपुर हि्प्र घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड व पंचायत संबंधी रिकॉर्ड में सन्जू देवी दर्ज है। जबकि मेरे बच्चों के स्कूल रिकॉर्ड में सन्जना देवी दर्ज है। सन्जू देवी एवं सन्जना देवी एक ही महिला का नाम है। इसे पंचायत रिकॉर्ड व आधार कार्ड में भी सन्जू देवी उर्फ़ सन्जना देवी दर्ज किया जाए। संबंधित नोट करें।

मैं, शदान पुत्र सरफिराज निवासी मकान नं. 2336/2, सेक्टर 45-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम शदान से बदलकर मोहम्मद शदान खान रख लिया है।

एपी-1976

I, SARITA Wife of No. JC 673996X Rank- NB SUB Name - OM PRAKASH Unit- 501 ASC BN C/O 56 APO Patiala declare that in my husband's service record my name wrongly mentioned SARITA but my correct name is SARITA DESHMUKH and Changed my DOB 16.09.1981 to Correct DOB 01.01.1986

I, URMILA BAI Mother of No.JC 673996X Rank- NB SUB Name OM PRAKASH Unit- 501ASC BN C/O 56 APO Patiala declare that in my Son's service record my name wrongly mentioned URMILA BAI but my correct name is URMILA and Changed my DOB 01.07.1957 to Correct DOB 01.01.1960

I, POOJA PRAKASH SRIVASTAVA W/O NITISH KUMAR GUPTA R/O HOUSE NO. 686, PATIALA ROAD, TRINITY HOSPITAL, SWASTIK VIHAR, ZIRAKPUR, PO ZIRAKPUR, DISTT SAS NAGAR (MOHALI), PUNJAB-140603, have changed the name of my minor daughter AABIA GUPTA AGE 05 YEARS and She Shall hereafter be known as YASHASHVI GUPTA.

I hitherto known as PARDEEP KUMAR GOYAL S/O SUBHASH CHAND R/O 717, SHIVA ENCLAVE, BHABAT NEAR SKY NET TOWER, ZIRAKPUR, DISTT SAS NAGAR (MOHALI), PUNJAB have changed my name and shall hereafter be known as PARDEEP KUMAR.

I, TEESHTA GOYAL D/O PARDEEP KUMAR R/O HNO.717, SHIVA ENCLAVE, ZIRAKPUR, PO ZIRAKPUR, DISTT SAS NAGAR (MOHALI), PUNJAB declare that name of my father has been wrongly written as PARDEEP GOYAL in my 10th and 12th Education Certificate. The actual name of father is PARDEEP KUMAR respectively which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

I PRADEEP KUMAR S/O CHAMAN SINGH R/O #B-8, FLAT NO. 169, GULMOHAR CITY, DERA BASSI DISTT SAS NAGAR (PUNJAB-140507) HAVE CHANGED MY NAME TO PRADEEP TOMAR FOR ALL FUTURE PURPOSES.

मैं, मुर्ति नारायण शास्त्री, पुत्र स्वर्गीय श्री दिन दयाल शर्मा, निवासी फ्लैट नंबर 903, ब्लॉक ई, विक्टोरिया हाइट्स, पीर मुछल्ला, पंजाब, ने अपना नाम मुर्ति नारायण शास्त्री से बदलकर मूर्ति नारायण शर्मा कर लिया है।

मैं दिव्या पत्नी ययाति वर्मा, निवासी फ्लैट नंबर 202 जीएच 40, सेक्टर 20 पंचकूला, हरियाणा, ने अपना नाम दिव्या से बदलकर दिव्या वर्मा रख लिया है।

एपी-1999

मैं जागृति पुत्री किशन कुमार निवासी मकान नंबर 511 सी, स्मॉल फ्लैट्स धनास चंडीगढ़ सूचित करती हूं कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम गलती से किरन कुमार दर्ज है। जबकि मेरे पिता का सही नाम किशन कुमार है।

एपी-2000

मैं, गीता देवी पत्नी रामपाल निवासी गाँव-भिड़ताना, जिला जींद (हरियाणा) ने अपना नाम गीता से बदलकर गीता देवी रख लिया है।

एपी-1998

मैं, रवि कुमार बजाज पुत्र जगदीश लाल निवासी मकान नं. 115, तीसरी मंजिल ब्लॉक 8 मोहाली कर्मचारी सोसायटी, सेक्टर 68, मोहाली, पंजाब-160062 ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम रियांशी से बदलकर रियांशी बजाज रख लिया है।

मैं Vandana Bhutani पत्नी Sh. Gaurav Bhutani निवासी मकान नं. 1071 सेक्टर 25 पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम बदलकर Priya Bhutani रख लिया है।

एपी-2001

I, Rajesh Sidana S/o Roshan Lal R/o B-723, Near Dr. Lal Chand Nagpal, Arya Nagar, Fazilka 152123 Punjab, have changed name from Rajesh Kumar to Rajesh Sidana

I, Amarbir Singh Rana S/o Tarsem Singh Rana R/o 2143/1, Sector 45-C, Housing Board Society, Chandigarh have changed my name to Amarbir Singh .

AP-2002

I, THINLES ANGMO is Mother of Army No: 9929170W Rank-NK Name-Rigzen Norboo Presently Posted at Unit: 5 Ladakh Scouts C/o 56 APO Permanent Address: Zeto, Nang, Leh, Jammu And Kashmir, 194201 declare that I have Correct my Date of Birth from 02/03/1968 to 08/03/1972

I, VINCENT D SOUJA S/O SH. PETER D SOUJA, R/O Shiloh Home, 1ST HOUSE, MALLEDEVARAHALLI ROAD, BEEKANAHALLI POST, MALLEDEVARAHALLI ROAD, KANENAHALLI VILLAGE: HIREMAGALUR, PO: HIREMAGALUR, DISTT: CHIKKAMAGALURU, KARNATAKA-577102 declare that I have changed the name of my minor daughter from DIANA D'SOUZA to DIANA D SOUJA

मैं, चिल्ला रामाराव सैन्य संख्याः 17008246एम रैंकः सिपाई नाम- चिल्ला रामाकृष्णा का पिता हूं स्थायी पताः हाउस नंबर-1-154, चिल्लावीध, भोगापुरम (मंडलम), वीटीसीः गुडीवाड़ा, पोस्ट ऑफिस- गुडीवाड़ा, उप जिलाः भोगापुरम, जिला- विजयनगरम, राज्यः आंध्र प्रदेश, पिन कोडः 531162 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 18/08/1965 से 01/07/1959 सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 48एए 901839, दिनांकः 14/06/2025

मैं, चिल्ला वेंकैयाम्मा सैन्य संख्याः 17008246एम रैंकः सिपाही नाम- चिल्ला रामाकृष्णा की मां हूं स्थायी पताः हाउस नंबर-1-154, चिल्लावीध, भोगापुरम (मंडलम), वीटीसीः गुडीवाड़ा, पीओः गुडीवाड़ा, उप जिलाः भोगापुरम, जिलाः विजयनगरम, राज्यः आंध्र प्रदेश, पिन कोड- 531162 घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जनमतिथि 20/05/1970 से 01/01/1967 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्याः 48एए 901838, दिनांकः 14/06/2025

मैं, सैन्य संख्याः 17008246एम रैंकः सिपाही नाम- चिल्ला रामकृष्णा स्थायी पताः हाउस नंबर-1-154, चिल्लावीध, भोगापुरम (मंडलम), वीटीसीः गुडीवाड़ा, पीओः गुडीवाड़ा, उप जिलाः भोगापुरम, जिलाः विजयनगरम, राज्यः आंध्र प्रदेश, पिन कोडः 531162 घोषणा करता हूं कि मैंने अपने बेटे का नाम चिल्ला पारदर्शी से बदलकर चिल्ला पारधू कर दिया है। शपथ पत्र संख्याः 48एए 901837, दिनांकः 14/06/2025

एपी-2004

मै रीना पत्नी प्रमीन्द्र निवासी मकान नं. 575 वार्ड नं. 10 छोटू राम कॉलोनी, नरवाना जिला जींद-126116 (हरियाणा) का स्थाई निवासी हूँ7 मैने अपना नाम रीना से बदलकर रीना नैन रख लिया है।

एपी-1998

मैं सुमित्रा देवी पत्नी स्व. श्री राजकुमार निवासी गांव गुलकनी जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरा लड़का प्रमोद व उसकी पत्नी प्रियंका मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। आज के बाद जो भी कोई उनसे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मैं कपूर सिंह यादव पुत्र प्रभु दयाल यादव निवासी फ्लैट न. G-18, न्यू जनरेशन अपार्टमेंट ढकौली जीरकपुर एस.ए.एस नगर पंजाब ब्यान करता हूं कि मेरे लड़का अतुल यादव व उसकी पत्नी पारुल यादव मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं उनको अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं जो कोई उनसे लेन देन करेगा वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।

एपी-1999

मैं जसबीर सिंह (आ0 न0 3049 9028 3186) पुत्र श्री दर्शन सिंह गांव थल तहसील असन्ध जिला करनाल अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुखविन्द्र सिंह व पुत्रवधु हरप्रीत कौर दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इन दोनों के साथ कोई भी लेनदेन करता है तो इसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। इसमें मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदार नहीं होगी।

एपी-1998

हम, मोहिंदर सिंह पुत्र श्री चानन राम और निर्मला पत्नी मोहिंदर सिंह, दोनों निवासी मकान नंबर 2917, डड्डूमाजरा कालोनी, यूटी चंडीगढ़ घोषणा करते हैं कि हमारा बेटा अरुण और उसकी पत्नी नेहा हमारे कहने से बाहर हैं। इसलिए, हम उन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

एपी-2003

मैं, नूर जहां पत्नी स्वर्गीय श्री जाहिर खान, निवासी वी.पी.ओ. रायपुर रानी, तहसील एवं जिला पंचकूला हरियाणा घोषणा करती हूँ कि मेरा बेटा समीर खान और मेरी बहू हिना परवीन मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं अपने बेटे और उसकी पत्नी को अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। उनके साथ लेन-देन करने वाला अपने जोखिम पर जिम्मेदार होगा। मैं और मेरा परिवार इसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

एपी-1004

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नही है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# नगर निगम सदन की दूसरी बैठक: 52 प्रस्तावों पर लगी मुहर, एक लंबित

## शहर की सरकार का संगठित संकल्प, विकास अब होगा तीन गुना तेजः मेयर सुमन बहमनी

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में नहीं आएगी बाधा, लगेंगे दो टेंडर

संत कबीर के दोहों का उदाहरण देकर विधायक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



नगर निगम की बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा करती मेयर सुमन बहमनी व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी व अन्य अधिकारी, बैठक में अपने वार्ड की समस्या रखते पार्षद।

**यमुनानगर, 14 जून।** नगर निगम क्षेत्र से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में बाधा नहीं आएगी। जुलाई माह में खत्म हो रहे डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के टेंडर से पहले निगम द्वारा दो टेंडर लगाए जाएंगे। पहला टेंडर दो माह के लिए होगा। जबकि दूसरा टेंडर एक साल के लिए। शहर में हो रहे विकास कार्यों की निगरानी के लिए एक्ट अनुसार पार्षद की निगरानी समितियां गठित की जाएगी। निगम के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के तबादले की पूर्व सूचना मेयर व पार्षद को दी जाएगी। शहर के किसी एक चौक का नाम गुरु गोरक्षनाथ रखा जाए। नगर निगम क्षेत्र में बने जिन पार्कों के नाम नहीं है, मेयर व पार्षदों द्वारा बताए नामों के अनुसार उन पार्कों के नाम रखे जाएंगे। पार्कों समेत सभी सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर लाइट व्यवस्था होगी। नगर निगम के लाल डोरा क्षेत्र में स्थिति संपत्तियों के मालिकों को मालिकाना हक देने को संपत्ति प्रमाण पत्र जल्द दिए जाएंगे। नगर निगम एरिया के आवारा कुत्तों की नसबंदी की जाएगी। जिसके टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। करीब एक करोड़ 25 लाख के टेंडर किया जाएगा। नए संपत्ति प्रमाण पत्र बनाने के लिए नई वार्ड कमेटी बनेगी। जिसके चेयरपर्सन वार्ड संबंधित वार्ड के पार्षद होंगे। अप्रूव्ड, अनअप्रूव्ड एरिया व भवनों के निपटान के लिए सरकार से बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा। नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई कर जमीन कब्जा मुक्त कराई जाएगी। यह निर्णय शुक्रवार को मेयर सुमन बहमनी की अध्यक्षता में हुई नगर निगम सदन की बैठक में लिए गए। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा की मौजूदगी में हुई बैठक में 52 प्रस्ताव पास किए गए। जबकि रवि अस्पताल के पास पार्क विकसित करने का प्रस्ताव अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया। बैठक शुरू होने से पहले अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए 268 लोगों की आत्मा की शांति के लिए सभी अधिकारियों व पार्षदों ने दो मिनट का मौन रखा। उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक ने एजेंडा के प्रस्तावों पर पढ़कर सुनाया। बैठक में पार्षदों ने अपने अपने वार्ड की समस्याएं भी रखी। निगम आयुक्त अखिल पिलानी व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने पार्षदों के सवालों के जवाब दिए और उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने संत कबीर के दोहों का उदाहरण देकर अधिकारियों कर्तव्य एवं निष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और सभी कार्य निर्धारित समयाविधि में करने के निर्देश दिए। मौके पर सभी पार्षद, नगर निगम, जन स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, बिजली निगम समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### 186 करोड़ से सुधरेगी सीवरेज व्यवस्था, डाली जाएंगी 120 किलोमीटर पाइप लाइन -

सदन की बैठक में नगर निगम क्षेत्र में सीवरेज व पेयजल की समस्या के समाधान का प्रस्ताव आया। जिस पर मेयर सुमन बहमनी व आयुक्त अखिल पिलानी ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जवाब मांगा। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जगाधरी क्षेत्र में लगभग 20 किलोमीटर सीवरेज पाइप लाइन डाली जाएगी। इसके अलावा एक एसटीपी लगाया जाएगा। जिस पर 75 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त यमुनानगर क्षेत्र में 114 किलोमीटर पाइप लाइन डाली जाएगी। जिस पर लगभग 114 करोड़ रुपये खर्च आएगा। नगर निगम क्षेत्र की सभी कॉलोनियों में यह सीवरेज पाइप लाइन डाले जाएंगे। यह पाइप लाइन डाली जाने से शहर की सीवरेज लाइन व्यवस्था दुरुस्त होगी। इसके अलावा सीवरेज के क्षतिग्रस्त ढक्कन नए लगवाए जाएंगे।

### ये प्रस्ताव भी हुए पास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के समय शहीद भगत सिंह चौक से अग्रसेन चौक तक बनाई मेटल रोड की अनुमानित लागत 9902000 रुपये की अदायगी की जाएगी। निगम भूमि पर जहां अतिक्रमण हैं, उन्हें हटाकर तारबंदी की जाएगी। हर निर्माण के कार्य आदेश की प्रति मेयर व वार्ड पार्षद को उपलब्ध कराई जाएगी। वार्डों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएंगे। पहले बने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम दुरुस्त किए जाएंगे। नगर निगम के सभी वार्डों में बने सामुदायिक केंद्रों व पार्कों की देखरेख के लिए वार्ड पार्षद की निगरानी में आरडब्ल्यूए बनाई जाएगी। सीवर लाइन से जुड़े नालों में लोहे के जाल लगवाए जाएंगे। नगर निगम क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों के टेंडर के वर्क ऑर्डर की प्रतिलिपि महापौर व पार्षद को उपलब्ध कराई जाएगी। सरोजनी कॉलोनी में मुकंद लाल स्कूल के पास खाली पड़ी जमीन में सामुदायिक केंद्र बनाने के लिए जमीन की जांच की जाएगी। नगर निगम के सभी वार्डों में पौधारोपण किया जाएगा। पुराना हमीदा की वाल्मीकि बस्ती में सामुदायिक केंद्र व गढ़ी गुजरान में डा. भीम राव आंबेडकर भवन का निर्माण कराने का प्रस्ताव पास किया गया। रेलवे रोड पर महाराजा अग्रसेन चौक से शहीद भगत सिंह चौक तक सड़क के दोनों ओर सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। जिन पार्षदों द्वारा उनके वार्डों में सड़कों व नालियों के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव रखें गए थे, वे भी सभी पास किए गए। खेड़ा फार्म में नाला व जडौदी गांव में अंबेडकर भवन बनाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला जेल में किया गया लोक अदालत का आयोजन



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** जिला जेल में सी. जे. एम. एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित्रा कादियान ने लोक अदालत का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में 4 केस रखे गए जिसमें से 3 केसों का निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह लोक अदालत नियमित जेल लोक अदालत है जो हर महीने आयोजित की जाती है। इनमें उन मामलों का निपटारा किया जाता है जो लोक अदालत में निपटाए जाने के योग्य पाए जाते है। सी. जे. एम. ने जेल में बंदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी बंदी या कैदी बिना किसी वकील के प्रतिनिधित्व के न रहें। उन्होंने कहा कि अगर कोई निजी वकील नहीं रख सकता है तो डी. एल. एस. ए. उसे एक पैनल वकील या कानूनी सहायता बचाव वकील प्रदान करेंगा।

### जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति किया जागरुक



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** करियर डिफेंस स्कूल जगाधरी में चल रहे 14 हरियाणा बटालियन एन. सी. सी. के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में पर्यावरणविद् गोविंद सिंह भाटिया द्वारा जल बचाओ एवं अधिक से अधिक पेड़ लगाओ विषय पर एक प्रेरणादायक और जागरूकता से भरपूर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। यह शिविर ब्रिगेडियर रोहित सहगल, ग्रुप कमांडर, एन. सी. सी. अंबाला ग्रुप के दिशा-निर्देश में तथा कर्नल जरनैल सिंह, कैंप कमांडेंट एवं कमांडिंग ऑफिसर के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का संचालन कर्नल जितेन्द्र सिंह दहिया प्रशासनिक अधिकारी, सूबेदार मेजर जसवंत सिंह व उनकी टीम तथा सहयोगी एन. सी. सी. अधिकारियों मेजर गीता शर्मा, सेकेंड ऑफिसर नीरज कुमार, और थर्ड ऑफिसर विनोद कुमार एवं राहुल गौतम के सहयोग से किया जा रहा है। इस दस दिवसीय शिविर में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए 550 एन. सी. सी. कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इस प्रकार की गतिविधियां युवाओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें एक जागरूक नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो एन. सी. सी. के मूल मूल्यों के अनुरूप है।

### हनुमान मंदिर सभा प्रतिदिन लगाती है छबील




**थानेसर (अप्रस/दलबीर मलिक)।** थानेसर के मुख्य बाजार स्थित सब्जी मंडी के सामने हनुमान मंदिर सभा द्वारा प्रतिदिन राहगीरों के लिए ठंडे पानी की छबील का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के पंडित नरेश कौशिक ने बताया की गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को शीतल जल पिलाने से बहुत पुण्य मिलता है। उन्होंने कहा कि इस छबील का आयोजन सभा के पदाधिकारियों व आम जनता के सहयोग से किया जा रहा है। पंडित नरेश कौशिक ने बताया कि जून की तपती गर्मी से लड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर बहुत से प्रतिष्ठानों अथवा संस्थाओं द्वारा छबीलो का आयोजन किया जाता है जो केवल एक दिन तक ही सीमित होती है लेकिन प्रभु राम की कृपा से हनुमान मंदिर सभा थानेसर द्वारा पिछले दो माह से भी अधिक समय तक समय से इस मीठे पानी की छबील का आयोजन किया जा रहा है जो पूरे जून माह तक चलेगा। उन्होंने आह्वान किया कि यदि आम जनमानस इस जल सेवा में अपना सहयोग देना चाहते हैं तो वो पुरानी सब्जी मंडी के सामने स्थित हनुमान मंदिर में पहुंचकर अपना योगदान दे सकते हैं ताकि परमार्थ के महायज्ञ में उनकी भी आहुति डल सके। इस अवसर पर पंडित नरेश कौशिक, प्रधान प्रदीप ,सुभाष सुखीजा ,कपिल सोनी, डॉ मोनिका शर्मा ,देवेंद्र आहूजा, सुरेश पुरी, कृष्ण धमीजा, निकुंज शर्मा सहित अन्य सेवादारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# बिजली कट के संबंध में संबंधित एसई को रोजाना एक रिपोर्ट ऊर्जा मंत्री के कार्यालय में भेजनी होगी: अनिल विज

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अंबाला, 14 जून।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि राज्य के लोगों को बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और बिजली जाने/कट के संबंध में संबंधित एसई को रोजाना एक रिपोर्ट ऊर्जा मंत्री के कार्यालय में भेजनी होगी कि आज इस वजह से उनके अमुक क्षेत्र में बिजली गई या कट लगाना पडा। उन्होंने कहा कि उनके इन निर्देशों के संबंध में यदि किसी भी अधिकारी द्वारा कोई कोताही बरती गई तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही अमल में जाएगी क्योंकि अनिल विज कोताही बरतने वाले अधिकारी/कर्मचारी को बख्शता नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य में बिजली की आपूर्ति के लिए लगभग 16 हजार मेगावाट बिजली की आवश्यता रहती है और 16 हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की हुई है।

श्री विज आज नई दिल्ली में मीडिया कर्मियों द्वारा गर्मियों में बिजली की आपूर्ति को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को आज उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिदिन उन्हें प्रत्येक अधीक्षक अभियंता (एसई) से उनके अधिकार क्षेत्र में कितने घंटे बिजली की आपूर्ति नहीं हुई और आपूर्ति न होने के क्या कारण रहें, के संबंध में पूरी रिपोर्ट रोजाना ऊर्जा मंत्री को भेजनी होगी।

श्री विज ने कहा कि हरियाणा में बिजली आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार से कोई दिक्कत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बिजली की आपूर्ति को लेकर हमारी स्वयं की जनरेशन है और बिजली लेने के लिए लंबे समयावधि के समझौते भी हरियाणा के ऊर्जा विभाग ने किए हुए है। श्री विज ने बताया कि हरियाणा में हमें अधिकतम 16 हजार मेगावाट बिजली की आवश्यकता पडती है और 16 हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति करने की हमने पूरी व्यवस्था की हुई है।

**सभी बिजली के ट्रांसफार्मर का सुदृढीकरण (अगमेंटेशन) करने के निर्देश:** बिजली की आपूर्ति को लेकर ऊर्जा विभाग पूरी तरह से तैयार है और गर्मियों के सीजन को देखते हुए हम पहले से ही तैयारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं जब मंत्री बना था उसी दिन मैंने बिजली निगमों के अधिकारियों को निर्देश दे दिए थे कि सभी ट्रांसफार्मर का सुदृढीकरण (अगमेंटेशन) किया जाए अर्थात जहां पर मांग क्षमता से कम का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है तो उसे ठीक किया जाए।

**जनता को बिना मतलब परेशान करने वाले अधिकारी/कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा:** उन्होंने कहा कि जैसा कि सभी को मालूम हैं कि जनता को बिना मतलब परेशान करने वाले अधिकारी/कर्मचारी को वे (अनिल विज) बख्शते नहीं है। हाल ही का उदाहरण देते हुए श्री विज ने कहा कि अंबाला में एक जेई ने 15 दिन से ट्रांसफार्मर नहीं बदला था, मैंने उस जेई को निलंबित किया है।

**सभी सर्कल में ट्रांसफार्मर बैंक बनाए गए:** श्री विज ने कहा कि गर्मियां शुरू होने से पहले ही सभी सर्कल में ट्रांसफार्मर बैंक बनाए गए हैं ताकि ट्रांसफार्मर के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि ट्रांसफार्मर बदलने के लिए गाडी व स्टाफ होना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यदि कोई अधिकारी व कर्मचारी इस संबंध में कोई चूक करता है तो अनिल विज माफ नहीं करता है क्योंकि यह बात हरियाणा की जनता जानती है। श्री विज ने कहा कि हाल ही में चण्डीगढ में हुई ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की बैठक में उन्होंने निर्देश दिए हैं कि बिजली की आपूर्ति सभी को मिलनी चाहिए।

### 270 ग्राम हेरोइन मामले में पांचवां आरोपी टोहाना पुलिस ने किया काबू

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशानुसार चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 270 ग्राम हेरोइन से संबंधित मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जगसीर उर्फ जोगा पुत्र जगीर सिंह निवासी छाजली, जिला संगरूर (पंजाब) के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना शहर टोहाना में एफआईआर नंबर 104 दिनांक 17.03.2025, धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 17 मार्च 2025 को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी हरबंस सिंह को गिरफ्तार किया गया था, जिसके कब्जे से 270 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। इस मामले की पुलिस जांच के दौरान पनवीर सिंह, कुलजिंद्र सिंह व जगदीश उर्फ जग्गा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गहन जांच के पश्चात अब इस नशा तस्करी मामले के असल सप्लायर जगसीर उर्फ जोगा को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। आरोपी से पूछताछ जारी है और उसे आज माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## रक्त का कोई विकल्प नहीं है: शिक्षा मंत्री

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन




**पानीपत, 14 जून।** स्थानीय ब्लड बैंक सिविल अस्पताल एवं रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित रेड क्रॉस ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय आर्य कॉलेज मे शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमे 55 यूनिट रक्त भी एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शहर की 50 से ज्यादा संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया। सम्मान मे सभी को प्रशंसा पत्र, पौधे व समृति चिह्न दिया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शहर की सभी समाज सेवी संस्थाओ को संबोधित करते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है,इसे किसी भी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। पानीपत एक धार्मिक एवं दानवीरों की नगरी है। किसी भी क्षेत्र में पानीपत के समाज सेवी संस्थाएं पीछे नहीं रहती और जब बात रक्त की आती है तो रक्तदान में भी पानीपत की सभी समाज सेवी संस्थाएं बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं।

उन्होंने सभी रक्तदाताओं एवं संस्थाओं का रक्तदान कैंप आयोजन करने के लिए प्रशंसा भी की और आग्रह किया कि समय-समय पर सभी रक्तदान जरूर करेंइस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव गौरव रामकरण ने सभी अतिथियों का एवं समाज सेवी संस्थाओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर महापौर कोमल सैनी ने शिरकत की।मंच संचालन रेडक्रॉस प्रोजेक्ट निदेशक डॉ सोनू सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत मे रक्तदाता शपथ भी की गई। इस अवसर पर आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता, रेड क्रॉस ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर पूजा सिंघल सहायक लालचंद एवं सिविल अस्पताल से ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर रजत गुप्ता एसएमओ डॉ श्याम लाल,गवर्नमेंट कॉलेज प्रवक्ता दलजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

## विश्व रक्तदाता दिवस- रक्तदाताओं के प्रति आभार का पवित्र त्यौहार: डॉ सुनील

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 14 जून।** आर पी एजुकेशन सोसायटी रोहतक, आई एस बी टी आई हरियाणा, साईं वेलफेयर सोसाइटी व सी एस ई आर के संयुक्त तत्वाधान में 'रक्तदान करें, आशा जगायें, एक दूसरे के साथ मिलकर हम जीवन बचायें' विषय पर 'विश्व रक्तदाता दिवस' का सफलतापूर्वक आयोजन वेबिनार जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता डॉ सुनील कुमार ने इस बात को रेखांकित किया कि ये दुनिया के सभी रक्तदाताओ का पवित्र त्यौहार है और उन सभी रक्तदाताओ के प्रति आभार प्रकट करने का एक सुनहरा अवसर है। कार्यक्रम का आगाज जय रक्तदाता स्लोगन के नारे के साथ हुआ, विश्व रक्तदाता दिवस पूरी मानवता को समर्पित करने का एक संकल्प भी देता है। डॉ सुनील ने आगे बताया कि अभी भी जो रक्त की मांग एवम स्वैच्छिक रक्तदान का अंतर है उसको दूर करने के प्रयास करने होंगे। आर पी एजुकेशन सोसायटी के निदेशक व् आई एस बी टी आई हरियाणा के समन्वयक डॉ सतीश कुंडू ने रक्तदान से सम्बन्धित आंकड़ो, प्रयासों तथा स्वयंसेवी संस्थाओ की भूमिका को रेखांकित किया डॉ सतीश कुंडू ने आगे बताया कि यह दिवस नोबेल पुरुस्कार विजेता कार्ल लैंड्सटीनेर के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। सेंटर फॉर सोशल एंड एजुकेशनल रिसर्च के महासचिव भगवान पहल ने आह्वान किया कि रक्त की कमी को पूरा करने के लिये लगातार रक्तदान के शिविर आयोजन होने चाहिए। आंकड़ो के माध्यम से सभी रक्तदाताओ व संस्थाओ के प्रयासों को सराहा। साईं वेलफेयर सोसाइटी जींद की परियोजना प्रबंधक ज्योति ने कहा कि अनीमिया की रोकथाम के प्रयास भी व्यक्तिगत स्तर पर होने चाहिए ताकि रक्त की जरुरत कम पड़े व सभी रक्तदान करने के योग्य हो। पंजाब अमृतसर से परियोजना प्रबंधक बलविंदर कौर ने अपने क्षेत्र के अनुभव साझा करते हुए अपने प्रथम रक्तदान के आनंद अनुभूति पर प्रकाश डालते हुए सभी से रक्तदान की अपील की।

## भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा बाबा साहेब के प्रति दिया ब्यान आपत्तिजनक: वरूण चौधरी

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना, 14 जून।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने सिरसा में संत कबीर दास जी की जयंती के अवसर पर अपने वक्तव्य में संविधान निर्माता बाबासाहेब अंबेडकर जी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की तुलना कर बाबा साहेब का अपमान करने का काम किया है जो निंदनीय व आपत्तिजनक है। लेकिन ये पहली बार नहीं है जब किसी भाजपा नेता ने बाबा साहेब का अपमान किया हो इससे पहले भी भाजपा नेता कई बार बाबासाहेब और उनके संविधान को अपमानित कर, बाबा साहेब व उनके द्वारा रचित संविधान के प्रति अपनी सोच का परिचय दे चुके हैं। यह बात अंबाला लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही।

सांसद ने कहा कि ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता ने नशे में इतनी अहंकारी हो गई है कि भाजपा के मंत्री ने बाबा साहेब का अपमान करने के बाद अब तक अपने ब्यान पर न खेद प्रकट किया है और न ही माफ़ी मांगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने फायदे के लिए बाबासाहेब का नाम तो लेती हैं,लेकिन बाबासाहेब की आशाओं की पूर्ति करने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रदेश भाजपा सरकार गुरुओं व महापुरुषों की जयंती राज्यस्तर पर मनाकर उनके सम्मान की बात करती है और दूसरी तरफ महापुरुषों का अपमान भी करती है।

सांसद ने कहा कि बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी ने हम देशवासियों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित, भारत का संविधान दिया जो सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए सबसे शक्तिशाली औजार है। इतने बड़े महापुरुष के प्रति भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा दिया बयान बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने के साथ सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है।

## स्वस्थ जीवनशैली का एक श्रेष्ठ माध्यम है नियमित रक्तदान: बराला

### राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रक्तदाताओं का किया उत्साहवर्धन

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 14 जून।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 'फूड एंड होटल एसोसिएशन' एवं 'पैलेस एंड कैटरिंग एसोसिएशन' टोहाना द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए सांसद सुभाष बराला ने आयोजनकर्ताओं को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि रक्तदान केवल एक जरूरतमंद को जीवनदान देने का कार्य नहीं है, बल्कि यह ÷एक भारत - श्रेष्ठ भारत÷ की भावना को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि समाज में जब सेवा, सहयोग और संवेदना की भावना के साथ इस प्रकार के आयोजन होते हैं, तो वे न केवल जनमानस को प्रेरित करते हैं, बल्कि मानवीय मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा, 'रक्तदान दुनिया के सबसे महान दानों में से एक है। एक यूनिट रक्त कई बार एक जीवन बचाने में सहायक होता है। जो व्यक्ति नियमित रक्तदान करते हैं, वे न केवल दूसरों की मदद करते हैं, बल्कि स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहते हैं।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। रक्तदान के साथ साथ एसोसिएशन द्वारा वृक्षारोपण भी किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद ने कहा बड़ते हुए प्रदूषण को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाना आज समय की आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा, ÷वृक्ष हमें न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि पर्यावरण की शुद्धता, जल संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। जब हम एक वृक्ष लगाते हैं, तो वह आने वाली कई पीढ़ियों को जीवन देने का कार्य करता है।

शिविर में युवाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एसोसिएशन ने उपस्थित सभी अतिथियों, रक्तदाताओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर डॉ शिव सचदेवा, डॉ अग्रवाल, रविंद्र मेहता, रमन मड़िया, नरेंद्र गर्ग, जीवन बंसल, ललित मोहन, गौरव, अनिल भाटिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मिथुन संक्रांति पर विशेष: सूर्य देव आज करेंगे राशि परिवर्तन

हिंदू पंचांग के अनुसार जब सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है,



ज्योतिष, अमन राजन

तो उस घटना को संक्रांति कहा जाता है। वर्ष भर में कुल 12 संक्रांतियां होती हैं, जिनमें मिथुन संक्रांति भी एक महत्वपूर्ण संक्रांति है। वर्ष 2025 में मिथुन संक्रांति 15 जून, रविवार को मनाई जाएगी। इस दिन सूर्य वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। यह संक्रांति धार्मिक, ज्योतिषीय और कृषि संबंधी दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

**मिथुन संक्रांति 2025 का समय**

संक्रांति का पुण्य काल आरंभः 15 जून 2025 को प्रातः 12:42 बजे

सूर्य का मिथुन राशि में प्रवेशः 15 जून 2025 को दोपहर 12:42 बजे

पुण्य काल की अवधिः संक्रांति के पूर्व और पश्चात् 4 घण्टे तक शुभ मानी जाती है।

**ज्योतिषीय महत्वः** मिथुन संक्रांति सूर्य के मिथुन राशि में प्रवेश का संकेत देती है।

यह राशि बुद्धि, संवाद, संचार, शिक्षा, व्यापार और विवेक की प्रतीक मानी जाती है।

जब सूर्य इस राशि में आता है, तो मनुष्य की सोचने-समझने की क्षमता, नवीन विचारों की उत्पत्ति और प्रभावशाली अभिव्यक्ति की शक्ति बढ़ जाती है।

व्यापार, मीडिया, लेखन, शिक्षण और संवाद आधारित क्षेत्रों में कार्यरत लोगों



के लिए यह समय विशेष शुभ माना जाता है।

**धार्मिक और सांस्कृतिक महत्वः** दक्षिण भारत में इस संक्रांति को 'आनी संक्रांति' कहा जाता है, और इसे दान-पुण्य, स्नान और पूजा का विशेष पर्व माना जाता है।

इस दिन सूर्य देव की आराधना, गंगा स्नान, और तिल, वस्त्र, जल व अन्न का दान विशेष फलदायी होता है।

दक्षिण भारत के कई हिस्सों में यह वर्षा ऋतु के आगमन का संकेत भी देता है, जिससे किसान अपने कृषि कार्य की नई योजनाएं बनाते हैं।

**कृषि और ऋतु परिवर्तनः** मिथुन संक्रांति भारतीय जलवायु में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाती है। यह ग्रीष्म ऋतु के अंत और वर्षा ऋतु की शुरुआत का प्रतीक होती है।

इस समय वातावरण में नमी का आगमन, बादलों की आवाजाही, और मृदु वर्षा की संभावना बढ़ जाती है।

किसानों के लिए यह समय धान, मक्का और अन्य खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारी का होता है।

**इस दिन के विशेष उपाय और पूजन विधि**

**सूर्य पूजा विधि**

प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

तांबे के लोटे में जल, लाल फूल, चावल और थोड़ा गुड़ डालें।

पूर्व दिशा की ओर मुख करके 'ॐ घृणि सूर्याय नमः' मंत्र का 11 बार जाप करते हुए सूर्य को अर्घ्य दें।

**सूर्य मंत्रों का जाप करें:** 'आदित्याय च सोमाय मङ्गलाय बुधाय च।
गुरु शुक्र शनैश्चैव राहवे केतवे नमः॥'

**दान के विशेष लाभः** इस दिन किया गया दान कई जन्मों के पापों का नाश करता है।

तिल, चावल, गुड़, लाल वस्त्र, पंखा, जल पात्र आदि का दान विशेष शुभ होता है।

जरूरतमंदों को छाता, जूते या सादा भोजन देना अत्यंत पुण्यदायक होता है।

**मिथुन संक्रांति से जुड़ी मान्यताएं:** इस दिन से सूर्य उत्तर से दक्षिण की ओर झुकना प्रारंभ करता है, जो दक्षिणायन का संकेत होता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, दक्षिणायन काल को देवताओं की रात्रि और उत्तरायण को उनका दिन माना गया है। इसलिए श्राद्ध, पितृ कार्य, और तपस्या जैसे कार्यों के लिए दक्षिणायन की शुरुआत का विशेष महत्व होता है।

### क्यों की जाती है सिलबट्टे की पूजा

इस दिन खासतौर से सूर्यदेव की पूजी की जाती है और मान्यता है कि इस दिन पूरे विधि विधान से सूर्यदेव की पूजा-अर्चना करने से जीवन में सुख-शांति का आगमन होता है। साथ ही कई प्रकार के दोषों से भी मुक्ति मिलती है। इस दिन पर कई तरह की परंपराएं निभाई जाती हैं जिस में से प्रमुख परंपरा है सिलबट्टे की भी पूजा करना। लेकिन क्या आप जानते है कि मिथुन संक्रांति के दिन ही क्यों की जाती है सिलबट्टे की पूजा और क्या है इसके पीछे का कारण। देखा जाए तो देश में मिथुन संक्रांति को कई तरीके से मनाया जाता है। पुरानी मान्यताओं को देखें तो इस त्यौहार को औरतों के लिए विशेष माना जाता है। मान्यता है कि सिलबट्टे में धरती मां वास करती है। जैसे महिलाओं को हर माह मासिक धर्म होता है, वैसे ही इस दौरान धरती मां को भी मासिक धर्म होता है जिसे आज के दौर में पीरियड्स कहा जाता है। इसे धरती के विकास का प्रतीक माना गया है। ऐसा माना जाता है कि मिथुन संक्रांति से लेकर अगले तीन से चार दिनों तक धरती मां मासिक धर्म में रहती है। जिसके दौरान सिलबट्टे का उपयोग नहीं किया जाता। मिथुन संक्रांति पर धरती मां के मासिक धर्म होने पर इसे रज संक्रांति भी कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि मिथुन संक्रांति से धरती मां का मासिक धर्म शुरू होता है और तीन या चार दिन के बाद मासिक धर्म समाप्त हो जाता है। मासिक धर्म के आखिरी दिन धरती मां के रूप माने जाने वाले सिलबट्टे को दूध और जल से स्नान करवाया जाता है जिसे वसुमति गढ़वा कहते हैं। स्नान कराने के बाद सिलबट्टे को चंदन, सिंदूर , फल, फूल आदि अर्पित किया जाता है जिसके बाद से सिलबट्टे का नियमित रूप से इस्तेमाल शुरू हो जाता है। कहते हैं इस दौरान धरती मां को मानसून की खेती के लिए खुद को तैयार करती है। मान्यता ये भी है कि मिथुन संक्रांति के दिन से ही वर्षा ऋतु का भी आरंभ हो जाता है और इस दिन लोग अच्छी फसल के लिए भगवान से अच्छी वर्षा की कामना भी करते हैं। वहीं, मिथुन संक्रांति के दिन कई तरह के उपाय भी किए जाते हैं जिस से इस दिन का महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाता है। इस दिन अन्न, जल, वस्त्र, फल आदि चीज़ों का दान बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन जरूरतमंदों और गरीबों को दान जरूर दें। इसके अलावा इस दिन सूर्य देव की पूजा भी की जाती है। ऐसे में इस दिन सूर्य देव की पूजा करने के लिए सूर्योदय से पहले उठकर स्नान कर लें और सूर्य देव का ध्यान करें। इस के बाद एक तांबे के लोटे में रोली, अक्षत, और लाल फूल को डालकर सूर्य देव को अर्घ्य दें और 'ऊं घृणि सूर्याय नमः मंत्र का जप करें'। इसके बाद सूर्य चालीसा और आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ कर सुख समृद्धि की कामना करें।





नोकरियां यहां देखें

**कर्मचारी चयन आयोग नोटिफिकेशन**
**कुल पदः** 14582
**योग्यता-** ग्रेजुएशन
**आवेदन तिथिः** 9 जून, 2025 से 4 जुलाई 2025
करें आवेदनः ssc.gov.in

**पंजाब एंड सिंध बैंक में रिक्तियां**
एमएसएमई रिलेशनशिप मैनेजर के कुल पदः 30
आवेदन की अंतिम तिथिः 18 जून, 2025
आयु सीमा- न्यूनतम 25 वर्ष अधिकतम 33 वर्ष
करें आवेदनः punjabandsindhbank.co.in

**बिहार लोक सेवा आयोग नोटिफिकेशन**
मोटरयान निरीक्षक व उप प्राचार्य के कुल पदः 78
आवेदन की अंतिम तिथिः 3 जुलाई, 2025
पदानुसार न्यूनतम 18 से 22 तथा अधिकतम 37 वर्ष
करें आवेदनः bpsc.bihar.gov.in

**एमईसीएल में रोजगार के अवसर**
अकाउंटेंट, हिंदी अनुवादक व अन्य
कुल पदः 108
आवेदन की अंतिम तिथिः 5 जुलाई, 2025
योग्यताः ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन व अन्य
करें आवेदनः mecl.co.in

पंचकूला जिल के रत्तेवाली, पिंजौर, रायपुर रानी में सीएलएफ के लिए कलस्टर मैनेजर व अकाउंटेंट के पदों हेतु अंतिम तिथिः 18 जून, 2025
इच्छुक उम्मीदवार संबंधित सीएलएफ खण्ड कार्यालयों में संपर्क कर सकते हैं।

**झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (JSSC)**
सेकेंडरी टीचर के कुल पदः 1373
आवेदन की शुरुआत 18 जून, 2025 से
करें आवेदनः jssc.jharkhand.gov.in

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए
arthparkash.com देखें


## भविष्य फल



**मेषः** आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। लेकिन नौकरी में कार्यरत लोगों के शत्रु उन पर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**वृषः** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिए लिहाज से कमजोर रहने वाला है, क्योंकि मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा।

**मिथुनः** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपका कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई नया पद मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कर्कः** आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। पार्टनरशिप में आप कोई काम न करें। छोटे बच्चों को आप कहीं घुमाने फिराने लेकर जा सकते हैं।

**सिंहः** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों में हिस्सा लेने के लिए रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आपकी छवि और निखरेगी। आप जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए भी आगे आएंगे।

**कन्याः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन आपको किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचना होगा।

**तुलाः** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। भाई व बहनों से आपकी खूब पटेगी। आपकी किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात होगी।शुभ रंग- लाल

**वृश्चिकः** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको किसी परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**धनुः** आज का दिन आपके लिए काम को लेकर कुछ नई योजना बनाने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर मानसिक तनाव चल रहा है, तो उसे भी बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करेंगे।

**मकरः** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। सेहत के मामले में दिन उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम बनाए रखने की आवश्यकता है।

**कुंभः** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आप बुद्धि और विवेक से यदि कोई निर्णय लेंगे, तो उससे आपके कामों से एक नई पहचान बनेगी। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे।

**मीनः** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके मन में नए-नए आइडिया आएंगे। यदि आप बिजनेस में कोई बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो वह आप कर सकते हैं।

## शिक्षा में संस्कृति एवं संस्कारों का बहुत महत्व है, जिम्मेदारी शिक्षकों पर अधिक है

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 14 जून।** शिक्षा में संस्कृति एवं संस्कारों का बहुत महत्व है। इस की जिम्मेवारी शिक्षकों पर अधिक है। हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा द्वारा आयोजित द्वि साप्ताहिक आचार्य विकास शिविर के 11 वें दिन उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष सुरेंद्र अत्रि, उत्तर क्षेत्र के सह संगठन मंत्री बालकृष्ण, वर्ग अधिकारी तिलक राज रहलन, वर्ग संयोजक अश्विनी कुमार शर्मा, वरिष्ठ पूर्णकालिक अनिल कुल श्रेष्ठ व प्राचार्य अनिल मदान द्वारा मां सरस्वती की पूजा वंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। बालकृष्ण ने बताया कि आजादी से पूर्व भारत में 15 विश्वविद्यालय थे जबकि आज सभी विधाओं के हजारों से भी अधिक विद्यालय हैं। आज विद्यालय बढ़ रहे हैं और जीवन मूल्य कम हो रहे हैं। इसके सुधार के लिए भारत में अनेकों शिक्षा प्रेमियों ने अपने जीवन को मोमबत्ती के समान जलाकर भारतीय संस्कृतियों के अनुरूप कार्य किया है। महात्मा गांधी, राजाराम मोहनराय, रविन्द्र नाथ टैगोर, मदनमोहन मालवीय, महर्षि दयानन्द ने बहुत उच्च कोटि के विद्यालय खोले जो आज विश्वविद्यालय का रूप ले रहे हैं। सबकी एक ही संकल्पना बालक के चरित्र निर्माण की थी। परंतु शिक्षा की नींव कमजोर रहने के कारण शिक्षा का यांत्रिकरण के कारण आधुनिकीकरण होता चला गया। एक बहुत बडा पक्ष शिक्षा को केवल रोजगार का साधन मानने लगा। भारतीय संस्कृति रीति रिवाज गौण होने लगे। आज शिक्षा के द्वारा त्याग, करुणा, सेवा भाव के बारे में अधिक सिखाने की आवश्यकता है। आज की शिक्षा संस्कृति का संरक्षण करने वाली हो। अपने ज्ञान को नई पीढ़ियों को देने वाली हो। अनुभव से लाभ तथा हानि का आंकलन करके सीखने वाली हो। सेवाभावी तथा स्वास्थ्य की रक्षा करने वाली हो। तभी शिक्षा की चुनौतियों का भारतीय समाधान के द्वारा निराकरण होगा। इस अवसर पर सभी संचालन टोली के सदस्य उपस्थित रहे। वर्गाधिकारी ने सभी अधिकारियों तथा आगन्तुकों का आभार प्रकट किया। वन्देमातरम के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## आषाढ़ श्री गणेश चतुर्थी के पूजन व शिव पार्वती नंदन श्री गणेश की शरण में जाने से मिलती है कष्टों से मुक्ति: महंत जगन्नाथ पुरी

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 14 जून।** अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि सृष्टि के सभी देवी देवता में प्रथम आराधनीय एवं भगवान शिव पार्वती नंदन श्री गणेश की शरण में जाने से सब कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि आषा? श्री गणेश चतुर्थी के दिन तो श्री विध्नहर्ता गणेश की पूजा- अर्चना और व्रत करने से मनुष्य के सभी दुख दर्द दूर होते हैं। श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में शनिवार को आषा? श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर महंत जगन्नाथ पुरी व अन्य संतों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजन किया गया। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि आषाढ़ महीने की श्री गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा करने से विघ्नहर्ता अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर करते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। यह दिन भगवान शिव और पार्वती के



पुत्र गणेश जी को समर्पित है।भगवान गणेश को समर्पित एक महत्वपूर्ण पर्व है। जो भक्त भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भगवान श्री गणेश भगवान की उपासना करता है, उसके जीवन के सभी संकट टल जाते हैं। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि इस दिन पूजन व भगवान श्री गणेश की शरण में जाने से अपयश और बदनामी के योग कट जाते हैं। हर तरह के कार्यो की बाधा दूर होती है। साथ ही धन तथा कर्ज सम्बन्धी समस्याओं से मुक्ति होती है। भगवान श्री गणेश हमेशा अपने भक्तों का कल्याण करते हैं। इस मौके पर स्वामी पृथ्वी पुरी, स्वामी संतोषानंद, स्वामी रामनाथ पुरी, स्वामी करुण दास, दीप चंद, मनोहर लाल, बिल्लू पुजारी, कविता व सुषमा इत्यादि भी मौजूद रहे।

## पंचांग

**रविवार, जून 15, 2025**

सूर्योदय 05:20 ए एम सूर्यास्त 07:27 पी एम चन्द्रोदय 10:52 पी एम चन्द्रास्त 08:43 ए एम शक सम्वत 1947 विश्वावसु विक्रम सम्वत 2082 कालयुक्त गुजराती सम्वत 2081 नल अमान्त महीना ज्येष्ठ पूर्णिमान्त महीना आषाढ़ वार रविवार पक्ष कृष्ण पक्ष तिथि चतुर्थी - 03:51 पी एम तक नक्षत्र श्रवण - 01:00 ए एम, जून 16 तक योग इन्द्र - 12:20 पी एम तक करण बालव - 03:51 पी एम तक द्वितीय करण कौलव - 03:44 ए एम, जून 16 तक प्रविष्टे/गते 1 सूर्य राशि वृषभ - 06:53 ए एम तक चन्द्र राशि मकर राहुकाल 05:41 पी एम से 07:27 पी एम गुलिक काल 03:55 पी एम से 05:41 पी एम यमगण्ड 12:23 पी एम से 02:09 पी एम अभिजित मुहूर्त 11:55 ए एम से 12:52 पी एम दुर्मुहूर्त 05:34 पी एम से 06:31 पी एम अमृत काल 02:19 पी एम से 03:58 पी एम वर्ज्य 05:02 ए एम, जून 16 से 06:39 ए एम, जून 16

## महानता तो तभी है जब इंसान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शांत रहे

इन्सान का यह भ्रम है कि मैं यदि जंगलों वीरानों में जाकर डेरे लगा लूं, परिवार से नाता तोड़ लूं, तो सबसे छुटकारा प्राप्त करके, मैं शान्त हो जाऊंगा। यहां तो मुझे क्रोध भी आता है, यहां तो लालच भी आ जाता है, चहां तो और कइ विकार भी हावी हो जाती हैं, तो वहां सभी से छुटकारा मिल जाएगा। लेकिन यह ठीक नहीं। क्योंकि किसी महात्मा ने गृह त्याग का मार्ग नहीं बतलाया। हां गृहस्थ में रहते हुए भी आसक्ति का त्याग जरुर होना चाहिए।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

गुरु साहिब अपने प्रचार यात्रा करते हुए जंगलों से गुजर रहे थे। वहां एक इंसान आंखे बन्द करके समाधि लगाए बैठा हुआ था। महात्मा उसके पास गये। जब वह समाधि से बाहर आया, आंखें खोली तो उससे पूछा कि 'आप यहां पर क्या कर रहे हैं?' वह कहने लगा कि 'मैं यहां प्रभु प्राप्ति के लिए सभी बंधनों को छोड़कर आया हूँ। जब मैं परिवार में था, तो सब विकार मुझे सताते थे। अब न मुझे लालच है, न क्रोध है। कुछ भी तो नहीं, अब मैं बहुत शांत हूँ'। महापुरुष ने समझया कि 'यह कोई महानता नहीं। महानता तो तभी है जब इंसान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शांत रहे। यह तो कोई भक्ति नहीं, बहादुरी नहीं।' वह कहने लगा कि नहीं, मैंने अपना सही अनुभव बतलाया है। इतनी देर से उसने फिर आँखें बन्द कर लीं, समाधि में चला गया। जो महात्मा उसे समझा रहे थे, उन्होंने उसके आगे से लोटा उठाकर थोड़ी दूर पेड़ के नीचे रख दिया। जब वह समाधि से बाहर आया, आँखें खोली तो क्या देखा कि सामने जो लोटा था, वह नहीं। उसी वक्त गाली-गलोच शुरु हो गई। कहने लगा कि जिसने मेरा लोटा चुराया है, उसका सर्वनाश हो जाए, उसका कुछ न रहे। जितना कह सकता था, कह दिया। तब महात्मा ने मुस्कुरा कर कहा कि अभी थोड़ी देर पहले तू कह रहा थाकि मेरा क्रोध समाप्त हो गया है, लेकिन एक लोटा ही आंखों से ओझल होने पर तुझे इतना क्रोध आ गया है। तू निरलेप कहां हुआ है? वास्तव में महानता उसी की है, जो सभी कर्मो को निभाता हुआ, निरलेप अवस्था में रहता है। जैसे कमल का फूल पानी में रहता है, जल में रहता है। जल में रहकर भी उस ज से न्यारा रहता है, उसकी निरलेप अवस्था रहती है। कोइ समझाने के लिए कहे कि कमल के फूल को अगर निरलेप रहना है, तो उसे उठाकर किसी कमरे में बन्द कर दीजिए, किसी खास स्थान पर रख दीजिए। तब वह खुद पानी से निरलेप हो जायेगा। अगर पानी ही नहीं है, तो निरलेप किससे होगा? उसके निरलेप रहने की परख तो तभी होगी जब वह पानी में रहकर निरलेप रहकर दिखाएगा। वह पानी में मौजूद रहे, तभी तो मालूम पड़े कि वह कितना निरलेप रह सकता है? इसी तरह भक्तों की, महापुरुषों की भावना रही है। भक्त इसी समाज में रहे हैं और अपने फर्जों को निरलेप रहकर निभाते रहे हैं। वे चाहे किसी युग में सेसार में आये, उन्होंने कर्मों से मुख नहीं मोड़ा। वे अपने परिवार में रहे और हर प्रकार के कर्तव्यों की पालना की और यह सब कुछ करते हुए भी उनकी निरलेप अवस्था बनी रही।

एक राजा और रानी थे। दोनों को ध्यान आया कि माया को छोड़कर कहीं चले जायें। दोनों चल दिए तो रास्ते में राजा की नज़र एक सोने के टुकड़े पर पड़ी। ज्यों ही सने सोने का टुकड़ा देखा, फटाफट मिट्टी उठाकरउसके ऊपर डाल दी, ताकि वह सोने का डुकड़ा दिखाई न दे। रानी ने उसे मिट्टी डालते हुए देख लिया। उसने पुछा कि यहां आप क्या कर रहे थे? राजा बोला, यहां पर एक सोने का टुकड़ा पड़ा था, मैंने सोचा

# आचार्य भिक्षु 300 साल जंयती पर मैं जरूर शामिल रहूंगा: कटारिया

## राजभवन से सहज की कदम अणुव्रत की तरफ बढ़ चले: महामहिम

पंजाब राज्यपाल ने मनीषसंत से लिया आर्शीवाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 14 जून।** पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया सहज ही मनीषीसंतमुनिश्रीवियकुमारजीआलोक से अणुव्रत भवन सैक्टर-24 सी तुलसीसभागार मे दर्शन लाभ लेने के लिए पहुंच गये। इस दौरान महामहिम ने कहा मनीषीसंत का तप और त्याग इतना है कि आज सहज की पंजाब राजभवन से मेरे कदम अणुव्रत भवन की तरफ बढ चले। संतो का सानिध्य और आर्शीवाद मिलना बहुत बडा ÷अहो भाग्य होता है ये विरले विरले के नसीब मे आता है।

इस दौरान मनीषीसंत से आर्शीवादो लेने वाले श्रावक श्रावको का अणुव्रत भवन पर तांता लग गया। कार्यक्रम मे अभय मुनि जी, डा. अशोक गोयल,सलील जैन, सतेंद्र शर्मा, अमन जी, सुम्मति जैन आदि के अलावा काफी संख्या मे श्रावको ने हिस्सा लिया।

महामहिम ने मनीषीसंत से कई अहम मुद्दो पर लंबी वार्तालाप की और 8 जुलाई को आचार्य भिक्षु की 300वीं जन्म जंयती पर मैं जरूर पहूंचूगा। श्री महामहिम ने कहा आचार्य भिक्षु की अहिंसा सार्वभौमिक क्षमता पर आधारित थी। आचार्य भिक्षु ने अपने मौलिक चिंतन के आधार पर नये मूल्यों की स्थापना की। हिंसा व दान-दया संबंधी उनकी व्याख्या सर्वथा वैज्ञानिक कही जा सकती है। उनकी प्रेरणा से तेरापंथ धर्मसंघ एक आचार्य, एक विचार, एक संघ% की मर्यादा में दृढ़, शुद्ध और संगठित जीवन की मिसाल बना है। यह आयोजन न केवल एक संत की जयंती है, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण और नैतिक उत्थान का एक ऐतिहासिक अवसर भी है।

श्री महामहिम ने कहा आचार्य भिक्षु जी का जीवन-दर्शन केवल जैन धर्म की सीमाओं तक सीमित नहीं, अपितु सार्वभौमिक जीवन-मूल्यों का साक्षात स्यरूप है। उन्होंने कहा था ÷सत्य पर अडिग रहो, पर अहंकार से नहीं, विनय से। उनका विश्वास था कि धर्म वह है जो आत्मा को शुद्ध करे और समाज को अनुशासित बनाए। संयम, साधना, सेवा और संगठन- इन चार आधारों पर खड़ा उनका चिंतन आज भी मार्गदर्शक प्रकाश-स्तंभ के रूप में प्रज्वलित है।

इस दौरान मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमारजीआलोक ने कहा संस्कारों में कमी का ही नतीजा है कि समाज में एकल परिवारों की संख्या बढ़ रही है और संयुक्त परिवारों का चलन कम हो रहा है। बच्चे अपने दादा-दादी, चाचा-चाची व भाई-बहन तक को भी पराया मानने लगे हैं। हालांकि एक स्वस्थ समाज के लिए बच्चे का ऐसा व्यवहार बिल्कुल भी जायज नहीं है। एक अभिभावक होने के नाते आपका फर्ज बनता है कि आप रोजाना अपने बच्चे को कम से कम एक घंटा दें, जिसमें उसे संस्कारों के बारे में बताएं। उन्हें यह बताएं कि किस तरह हमें सिर्फ घर में ही नहीं बल्कि बाहर भी लोगों के साथ अच्छा व्यवहार रखें।

मनीषीसंत ने आगे कहा वह माता-पिता शत्रु के समान हैं जिन्होंने अपने बच्चे को संस्कारों की शिक्षा नहीं दी. समाज की वर्तमान परिस्थिति ऐसी है कि बच्चे का लगाव सिर्फ अपने माता-पिता तक ही सीमित रह गया है. उसके आगे-पीछे वे किसी और को नहीं पहचानते यहां तक की अपने दादा-दादी के साथ भी उनका लगाव नहीं रहता है. एकमात्र अभिभावक की कमजोरी और संस्कारों में कमी के कारण ही बच्चे ऐसे होते हैं. अभिभावक का फर्ज बनता है कि वो बच्चे में शुरुआती दौर से ही ऐसे संस्कार दें जिससे उनमें दादा-दादी के प्रति भी अपनापन का भाव रहे।








# संसदीय कार्य मंत्री ने लखनऊ नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई कार्यो का कियाऔचक निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/ विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज प्रातः लखनऊ नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे साफ सफाई कार्यो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे नगर निगम क्षेत्र के दो जोनों के चार वार्डो में गए। मंत्री जी सफाई व्यवस्था को लेकर काफी नाराज दिखे और जिम्मेदार लोगों को फटकार लगाई। उन्होंने जोनल अधिकारी, सफाई निरीक्षक सहित क्षेत्र के संबंधित सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मियों का वेतन काटने का निर्देश दिया।

प्रभारी मंत्री ने जोन एक के रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के अमीनाबाद में घंटाघर पार्क, जोन 3 में डालीगंज निराला नगर वार्ड, अयोध्या दास द्वितीय वार्ड एवं फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री को सभी वार्डो में सफाई कार्य में लापरवाही दिखी, विशेष कर नालियों की सफाई। अधिकांश क्षेत्रों में नालियों में जल जमाव की स्थिति थी। उन्होंने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाएं।



प्रभारी मंत्री ने अमीनाबाद में घंटाघर वाले पार्क में कूड़े का ढेर देखकर नाराजगी जाहिर की उन्होंने निर्देश दिया कि पार्क की जमीन पर वृक्षारोपण और इसका सौंदरीकरण कराया जाए। इस क्षेत्र में उन्होंने एक सीसी रोड के निर्माण के भी निर्देश दिए। यहां पर बन रही पानी की टंकी के संबंध में उन्होंने जानकारी ली और निर्देश दिया कि जल निगम के साथ समन्वय बनाकर इसके निर्माण में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि लखनऊ का अमीनाबाद क्षेत्र पूरे देश में प्रसिद्ध है। उन्होंने अतिक्रमण एवं रोड पर कूड़ा जमाव को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया। उन्होंने जोनल अधिकारी से लेकर सफाईकर्मी तक सभी जिम्मेदार कार्मिकों के एक-एक दिन के वेतन काटने के निर्देश दिये।

सुरेश कुमार खन्ना को निरीक्षण के दौरान डालीगंज निराला नगर वार्ड के स्थानीय लोगों ने बताया कि कूड़े की गाड़ी कभी-कभी आती है। यद्यपि डोर-टू-डोर कलेक्शन का कार्य हो रहा है। पीने के पानी की व्यवस्था ठीक नहीं है। नालियों की सफाई काफी दिनों से नहीं हुई थी। उन्होंने जोनल अधिकारी एवं अन्य सफाई से संबंधित सभी लोगों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। इस क्षेत्र में 90 सफाई कर्मी कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह सभी लोग ईमानदारी से कार्य करें तो यहां पर कोई दिक्कत नहीं होगी।

इसके उपरांत मंत्री जी अयोध्या दास वार्ड पहुंचे जहां पर गंदगी एवं चोक नालियों को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने यहां के जोनल अधिकारी सफाई निरीक्षक एवं अन्य संबंधित सफाई कर्मियों का एक-एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की सफाई व्यवस्था के कार्य से जुड़े सभी जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करें।

अंत में प्रभारी मंत्री फैजुल्लागंज वार्ड पहुंचे जहां पर उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर अत्यंत असंतुष्ट हुए। उन्होंने जोनल अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक को फटकार लगाई। इस क्षेत्र में 75 सफाई कर्मी कार्यरत हैं। इस क्षेत्र के जोनल अधिकारी से लेकर सफाई कर्मी तक जितने लोग सफाई कार्य से जुड़े हुए हैं सभी का दो-दो दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जोनल अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक नियमित क्षेत्र का भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी करें एवं उसे दुरुस्त कराएं। लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करें। नियमित परिवीक्षण से बेहतर परिणाम मिलते हैं।

## आईटीबीपी के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को हरी झंडी दिखाकर सीएम धामी ने किया रवाना

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। विमान दुर्घटना में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आईटीबीपी के वीर जवानों, अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल साहस और संकल्प का प्रतीक है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी का 45 सदस्यीय दल इस अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड से हिमाचल प्रदेश होते हुए लद्दाख तक लगभग 1032 किलोमीटर की कठिन यात्रा करेगा। यह अभियान न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी सुनिश्चित करेगा, बल्कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान तथा स्थानीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

## वाईएस जगन के पोडिली दौरे के दौरान हिंसा के लिए टीडीपी की निंदा की

अर्थ प्रकाश/ बोम्बा रेड्डी

**पोदीली (आंध्र प्रदेश)।** ओंगोल जिला के प्रकाशम जिले में तंबाकू उगने वाले किसानों से भेंट करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री व्यास जगनमोहन रेड्डी पहुंच रहे थे जिनकी यात्रा में अवरोध उत्पन्न करने के लिए सामाजिक तत्वों द्वारा काफी दिक्कत किया गया इस स्थिति को देखकर उसे क्षेत्र के आसपास के लगभग 10-15 गांव के सभी लोग वाईएस जगनमोहन रेड्डी के समर्थन में आकर उनकी यात्रा को सफल बनाया इसके अलावा तंबाकू किसानो की शोषण सत्ता से जुड़े लोगों का व्यापरीकरण बढ़ावा देने किस को हानि पहुंचाने की स्थिति समझ में आ रही है उसे स्थिति से निपटने के लिए जगन ने केंद्र सरकार को भी आगाह किया वरना इस बहुत बड़ा आंदोलन का रूप देने की तैयारी में है

वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के पोडिली दौरे के दौरान हिंसा की साजिश रचने के लिए तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) की कड़ी निंदा की है। वाईएसआरसीपी जिला कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए, दारसी विधायक बूचेपल्ली शिवप्रसाद रेड्डी, पूर्व विधायक अन्ना रामबाबू और ओंगोल निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी चुंडूरी रवि ने टीडीपी पर वाईएस जगन के काफिले पर पत्थर फेंकने के लिए बदमाशों को काम पर रखने का आरोप लगाया, जिसका उद्देश्य अराजकता पैदा करना और तंबाकू किसानों तक उनकी पहुंच को बाधित करना था।

नेताओं ने जोर देकर कहा कि यह टीडीपी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार द्वारा वाईएस जगन को जनता, विशेष रूप से किसानों से जुड़ने से रोकने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास था, जो उचित तंबाकू खरीद मूल्य सुनिश्चित करने में सरकार की विफलता के कारण संकट का सामना कर रहे हैं।

वाईएसआरसीपी नेताओं ने सवाल उठाया कि कैसे विघटनकारी तत्व वाईएस जगन जैसे जेड-प्लस श्रेणी के नेता की सुरक्षा में सेंध लगा सकते हैं, जो अधिकारियों की सोची-समझी विफलता का संकेत है। बूचेपल्ली शिवप्रसाद रेड्डी ने कहा, ÷टीडीपी का एकमात्र एजेंडा वाईएस जगन को लोगों तक पहुंचने से रोकना है। उकसावे के बावजूद, वे किसानों के लिए निडरता से खड़े रहे और हमारे कार्यकर्ताओं ने उल्लेखनीय संयम दिखाया।

# पूर्व मुख्यमंत्री की पोदिली यात्रा में सुरक्षा चूक सोची-समझी साजिश है : महेश रेड्डी

अर्थप्रकाश/ बोम्बा रेड्डी

**ताडेपल्ली (आंध्र प्रदेश)।** पूर्व मुख्यमंत्री कासु ब्रह्मानंद रेड्डी के पुत्र एवं विधायक कासु महेश रेड्डी ने पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की तंबाकू उत्पादक किसानों से मिलने जब प्रकासम जिला के पोदिली क्षेत्रीय यात्रा के दौरान जानबूझ कर सुरक्षा में चूक करने के लिए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही जानबूझकर की गई थी, नायडू ने गुटबाजी की मानसिकता को बढ़ावा दिया और वाईएस जगन की आम जनता व किसानों से मिलने के लिएजा रहे थे जनता से पहुंच को कमजोर करने की योजना पूर्वक साजिश रची गई कहा ।

रेड्डी ने सुरक्षा व्यवस्था में भारी असमानता को उजागर करते हुए कहा, ÷वाईएस जगन मोहन रेड्डी को जैसे ÷ जेड-प्लस श्रेणी ÷ के नेता को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने से सरकार का इनकार,करना ठीक इसके विपरीत जबकि 40 प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा के लिए 200 पुलिस कर्मियों को तैनात करवाना, चंद्रबाबू के दुर्भावनापूर्ण इरादे



को उजागर करता है कहा इस तरह के सारे हरकतों को केंद्रीय गृह मंत्रालय और राष्ट्रपति को भी शिकायत करेंगे कहा। महेश रेड्डी ने जोर देकर कहा कि जगन की यात्रा में हजारों किसान, महिलाएं और युवा शामिल हुए, जो अपनी शिकायतें व्यक्त करने के लिए स्वेच्छा से एकत्र हुए, जिससे पोडिली में जनता का समर्थन उमड़ पड़ा। उन्होंने पुलिस पर ÷मात्र दर्शक÷ बने रहने का आरोप लगाया, जबकि तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) द्वारा समर्थित विघटनकारी तत्वों ने जगन के काफिले के ऊपर अनेक पत्थर फेंकने वालेबताना किया गया था। .

रेड्डी ने आरोप लगाया, चंद्रबाबू का प्रशासन जगनमोहन रेड्डी द्वारा द्वारा आम जनता समस्याओं से जूझ रहे लोगों के मुद्दे उठाने को बर्दाश्त नहीं करता है कहा। तंबाकू किसानों की चिंताओं को दूर करने के बजाय, सरकार तुच्छ राजनीति और भड़काऊ रणनीति का सहारा लेती है। उन्होंने टीडीपी पर महिलाओं को विरोध प्रदर्शन करने और अशांति पैदा करने के लिए ढाल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप भी लगाया। महेश रेड्डी ने लोगों के प्रति जगन की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा, ÷चाहे सत्ता में हों या नहीं, वाईएस जगन न्याय के लिए लड़ते हुए जनता के साथ मजबूती से खड़े हैं।÷ उन्होंने जगन के नेतृत्व की तुलना नायडू के शासन निकृष्ट राजनीति घटिया श्रेणी का सोच से की है और कहा कि वाईएसआरसीपी शासन के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने वाली चेयुथा, आसरा ,और कापू नेस्थम, जैसी योजनाएं ,नायडू के पदभार संभालने के बाद से रोक दी गई हैं।

द्रबाबू नायडू की बीजेपी जनसेना गठबंधन सरकार अपने चुनावी घोषणा के अनुसार ÷सुपर सिक्स÷ वादों को लागू करने में पूर्ण विफलता की भी आलोचना की और कहा कि राज्य ने एक भी योजना को पूरा किए बिना 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लिया है। उन्होंने कहा, ÷किसानों के लिए जगन की वकालत के बाद ही सरकार ने जल्दबाजी में थल्ली की वंदनम, योजना की घोषणा किया गया, फिर भी यह महिलाओं को धोखा देते हुए 20 लाख बच्चों को इसके लाभ से वंचित करने की योजना बना रही है।÷ महेश ने चेतावनी दी कि वाईएसआरसीपी साजिशों या बदनामी अभियानों से नहीं रुकेगी। उन्होंने कहा, ÷राजनीतिक खेलों के लिए अपने कार्यकर्ताओं की जान जोखिम में डालने सहित चंद्रबाबू की रणनीति उनकी हताशा को दर्शाती है।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला में रक्तदान शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 14 जून।** माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर संजीव शर्मा के मार्गदर्शन में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला, होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, न्यू चंडीगढ़ के सहयोग से, 14 जून 2025 (शनिवार) को अपने परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 3ः00 बजे तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयकर अयुक्त श्री अमनदीप सिंह, कुलपति महोदय प्रोफेसर संजीव शर्मा, डीन इंचार्ज प्रोफेसर सतीश गन्धर्व, डीएमएस समन्वयक डॉ गौरव गर्ग, प्रोफेसर प्रहलाद रघु, अधिकारी, एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में एवं नागरिकों को इस नेक कार्य के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने रक्तदान का महत्व समझाते हुए रक्त से जरूरतमन्द रोगियों को मिलने वाले जीवनदान के बारे में बात की। जिन्होंने नियमित रूप से रक्तदान करने के महत्व पर जोर दिया, खासकर कैंसर के उपचार, सर्जरी या आपात स्थिति का सामना कर रहे रोगियों के लिए। होमी भाभा कैंसर अस्पताल के चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ हरमनजीत सिंह एवं उनकी टीम ने रक्त संग्रह प्रक्रिया की। रक्तदाताओ के लिए रिफ्रेशमेंट एवं सर्टिफिकेट की व्यवस्था विश्वास फाउंडेशन से श्री मोहित विश्वास एवं इनकी टीम द्वारा की गयी। इस शिविर में लगभग 46 यूनिट रक्तदान हुआ एवं शिविर का समन्वयक डॉ अंकिता नेगी ने किया।

आयोजक संस्थाएँ सभी नागरिकों, छात्रों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस नेक काम में सक्रिय रूप से भाग लेने और योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है। जैसा कि अभियान का संदेश हमें याद दिलाता है - हर बूँद मायने रखती है। जीवन रक्षक बनें!






## अमेरिका में 2 सांसदों को घर में घुसकर गोली मारी

मिनेसोटा। अमेरिका के मिनेसोटा के दो डेमोक्रेटिक सांसदों को उनके घरों में गोली मार दी गई। पहली घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट रिप्रेजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क की मौत हो गई है। दूसरी घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी येवेट को कई गोलियां मारी गई हैं। दोनों घायल हैं। दोनों की सर्जरी हुई है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि वे बच जाएंगे। यह जानकारी मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने दी है। उन्होंने कहा कि यह हमला राजनीतिक वजह से किया गया लगता है। वाल्ज ने कहा कि पुलिस को मिनियापोलिस के पास के दो इलाकों- चैम्पलिन और ब्रुकलिन पार्क में गोलीबारी की सूचना मिली थी। हम मामले को गंभीरता ले रहे हैं।




# सीएम ने साल पहले पंचकूला को मवेशी मुक्त शहर बनाने का वादा किया, निगम हाई कोर्ट के आदेश भी भूला

सीनियर सिटीजंस एसोसिएशन ने सीएम समेत यूएलबी मंत्री, निगम कमिश्नर को पत्र लिखकर आवारा मवेशियों और कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 14 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछले वर्ष पंचकूला आगमन पर घोषणा की थी कि पूरे पंचकूला समेत हरियाणा में 3 महीने के भीतर आवारा पशुओं को हटा दिया जाएगा, लेकिन ऐसा लगता है कि पंचकूला को आवारा पशु मुक्त बनाने के लिए न तो नगर निगम (एमसी) और न ही स्थानीय प्रशासन या हरियाणा सरकार द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई शुरू की गई है।

आवारा पशु या कुत्ते शहर की पूरी सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । सुबह और शाम के समय ये पशु खुलेआम घूमते रहते हैं, क्योंकि डेयरी-मालिक उन्हें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चारा लेने के लिए छोड़ देते हैं, लेकिन इसके बजाय आम लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। गौरतलब है कि साल 2023 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने ट्राई-सिटी (चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली) को अपने तरीके से लोगों की सुरक्षा और बचाव के लिए निवारक कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं लेकिन अभी तक किसी भी प्राधिकरण द्वारा इन निर्देशों पर लोगों की सुरक्षा के लिए कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है। चाहे वह नगरनिगम हो या स्थानीय प्रशासन के कदम। यह मामला पहले ही नगरनिगम के संज्ञान में लाया जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## मुख्यमंत्री को एसडब्ल्यूए ने पत्र लिखा

सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ऐस के नैय्यर, सचिव के आर कोली, प्रेस–सचिव तरसेम गर्ग, महासचिव सुनील जैन और नागरिक कल्याण संघ के अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री, यूएलबी मंत्री विपुल गुप्ता, मंत्री यूएलबी, पूर्व स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, पंचकूला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता, स्थानीय निकाय निदेशक; महापौर कुलभूषण गोयल और एमसी कमिश्नर  अपारजिता निगम–आयुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया है कि बड़े सार्वजनिक हित में मानव जीवन को बचाने के लिए और जल्द से जल्द इस तरह की दुर्घटनाओं या अन्य प्रभावों से बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए। यह खेदजनक स्थिति है कि  उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार आवश्यक निवारक कार्रवाई करने के निर्देशों पर पंचकूला की सड़कों से आवारा–मवेशियों और कुत्तों को हटाने के लिए किसी भी एजेंसी ने अबतक कोई पहल नहीं की है। यह भी अनुरोध किया जाता है कि डेयरी मालिकों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं कि वे अपने मवेशियों को शहरी क्षेत्रों में खुला न छोड़ें, अन्यथा अधिकारियों द्वारा पकड़े जाने पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए या जैसा कि सरकार तय करे।

# वीकेंड पर देररात 2 बजे तक क्लबों में चला पार्टी का दौर, साल बाद क्लब खुले तो युवाओं का उमड़ा सैलाब

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 14 जून।** हरियाणा सरकार की सख्त हिदायतों के साथ एक साल बाद पंचकूला में शुक्रवार को सभी क्लब खुल देररात तक खोले गए। पहले ही दिन इनमें से अधिकतर क्लब रात 1 बजे फुल हो गए। कई क्लबों के बाहर सोल्ड आउट के बोर्ड तक लगा दिए गए। पूरे ट्राइसिटी के युवाओं के रश से पंचकूला के सेक्टर 5 में जाम के हालात पैदा हो गए, जिसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही पंचकूला के काफी सेक्टरों में नाके की। क्लबों के देर रात तक खुलते ही पुलिस प्रशासन गंभीर दिखाई दिया। पिछले साल क्लबों में हुक्का परोसे जाने के दर्जनों मामले सामने आने के बाद सरकार ने क्लबों के देररात तक संचालन पर रोक लगा दी थी। इस वीकेंड पर प्रतिबंध हटते ही क्लबों में युवाओं का सैलाब उमड़ गया।

एसीपी सुरिंदर डोडी ने सेक्टर 5 के मोब क्लब, बुरेगा, तहिती, आर्मीनिया, मकाबी, रोजाना, पर्पल फ्रॉग, कोकून व डिरोमा क्लब की चैकिंग की गई। सभी क्लब के मालिकों मैनेजर और बाउंसरो को एसीपी सुरिंदर डोडी ने सख्त हिदायत दी कि आपके क्लब में किसी तरह का हुक्का का सेवन करवाया तो सख्त से सख्त करवाई होगी।

उधर, सुरक्षा को पुख्ता करने और पुलिस की मौजूदगी ने किसी को भी मनमानी नहीं करने दी। खुद एसीपी सुरिंदर डोडी कई किलोमीटर पैदल चलकर क्लबों का दौरा करते नजर आए। पहले सेक्टर 5 के बुरेगा फिर आर्मीनिया, उसके बाद पैदल ही मोब तो उसके बाद डिरोमा से होते हुए तहिती गए। और क्लब के बाउंसरों से बात की।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले क्लबों के संचालकोंके साथ पुलिस अधिकारियों की हुई एक संयुक्त बैठक में हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों को लेकर निर्देश भी जारी किए गए थे। हालांकि इन निर्देशों का पहले वीकेंड पर असर देखने को मिला।

एसीपी सुरिंदर डोडी और सेक्टर 5 थाना के एसएचओ रूपेश चौधरी अपनी अपनी टीमों के साथ क्लबों की एंट्रेंस पर पहुंचे और बाउंसरों को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे तुरंत सूचना साझा करने को कहा। सेक्टर 10 चौकी इंचार्ज गुरपाल सिंह खुद सभी क्लब की चेकिंग करते दिखे। एसीपी को क्लब के सभी मैनजरों और मालिकों ने पूरा भरोसा दिलाया कि हमारी तरफ से कानून की पूरी तरह से पालना होगी। और सभी तरह के नियम का पालन किया जाएगा।

## दो दिवसीय अखिल भारतीय महापौर परिषद सम्मेलन आज से

**पंचकूला (अप्रस/आदित्य शर्मा)।** पंचकूला में रविवार से दो दिवसीय अखिल भारतीय महापौर परिषद सम्मेलन होने जा रहा है। 15 और 16 जून को होने वाले सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसमें देशभर से आए महापौर विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर अपने विचार साझा करेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने किया है। कुलभूषण गोयल ने बताया कि अखिल भारतीय महापौर सम्मेलन में 50 महापौर भाग लेने आ रहे हैं, जिसमें कर्नाटक, केरल, अरुणाचल प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली से लोग पहुंच रहे हैं। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारियां कर ली गई हैं। 15 जून को हरियाणा के महापौरों की बैठक होगी, जिसमें हरियाणा के सभी 11 महापौर भाग लेंगे। इसमें विस्तृत चर्चा होगी। दोपहर के भोजन के बाद सभी महापौरों को चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने रॉक गार्डन आने का निमंत्रण दिया है। इन सभी को माता मनसा देवी मंदिर भी ले जाया जाएगा। 15 जून की रात को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय इन सभी महापौरों के साथ चौखी ढाणी में रात्रि भोजन करेंगे और चर्चा भी होगी। 16 जून को सभी महापौर एक पे? मां के नाम लगाएंगे। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे और सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा मौजूद रहेंगी। 16 जून को ही मेयर देशभर के अलग-अलग शहरों में चल रही विकास परियोजनाओं के बारे में अपने विचार रखेंगे। शहरों को साफ-सुथरा रखने के लिए क्या-क्या तकनीक अपनाई जा रही है, इस पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लंच के बाद ओपन हाउस मीटिंग होगी, जिसमें कोई भी मेयर अपने विचार रख सकता है।

## तुम जियो हजारों साल



स्वपनिका को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)